हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

रांची, रविवार, 29 जून, 2025 | वर्ष : 13 | अंक : 40 | मूल्य : 3 रुपए

www.koylanchalsamvad.com

YouTube Subscribe
Koylanchal samvad news

जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज का जन्म शताब्दी समारोहः पीएम मोदी... | चुनाव आयोग के जरिए एनआरसी लागू? | अगले हफ्ते शेयर मार्केट में बरसेगा पैसा, 36 कंपनियां...

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में 1 जुलाई से 15 साल पुराने पेट्रोल एवं 10 साल पुराने डीजल वाहन पर प्रतिबंध

**- चारपहिया वाहनों पर 10,000 और दोपहिया पर 5,000 का जुर्माना वसूला जाएगा**



नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली में 1 जुलाई से 10 साल से पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहन पेट्रोल पंपों या सड़क पर दिखे तो उन पर सख्त कार्रवाई होगी। ऐसे वाहनों को उन्हें जब्त कर लिया जाएगा और वाहन मालिकों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक चारपहिया वाहनों पर 10,000 और दोपहिया वाहनों पर 5,000 का जुर्माना वसूला जाएगा। यह कार्रवाई उन सभी वाहनों पर लागू होगी, भले ही वे देश के किसी भी राज्य में पंजीकृत हों। केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने इससे पहले स्पष्ट निर्देश दिए थे कि 1 जुलाई से दिल्ली में इन पुराने वाहनों को ईंधन नहीं मिलेगा। यह कदम प्रदूषण पर नियंत्रण के प्रयासों के तहत उठाया जा रहा है। अब दिल्ली में वैधता खत्म हो चुके वाहन पेट्रोल पंपों पर ईंधन नहीं भरवा सकेंगे। राजधानी के करीब 500 फ्यूल स्टेशनों पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे लगाए गए हैं, जो इन वाहनों की पहचान करेंगे। जब कोई वाहन पेट्रोल पंप में प्रवेश करेगा, तो यह खास कैमरा उसकी नंबर प्लेट को स्कैन करेगा। इसके बाद यह नंबर तुरंत केंद्रीय 'वाहन' डेटाबेस से मिलाया जाएगा। इस प्रक्रिया से वाहन की उम्र, ईंधन प्रकार और रजिस्ट्रेशन जैसी जानकारी सामने आ जाएगी। यदि पता चलता है कि वाहन ईओएल श्रेणी में है, तो सिस्टम उसे तुरंत फ्लैग कर देगा।

### सीएनजी और पीएनजी की घट सकती है कीमतें , 2-3 दिन में लिया जा सकता है फैसला

नई दिल्ली (ईएमएस)। देशभर के सीएनजी और पीएनजी उपभोक्ताओं को अगले दो-तीन दिन में राहत भरा समाचार मिल सकता है। बताया गया है कि अब गैस की कीमतें आपकी लोकेशन या गैस सोर्स से दूरी पर निर्भर नहीं करेंगी। पेट्रोलियम और नैचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने नए यूनिफाइड टैरिफ फ्रेमवर्क को मंजूरी दे दी है, जिससे अब देश के अधिकतर हिस्सों में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की कीमतें घट सकती हैं। यूनिफाइड टैरिफ सिस्टम यानी अब तक देश को तीन टैरिफ जोन में बांटकर उपभोक्ताओं से अलग-अलग दरों पर शुल्क लिया जाता था। जो उपभोक्ता गैस ट्रांसपोर्ट नेटवर्क से ज्यादा दूर रहते थे, उन्हें ज्यादा पैसे चुकाने पड़ते थे। लेकिन अब इस ढांचे को तीन से घटाकर दो जोन में बदलने की तैयारी है, जिससे दूर-दराज के इलाकों में रहने वालों को ज्यादा राहत मिलने की उम्मीद है। नई व्यवस्था में एक ही जोन के सभी उपभोक्ताओं को एक समान टैरिफ देना होगा, चाहे वो गैस स्टेशन के पास हों या दूर। इससे सीएनजी व पीएनजी की दरों में एकरूपता आएगी और ट्रांसपोर्ट दूरी पर आधारित महंगे शुल्क से मुक्ति मिलेगी। सूत्रों के मुताबिक, आने वाले 2-3 दिनों में इस प्रस्ताव को लेकर आधिकारिक घोषणा हो सकती है।

### आईपीएस पराग जैन रॉ चीफ बनेः1 जुलाई से चार्ज संभालेंगे, दो साल का कार्यकाल रहेगा

**नई दिल्लीः** भारत सरकार ने 1989 बैच के पंजाब कैडर के आईपीएस पराग जैन को देश की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया चीफ नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल दो साल का होगा। वे रवि सिन्हा की जगह लेंगे, जो 30 जून को रिटायर हो रहे हैं। पराग लंबे से रॉ से जुड़े हैं। उन्होंने रॉ के पूर्व प्रमुख सामंत गोयल के साथ मिलकर काम किया है। वे पाकिस्तान डेस्क को संभाल रहे हैं। उन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाने और बालाकोट एयरस्ट्राइक जैसे अहम मिशन पर काम किया है। पराग एविएशन रिसर्च सेंटर के प्रमुख भी हैं, जहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी शिविरों की पहचान में अहम भूमिका निभाई थी। पराग जैन एसएसपी चंडीगढ़ और डीआईजी लुधियाना के पद पर भी रहे हैं। पंजाब में ड्यूटी के दौरान उन्होंने आतंकवाद विरोधी कई ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**झारखंड में 2 जुलाई तक भारी वर्षा की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट**

## बांग्लादेश व बंगाल के तटवर्ती इलाकों में बना लो प्रेशर एरिया, झारखंड में होगी भारी बारिश

**रांचीः** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा है कि राजस्थान के जेसलमेर, बीकानेर, झुंझुनूं, भरतपुर, रामपुर, सोनीपत और अनूप नगर से मानसून गुजर रहा है. दक्षिण-पश्चिम बांग्लादेश और उससे सटे पश्चिम बंगाल में एक चक्रवात बना हुआ है. समुद्रतल से 7.6 किलोमीटर ऊपर बना यह चक्रवात दक्षिण-पश्चिमकी ओर बढ़ रहा है. इसकी वजह से बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तटवर्ती इलाके में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है. 48 घंटे में यह धीरे-धीरे पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड की ओर बढ़ेगा. मौसम विभाग ने 5 दिनों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने स्पेशल बुलेटिन जारी कर चेतावनी दी है. इसमें 28 जून, 29 जून, 30 जून, 1 जुलाई और 2 जुलाई के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है. वहीं, 29 जून, 30 जून और 1 जुलाई के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है.



**झारखंड पर मेहरबान मानसून, अब तक 306.5 मिलीमीटर हुई बारिश, सामान्य से 80% ज्यादा**

झारखंड पर मानसून मेहरबान है. 1 जून 2025 से 27 जून 2025 के बीच राज्य में 306.5 मिलीमीटर वर्षा हुई है. यह सामान्य से 80 फीसदी अधिक है. आमतौर पर मानसून के सीजन में इतने समय में 170.3 मिलीमीटर वर्षा को सामान्य वर्षा कहा जाता है. मानसून की सबसे अधिक बारिश 552.2 मिलीमीटर (सामान्य से 207 फीसदी अधिक) राजधानी रांची में हुई है. यह जानकारी भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची के हिनू रोड स्थित मौसम केंद्र ने दी है. मौसम केंद्र के आंकड़े बताते हैं कि रांची समेत झारखंड के 6 जिलों में 100 फीसदी से 207 फीसदी अधिक बारिश हुई है. सरायकेला खरसावां जिले में 438.6 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य से 132 फीसदी अधिक है.


### 29 जून को झारखंड के इन हिस्सों में होगी बारिश

मौसम केंद्र ने 29 जून के लिए जारी ऑरेंज अलर्ट में कहा है कि राजधानी रांची, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले में कुछ जगहों पर बहुत भारी वर्षा हो सकती है. वहीं, बोकारो, धनबाद, गुमला, हजारीबाग, रामगढ़, सिमडेगा, गढ़वा, पलामू, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा जिले में कहीं-कहीं भारी बारिश होगी. मौसम विभाग ने कहा है कि ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पश्चिमी बांग्लादेश और उससे सटे गांगेय पश्चिम बंगाल पर उसी क्षेत्र में बना हुआ है, जो कि समुद्र तल से 7.6 किलोमीटर ऊपर तक फैला था. इसके प्रभाव से अगले 48 घंटे के दौरान उत्तरी बंगाल की खाड़ी और उससे सटे तटीय बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है.

इसके बाद इसके धीरे-धीरे पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में गांगेय पश्चिम बंगाल, उत्तरी ओडिशा और झारखंड को पार करते हुए आगे बढ़ने की संभावना है. इस्ट-वेस्ट ट्रफ ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण (जो दक्षिण-पश्चिमी बांग्लादेश और उससे सटे गांगेय पश्चिम बंगाल पर है) से लेकर झारखंड, उत्तरी छत्तीसगढ़ होते हुए उत्तर पूर्वी मध्य प्रदेश तक समुद्र तल से 3.1 और 4.5 किलोमीटर के बीच फैली थी. मौसम विभाग ने कहा है कि ये परिस्थितियां दर्शाती हैं कि झारखंड में 28 जून से 2 जुलाई तक भारी से बहुत भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है. यह मौसमी गतिविधि उत्तरी बंगाल की खाड़ी में संभावित कम दबाव के क्षेत्र के निर्माण और उसके बाद इसके धीरे-धीरे पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में झारखंड की ओर बढ़ने के कारण होगी. इसके अलावा एक इस्ट-वेस्ट ट्रफ का झारखंड के ऊपर से गुजरना भी इस भारी वर्षा में योगदान देगा.

**मोदी ने स्पेस मिशन पर गए शुभांशु से बात की**

## भारतीय एस्ट्रोनॉट बोले- अंतरिक्ष से भारत भव्य दिखता है, रोज 16 सूर्योदय, 16 सूर्यास्त देखते हैं




**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक्सियम मिशन 4 पर गए भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला से वीडियो कॉल पर बातचीत की। प्राइम मिनिस्टर ऑफिस ने शनिवार शाम 5.49 बजे इस बातचीत का वीडियो जारी किया। दोनों के बीच 18 मिनट 25 सेकेंड बातचीत हुई। शुभांशु ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा- अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है। हम दिन में 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुभांशु शुक्ला से पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए हैं। क्या आपने अपने साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा कि हां साथियों के साथ बैठकर खाया। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु दो दिन पहले 26 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे हैं। वे 41 साल बाद स्पेस में जाने वाले भारतीय हैं। वे एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे सभी एस्ट्रोनॉट के साथ ISS के लिए रवाना हुए थे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी। ये मिशन तकनीकी खराबी और मौसमी दिक्कतों के कारण 6 बार टाला गया था।

### मिशन गगनयान को आगे बढ़ाने पर चर्चा

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'हमें मिशन गगनयान को आगे बढ़ाना है। हमें अपना खुद का स्पेस स्टेशन बनाना है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा पर उतरे। आपके अनुभव भविष्य के सभी मिशनों में अहम भूमिका निभाएंगे। मुझे विश्वास है कि आप अपने अनुभव के हर हिस्से को लगन से रिकॉर्ड कर रहे हैं।' शुभांशु शुक्ला ने यह भी बताया, 'जब हमने पहली बार भारत को देखा तो पाया कि भारत बहुत भव्य, बहुत बड़ा, नक्शे पर जो हम देखते हैं, उससे कहीं अधिक बड़ा दिखता है। जब हम पृथ्वी को बाहर से देखते हैं, तो ऐसा लगता है कि कोई सीमा मौजूद नहीं है। कोई राज्य मौजूद नहीं है और कोई देश मौजूद नहीं है। हम सभी मानवता का हिस्सा हैं और पृथ्वी हमारा एक घर है।

## भैरवी नदी में बहा पटना का युवक, तलाश जारी



रामगढ़ः प्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थल मां छिन्नमस्तिका मंदिर से सटे भैरवी नदी में हादसा हुआ है. बिहार की राजधानी पटना का एक युवक नहाने के दौरान तेज बहाव की चपेट में आ गया. इसके बाद देखते ही देखते वो भैरवी नदी में समा गया. स्थानीय दुकानदारों और लोगों द्वारा उसे खोजने का प्रयास किया गया लेकिन युवक का कुछ भी पता नहीं चला. रामगढ़ प्रशासन ने तेनुघाट से एनडीआरएफ की आठ सदस्य टीम को बुलाया. एनडीआरएफ की टीम ने करीब 5 घंटे तक भैरवी और दामोदर नदी में युवक की खोजबीन की लेकिन युवक का कुछ भी पता नहीं चला परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. परिजनों के मिली जानकारी के अनुसार रजरप्पा स्थित भैरवी नदी में नहाने के दौरान पानी के तेज बहाव की चपेट में शशि कुमार नामक युवक आ गया और देखते ही देखते हुआ नदी में समा गया. शशि कुमार अपने परिवार के संग बिहार की राजधानी पटना के अतवारपुर से रजरप्पा स्थित मां छिन्नमास्तिका मंदिर पूजा अर्चना के लिये पहुंचे थे. पूजा से पूर्व शशि कुमार स्नान करने भैरवी नदी पर गया था. जहां नहाने के दौरान वह पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गया और देखते ही देखते वह पानी में समा गया. स्थानीय लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक युवक का कोई पता नहीं लगा. इस घटना की जानकारी मिलने के बाद रजरप्पा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों से युवक को खोजने का प्रयास किया. लेकिन युवक का कोई पता नहीं चला जिला प्रशासन द्वारा बोकारो के तेनुघाट से एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया.

## शेफाली जरीवाला का निधनः पुलिस परिजन से पूछताछ कर रही; दावा- कार्डियक अरेस्ट से मौत

**मुंबई**। रीमेक सॉन्ग कांटा लगा गाने से मशहूर हुईं एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का 42 साल की उम्र में निधन हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 27 जून की रात उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मौत हो गई। अब इस मामले में मुंबई पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। शेफाली जरीवाला के घर पर फोरेंसिक टीम पहुंच चुकी है और सबूत जुटाए जा रहे हैं। वहीं, अंबोली पुलिस स्टेशन में घर की मेड और कुक से पूछताछ की गई है। परिजन के भी बयान लिए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, शेफाली को बेहोशी की हालत में उनके पति और एक्टर पराग त्यागी, के साथ तीन अन्य लोग शुक्रवार रात मुंबई के अंधेरी स्थित बेलेव्यू अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के रिसेप्शन स्टाफ ने पुष्टि की है कि शेफाली जरीवाला को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए कूपर अस्पताल भेज दिया गया है, जहां उनके परिवार के लोग, करीबी दोस्त और फिटनेस ट्रेनर भी पहुंचे हैं। ट्रेनर ने बताया कि शेफाली हमेशा अपनी सेहत को लेकर सीरियस रहती थीं। वह सख्त डाइट फॉलो थीं, रोजाना एक्सरसाइज करती थीं। उन्होंने आगे बताया कि दो दिन पहले ही शेफाली से मुलाकात हुई थी। शेफाली को मिर्गी की बीमारी थी, जिसे कंट्रोल में रखने के लिए वह ठंडी चीजें और ड्रिंक्स नहीं लेती थीं। उन्होंने एक ऐसा रूटीन अपनाया था जिससे उन्हें दौरे न आएं।

**महाधिवेशन को सीएम ने ऑनलाइन संबोधित किया**

## कहा- हक और अधिकार दिलाने के लिए निरंतर काम करते रहेंगे





**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के महाधिवेशन को ऑनलाइन संबोधित किया. सोशल मीडिया पोस्ट में सीएम ने कहा है कि आज दिल्ली से रांची में आयोजित झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय महाधिवेशन में ऑनलाइन रूप से शामिल हुआ. उपस्थित साथियों को संबोधित किया. कहा कि राज्य के आदिवासियों-मूलवासियों, श्रमिकों और विस्थापितों को उनका हक-अधिकार दिलाने के लिए हम निरंतर काम करते रहेंगे. बताते चलें कि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का आठवां महाअधिवेशन सीएमपीडीआई रविंद्र भवन में हो रहा है. यूनियन के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई थी. इसमें निर्णय लिया गया था कि नए कार्यकाल के लिए नए सिरे से कमिटियों का गठन किया जाएगा.

### मुख्यमंत्री का यह संदेश श्रमिकों को देगा नई ऊर्जा

मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक ट्वीट में लिखाः "झारखंड के आदिवासियों-मूलवासियों, श्रमिकों और विस्थापितों को उनका हक-अधिकार दिलाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं और यह संकल्प आगे भी जारी रहेगा।" उनकी यह बात यूनियन सदस्यों के बीच साहस, उम्मीद और विश्वास का संदेश लेकर आई।

### राज्य और श्रमिकों के हितों के बीच कैसे बन रहा है सेतु?

झारखंड सरकार द्वारा लगातार यह प्रयास किया जा रहा है कि कोल परियोजनाओं में काम कर रहे श्रमिकों को न केवल रोज़गार सुरक्षा, बल्कि आवास, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं भी मिले। मुख्यमंत्री का यह ऑनलाइन जुड़ाव दर्शाता है कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, सरकार जनसरोकार के मंचों से स्वयं को दूर नहीं रखती। कार्यक्रम से जुड़े लोगों ने मुख्यमंत्री के इस संवाद को संवेदनशील नेतृत्व की मिसाल बताया और आशा जताई कि उनके निर्देशों पर राज्य सरकार श्रमिक हितों की दिशा में और प्रभावी कार्य करेगी।

## पुरी में तीनों रथ गुंडिचा मंदिर पहुंचेः 9 दिन मौसी के यहां ठहरेंगे भगवान, 2 दिन की रथ यात्रा में 10 लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे

**पुरीः** ओडिशा के पुरी में सालाना जगन्नाथ यात्रा का शनिवार को दूसरा दिन है। आज सुबह 10 बजे फिर रथयात्रा शुरू हुई। भक्तों ने तीनों रथों को खींचना शुरू किया। सुबह 11.20 बजे भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज और दोपहर 12.20 बजे देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ और इनके बाद भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ 1.11 बजे गुंडिचा मंदिर पहुंच गया है। मुख्य मंदिर से गुंडिचा मंदिर की दूरी 2.6 किमी दूर है। 8 लाख से ज्यादा श्रद्धालु होने की वजह से अभी दो से तीन घंटे और लग सकते हैं। गुंडिचा मंदिर में भगवान 9 दिन ठहरेंगे। पुरी में सुबह से हल्की बारिश हो रही है। इससे मौसम में अच्छा हो गया है। कल की अपेक्षा आज भीड़ 10-20% कम है, लेकिन आज भी कई लोग बीमार हो गए। पिछले दिन में 650 से श्रद्धालुओं के तबीयत खराब होने की खबर है। शुक्रवार को रथ यात्रा में 10 लाख से ज्यादा लोग थे। देर शाम देवी सुभद्रा के रथ के आसपास भीड़ का दबाव बढ़ने से 625 से श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई। प्रशासन के मुताबिक, 70 अस्पताल में भर्ती किया गया। इनमें से 9 की हालत गंभीर है।




जगन्नाथ रथ यात्रा में पुरी जिला प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। ये कैमरे यात्रा मार्ग की निगरानी के साथ-साथ भीड़ नियंत्रण में भी मदद कर रहे हैं। अपर पुलिस महानिदेशक (ट्रैफिक) दयाल गंगवार ने बताया कि इस तकनीक की मदद से श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। पुरी जिला अधिकारी सिद्धार्थ स्वैन ने एएनआई को बताया कि यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ काफी अधिक है। सभी अनुष्ठान समय पर हो रहे हैं। इस बार एनडीआरएफ को भी तैनात किया गया है। कल हमने 6-7 अवैध ड्रोन जब्त किए हैं, क्योंकि श्री जगन्नाथ मंदिर और गुंडिचा मंदिर के ऊपर ड्रोन उड़ाने की अनुमति नहीं है।

### भक्तों को रथ यात्रा में दर्शन करने का एक और दिन मिला

रथ यात्रा में दर्शन करने आई भक्त गोरांगी ने कहा- 'मैं भारत में 20 साल से रह रही हूं और इस साल पहली बार मुझे रथ यात्रा में आने का अवसर मिला है। भगवान जगन्नाथ की कृपा से भक्तों को रथ यात्रा में दर्शन करने के लिए एक और दिन मिला है।'

## एअर इंडिया ने 4 कर्मचारियों से इस्तीफा मांगाः अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 8 दिन बाद मनाया था जश्न

**नई दिल्लीः** एअर इंडिया ने अपने ग्राउंड हैंडलिंग वेंचर एआईएसएटीएस के 4 कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए कहा है। ये कार्रवाई इनकी एक पार्टी का वीडियो वायरल होने के बाद की गई। इन कर्मचारियों ने अहमदाबाद प्लेन हादसे के 8 दिन बाद यह पार्टी की थी। एअर इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'अहमदाबाद प्लेन हादसे की दुखद घटना से प्रभावित परिवारों के साथ हम पूरी संवेदना के साथ खड़े हैं। वायरल वीडियो में कर्मचारियों का व्यवहार है, वह हमारी कंपनी की पॉलिसी के खिलाफ है। हमने जिम्मेदार लोगों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।'

मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है कि एअर इंडिया के स्टाफ ने 20 जून एआईएसएटीएस के गुरुग्राम ऑफिस में पार्टी की थी। ये खबर वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने इन कर्मचारियों को निंदा की। कहा कि एयर इंडिया के प्लेन क्रैश के बाद कोई कैसे जश्न मना सकता है। यूजर एअर इंडिया की संवेदनशीलता पर सवाल उठा रहे थे। इस दौरान एयरलाइन को भी ट्रोल किया गया। अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट AI 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है। डीजीसीए ने 21 जून को एअर इंडिया को 3 अफसरों को हटाने का आदेश दिया था। इनमें डिविजिनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लॉनिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल थे। तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। डीजीसीए ने एअर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया था।



## संक्षिप्त खबरें...

### हज़ारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की जयंती



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की 104 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि राव कि राजनीतिक यात्रा भारत की आजादी के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य के रूप में शुरू हुई । उन्होंने आंध्र प्रदेश सरकार में विभिन्न मंत्रालय पर काम किया । राव के राजनीतिक कौशल और व्यावसायिक कौशल के कारण उन्हें 1971 में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया, जंहा उन्होंने महत्वपूर्ण भूमी सुधार लागू किया और राजनीतिक रूप से मौलिक अधिकार गारंटी दी । संसद विपक्ष के सदस्य के रूप में अपने पद पर उन्होंने इंदिरा गांधी और राजीव गांधी दोंनो के सदनों में गृह, रक्षा, और विदेश मामलों सहित कई महत्वपूर्ण मंत्री पद पर कार्यरत रहे कार्यक्रम में प्रदेश सचिव बिनोद सिंह जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान युवा कांग्रेस के जेडआरओ आरिफ नवाज, राजू चौरसिया, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, लाल बिहारी सिंह, दिलीप कुमार रवि, पूर्व युवा अध्यक्ष प्रकाश यादव सेवादल के अध्यक्ष गुड्डु सिंह, कृष्णा कुमार यादव, नरेश गुप्ता, शिव नंदन साहू, मिथिलेश दुबे परवेज अहमद,मनोहर यादव,विजय कुमार सिंह,रिंकू कुमार, अनिल कुमार भुईंया,ओमप्रकाश,बाबर खान,तसलीम अंसारी,विनय कुमार, ईश्वर राम, दानिश वशीम, मुस्ताक अंसारी,मो. जावीर, मो. शाहनवाज, मो. माशूक, मिन्हाज अंसारी,कैफ रजी,शाहनवाज अख्तर, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, अकाश भरती के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

### शहर मे व्यवसायियों को धमकी देकर रंगदारी मांगे जाने का मामला आ रहा है सामने

हज़ारीबाग। हज़ारीबाग शहर में आए दिन व्यवसायियों से धमकी देकर रंगदारी मांगे जाने का मामला सामने आ रहा है।इस तरह का एक और मामला कोर्रा थाना में दीपुगढ चौक स्थित सोनी अलंकार ज्वेलर्स के संचालक ने दर्ज कराई है। इसके अनुसार सोनी अलंकार ज्वेलर्स संचालक से रंगदारी को लेकर लगातार उसके मोबाइल पर धमकी दी जा रही है।मामले के को लेकर हजारीबाग एसपी ने सोनी अलंकार ज्वेलर्स दुकान में पांच फोर्स को तैनात कर दिया है। पुलिस अलर्ट मोड में है।कोर्रा पुलिस के अनुसार ज्वेलर्स दुकानदार को धमकी देकर रंगदारी मांगने वाले आरोपी को तलाश कर रही है।बहुत जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।22 जून को श्री ज्वेलर्स दुकान को अपराधियों ने टारगेट कर गोली बारी किया था। शहर के बीचों बीच स्थित बडम बाजार स्थित श्री ज्वेलर्स दुकान में अपराधियों ने 22 जून की दोपहर गोली बारी किया था। घटना के एक सप्ताह बाद भी गोली फायरिंग करनेवाले अपराधी पुलिस के गिरफ्त में नही आए है।लगातार दो जेवर दुकानदार से धमकी देकर रंगदारी मांगे जाने की घटना से शहर के व्यवसाई लोगो में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### जोराकाठ गांव में हाथियों ने फिर दिया दस्तक, कई घरों को तोड़ा, किसानों को भारी नुकसान

बड़कागांव( हज़ारीबाग। )गोंदलपुरा पंचायत के जोराकाठ गांव में शुक्रवार की रात्रि को हाथियों ने भारी उत्पाद मचाया है। कई किसानों के घर एवं खेतों में लगी फसलों को रौंद दिया।27 जून को हाथियों ने तीन लोगों रामशहाय महतो,छटू महतो एवं महावीर महतो का मकान क्षतिग्रस्त कर दिया है। और घर में रखें अनाजों को चट कर गया। इतना ही नहीं कई किसानों के फसल को भी हाथियों ने पैरों से रौंद कर फसल को पूर्ण रूप से बर्बाद कर दिया। जिसमे सहदेव महतो ,नरेश महतो ,महेश्वर पटेल, आशाराम महतो,नंदलाल महतो , चूरामन महतो रामशहय महतो का फसल हाथियों ने बर्बाद किया है ।जोराकत गांव में तबाही मचाने के बाद हाथियों का झुंड शनिवार की सुबह गाली जंगल की ओर चला गया। हाथीओं को दूसरे जिले में खदेड़ देने के बाद पुनः वापस आ जाना ग्रामीणों के लिए परेशानी खड़ी हो जा रही है। जिस पर वन विभाग को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है ताकि आम ग्रामीण लोगों को हो रही नुकसान को बचाआ जा सके। बताते चलें कि हाथियों के 25 की संख्या झुंड में चार हाथी के बच्चे भी हैं। ग्रामीणों को हाथियों के करीब जाना और स छेड़छाड़ करना खतरे से खाली नहीं है। बताते चलें कि 3 दिन पहले हाथी ने 6 घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और कई खेतों में लगी फसलों को रौंद कर बर्बाद कर दिया।

### विश्रामपुर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक, शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम जुलूस निकालने का निर्णय



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : मुहर्रम पर्व को लेकर विश्रामपुर थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार दुबे और संचालन शमशेर आलम ने किया। बैठक में मुहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्द पूर्ण वातावरण में निकालने का निर्णय लिया गया। विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक कुमार टुटी ने कहा कि मिल जुलकर मनाने से पर्व का महत्व बढ़ जाता है। इसलिए सभी लोग मिलजुलकर भाईचारगी के बीच मुहर्रम का जुलूस निकाले। अंचलाधिकारी राकेश तिवारी ने मुहर्रम पर्व के दौरान अमन शांति कायम रखने में सभी से सहयोग करने का अनुरोध किया। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार दुबे ने कहा कि पुलिस शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी। जुलूस के दौरान शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने लोगों से अपील किया कि किसी भी अफवाह में नहीं पड़ें। कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें ताकि समय रहते उचित कानूनी कदम उठाया जा सके। बैठक में पुलिस निरीक्षक रामशीष पासवान,एसआई शिवनाथ रंजन,एएसआई अखिलेश यादव,भगवान सिंह,बिनोद राम,बलराम दास,रामचंद्र यादव,इदरीश हवारी,राजन पांडेय,तस्लीम अंसारी,आजम सिद्दीकी,किरण देवी,सोना देवी,सुनील कुमार चौधरी,बिहारी लाल गुप्ता,मनीष कुमार,संजय उपाध्याय,यदुनि राम,मसिर आलम सहित दोनो समुदाय के काफी लोग मौजूद थे।

### चाईबासा जिले में श्रद्धाभाव से हुई माता विपततारिणी की पूजा



चाईबासा : संकटों से भक्तों को दूर रखने वाली माता विपततारिणी की पूजा शनिवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले में श्रद्धाभाव के साथ की गई. इस अवसर पर चाईबासा, चक्रधरपुर, जगन्नाथपुर, मझगांव, नोवामुंडी, गोइलकेरा, सोनुआ, मनोहरपुर, बंदगांव प्रखंड के कराईकेला स्थित माता काली मंदिर, दुर्गा मंदिर व अन्य मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही. शाम तक मंदिरों में पूज-अर्चना होती रही. श्रद्धालुओं ने माता विपततारणी से सुख-समृद्धि की कामना की.

# सांसद मनीष जायसवाल की अनूठी पहलः 'सांसद तीर्थ दर्शन-2025' आज से शुरू, 180 तीर्थयात्री होंगे चार धाम के लिए रवाना

हज़ारीबागः हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बुजुर्गों के तीर्थ यात्रा के सपने को साकार करने के लिए सांसद मनीष जायसवाल ने एक अभूतपूर्व 'सांसद तीर्थ दर्शन-2025' योजना की शुरुआत की है। शनिवार को आयोजित एक प्रेस- कॉन्फ्रेंस में सांसद जायसवाल ने इस महत्वाकांक्षी योजना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि उनका उद्देश्य हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के उन बुजुर्गों और तीर्थयात्रा से वंचित लोगों को सम्मान और अवसर प्रदान करना है, जो लंबे समय से इसकी कामना कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा एक जनप्रतिनिधि होने के साथ-साथ क्षेत्र के बेटा के रूप में मुझे अपने बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर देगी।

#### आज होगा भव्य आगाज़ः नृसिंह बाबा के दरबार से मिलेगी हरी झंडी

'सांसद तीर्थ दर्शन-2025' का औपचारिक शुभारंभ 29 जून 2025 (रविवार) को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड स्थित खपरियावाँ पंचायत में स्थित भगवान नृसिंह के दरबार से भव्य तरीके से किया जाएगा। यहां से कटकमदाग






प्रखंड क्षेत्र के दो पंचायतों के तीन गांवों से चयनित लगभग 180 श्रद्धालु तीन विशेष वातानुकूलित बसों में सवार होकर नृसिंह बाबा का आशीर्वाद प्राप्त कर देश के चार प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों की यात्रा के लिए रवाना होंगे। सांसद जायसवाल ने बताया कि इस योजना का एक सफल परीक्षण पहले ही उनके पैतृक गाँव जुगरा में 60 तीर्थयात्रियों के साथ किया जा चुका है।

#### तीर्थयात्रियों के सुविधा और सुरक्षा का रखा गया है पूरा ख़्याल

यह 5 दिवसीय यात्रा होगी, जिसमें उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज (संगम) और विंध्याचल के धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालु पूजा-अर्चना करेंगे। उन्हें गंगा और सरयू नदी में पावन स्नान के साथ महाआरती का भी दुर्लभ दर्शन करने का अवसर मिलेगा। सांसद ने आश्वस्त किया कि यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों की सुख-सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। प्रत्येक बस में लगभग 65 लोग रहेंगे, जिनमें 60 तीर्थयात्री और उनकी सेवा व हिफाजत के लिए संबंधित पंचायत के पांच भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। यह यात्रा पंचायत-वार आयोजित की जाएगी। यात्रियों के भोजन, पूजन- सामग्री और पूजन के दौरान दिए जाने वाले दक्षिणा को छोड़कर यात्रा का सारा खर्च सांसद की ओर से वहन किया जाएगा। यात्रियों को यात्रा के दौरान एक कपड़े का थैला, अल्पाहार, पानी की बोतल, डेंटल किट और एक विशेष आई-कार्ड दिया जाएगा, जिसमें उनका पूरा नाम, पता और हेल्पलाइन नंबर अंकित होगा। बसों में मेडिकल किट की समुचित व्यवस्था उपलब्ध होगी साथ ही रास्ते में किसी की तबियत खराब हुई तो उसके लिए मेडिकल पॉइंट्स चिन्हित किए गए है। प्रेस- वार्ता को विशेषरूप से भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह और भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौड़ ने भी संबोधित किया। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, अनिल मिश्रा, हरीश श्रीवास्तव, टुन्नू गोप, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, भाजपा जिला पदाधिकारी दामोदर सिंह, जय नारायण प्रसाद, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र बिहार, मांडू विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, अजय कुमार साहू, अरुण राणा, नागेंद्र गुप्ता, मूलचंद साहू, जुगनू सिंह, बलदेव सिंह, भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, सत्यभामा, रानी शुक्ला, विजय वर्मा, लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## गुरुजी की सलामती के लिए पोखरिया आश्रम में संघर्ष के साथी कर रहे पूजा

धनबादः झारखंड आंदोलन के प्रणेता व झामुमो के संस्थापक शिबू सोरेन (गुरुजी) की तबीयत नाजुक बनी हुई है. वे दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं. उनके स्वास्थ्य को लेकर पूरे राज्य में चिंता का माहौल है. वहीं, उनके संघर्ष के ऐतिहासिक स्थल धनबाद के टुंडी स्थित पोखरिया आश्रम में दुआओं का दौर जारी है. शिबू सोरेन के राजनीतिक और सामाजिक संघर्ष का एक बड़ा केंद्र धनबाद रहा है. टुंडी के पोखरिया स्थित आश्रम उन्हीं दिनों की गवाही देता है जब वे जमींदारों के अन्याय के खिलाफ आदिवासियों की जमीन बचाने की लड़ाई लड़ रहे थे.



गुरुजी इसी आश्रम में अपने साथियों के साथ बैठकर रणनीति बनाते थे और झारखंड अलग राज्य आंदोलन की नींव को मजबूत करते थे. आश्रम में आज भी उनके संघर्ष के दिनों के साथी श्यामलाल मुर्मू के परिजन और शिबू सोरेन के रसोइए रहे ननकू मुर्मू अपने परिवार सहित रहते हैं. जैसे ही ननकू मुर्मू को शिबू सोरेन की तबीयत बिगड़ने की खबर मिली, वे गहरे भावनात्मक जुड़ाव के साथ गुरुजी की सलामती के लिए संथाली विधि-विधान से पूजा-प्रार्थना करने लगे. पोखरिया आश्रम में रह रहे लोगों का कहना है कि शिबू सोरेन स्वस्थ रहने पर पोखरिया आश्रम जरूर आते थे और वे बच्चों की शिक्षा, संगठन की मजबूती और आदिवासी समाज के उत्थान पर बात करते थे.

श्यामलाल मुर्मू के परिजनों और ननकू मुर्मू ने बताया कि न केवल गुरुजी, बल्कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन भी समय-समय पर आश्रम आते रहे हैं और आश्रम को आंदोलन की जन्मस्थली बताते हुए पुरानी यादें साझा करते हैं. शिबू सोरेन सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि झारखंड के आदिवासी आंदोलन की आत्मा रहे हैं. उनकी खराब तबीयत की खबर से पूरा झारखंड चिंतित है. पोखरिया आश्रम जैसा संघर्ष का प्रतीक स्थल आज भी उनके जीवन, सोच और संघर्ष की विरासत को जीवित रखे हुए है. यहां की हर दीवार, हर व्यक्ति 'गुरुजी' की सलामती के लिए प्रार्थना कर रहा है.

## राजस्व विभाग की समीक्षात्मक बैठक, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु उपायुक्त ने दिए निर्देश

हज़ारीबाग। शनिवार को समाहरणालय सभागार, हजारीबाग में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में राजस्व विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीजी पोर्टल पर लंबित जन-शिकायतों के शीघ्र निष्पादन, भू-मापी मामलों की समीक्षा, म्यूटेशन प्रक्रिया, अमीनों की उपस्थिति तथा योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिया कि पीजी पोर्टल एवं राज्य सरकार द्वारा प्राप्त जनशिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निष्पादित किया जाए। उन्होंने भू-मापी से संबंधित शिकायतों के समाधान में विभागीय दिशा निर्देशों का पालन करने को कहा।आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार" अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के संदर्भ में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इन पर गंभीरता से विचार कर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा यह एक जन भावनाओं तथा उनकी समस्याओं को केंद्रबिंदु में रखकर



इस कार्यक्रम की परिकल्पना की गई है। इस लिए इस पर गंभीरता बरती जानी चाहिए।उपायुक्त ने ई-रिवेन्यू कोर्ट के अंतर्गत दायर एवं निष्पादित वादों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों के लिए नामित वरीय पदाधिकारी नियमित रूप से ई-रिवेन्यू कोर्ट के मामलों की समीक्षा करें तथा अद्यतन स्थिति की सूची उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराएं।उपायुक्त ने म्यूटेशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि 90 दिनों से अधिक लंबित म्यूटेशन के मामले स्वीकार्य नहीं होंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी कारणवश म्यूटेशन के मामले अस्वीकृत किए जाते हैं, तो उसकी पूर्ण विवरणी संलग्न की जाए। साथ ही जियो टैगिंग आधारित म्यूटेशन की नई प्रणाली को लेकर सभी संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए।

#### कर्मचारी, अमीन एवं कंप्यूटर ऑपरेटर के कार्यों की नियमित समीक्षा के साथ प्रशिक्षण देने का निर्देशः

बैठक में उपायुक्त ने सभी अंचलों में कार्यरत अमीनों की उपस्थिति एवं मापी की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ नियमित बैठक करें। उन्होंने कहा कार्यालय की कार्यशैली में गुणात्मक सुधार लाकर ही सरकार की योजनाओं एवं प्राथमिकताओं को सफलतापूर्वक लागू किया जा सकेगा। उन्होंने सभी अंचल कार्यालयों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों को समय-समय पर आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने की बात भी कही।

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण योजना के अंतर्गत किसानों को बीज वितरण किया गया



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि तकनीकी सूचना भवन में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण योजना के अंतर्गत किसानों को बीज का वितरण किया गया।इस मौके पर प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी एवं बीडीओ रोशमा डुंगडुंग ने बीज का वितरण किया। किसानों को शत प्रतिशत अनुदान पर मडुआ,मक्का एवं धान का बीज प्रत्यक्षण हेतु बांटा गया. जिसमें किसानों के बीच मक्का के बीज 140 किलो, धान बीज 270 किलो, मडुवा बीज 544 किलो बीज दिया गया इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चिन्ता हरण पाठक, किसान मित्र उत्तीम महतो, बैजनाथ प्रसाद,बिनोद कुमार, रूबी कुमारी,रिंकू कुमारी, किशोर कुमार समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

### हज़ारीबाग में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन




हज़ारीबाग। हज़ारीबाग समाहरणालय सभागार "स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025" से संबंधित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में किया गया।कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त हजारीबाग द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा, जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, DPM (JSLPS), DPM (पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल), सभी सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, SBM टीम के सदस्य, ISA CINI टाटा ट्रस्ट के प्रतिनिधि, एवं सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी कार्यपालक अभियंता अनिल कुमार गुप्ता द्वारा दी गई।इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा जिले को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट स्थान दिलाने की दिशा में प्रभावी रणनीति तैयार करना रहा।

### कपका डाक शाखा में जन जागरूकता अभियान को लेकर हुई बैठक



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत ग्राम कपका डाक शाखा में जन जागरूकता अभियान को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता शाखा डाकपाल रेवालाल राणा ने किया। इस मौके पर मेल पर्यवेक्षक बरही रंजन कुमार गुप्ता, छोटेलाल प्रसाद मेहता, पर्यवेक्षक रंजन कुमार मौजूद थे। बैठक में अधिकारियों ने डाकघर के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी।साथ ही अधीक से अधीक संख्या में लोगों को डाकघर में डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा करवाने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों को बचत खाता,आवर्ती जमा, सुकन्या खाता के बारे में जानकारी देते हुए इसका लाभ लेने के लिए कहा।बताया की आगामी 9 जुलाई को पुरे भारत के सभी डाकघर में केंद्रीय संचार मंत्रालय (भारत सरकार) डाक विभाग द्वारा डाक चौपाल मेला का आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर अब्बास अंसारी, मुकेश सोरेन, विशाल तिवारी, मुकेश कुमार, विकास नायक, सविता देवी, ललित मेहता, श्याम सुन्दर यादव समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

### देवगढ़ विद्यालय के छत से टपकता है पानी, बच्चों को है खतरा

#### पानी की बूंद से प्रोजेक्टर मशीन व 10 सेट कंप्यूटर हो सकता है खराब



बड़कागांव(हज़ारीबाग )। बड़कागांव प्रखंड के आंगों पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवगढ़ का निर्माण आर एंड आर पॉलिसी के तहत कई वर्ष पूर्व किया गया था।और इस विद्यालय में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गुड़कुवा,उ.प्रा.वि. चोरा टोंगरी एवं उ.प्रा.वि.चरखा पत्थर एंव उ म.वि. देवगढ़ इस सभी चारों विद्यालयों को मर्ज कर उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवगढ़ के नाम से विद्यालय संचालित की जा रही है।विद्यालय पूर्ण होने के कारण काफी जर्जर हो गया है। एसएमसी अध्यक्ष नागेश्वर गंझू ने बताया कि विद्यालय की स्थिति काफी जर्जर है इसलिए विद्यालय की मरमती कार्य करना अति आवश्यक है। साथ ही साथ विद्यालय में चार दिवारी की भी नित्यंत आवश्यक है।क्योंकि विद्यालय के आसपास घने जंगल है जिससे कई जानवर विद्यालय के आसपास आ जाते हैं। बच्चों का हमेशा भय बना रहता है।और पेड़ पौधे लगाने पर सुरक्षित नहीं रह पाता है।उक्त विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह सचिव उमेश कुमार महतो ने बताया कि विद्यालय के ऑफिस , वर्ग कक्ष , स्टाफ रूम , शौचालय एवं बरानडे की छत काफी जर्जर हो गया है जिससे छत से पानी टपकता है।छत से पानी टपकने के कारण कंक्रीट , सीमेंट उखड़ कर कई जगह से गिरना शुरू हो गया है।छतों दरारें पड़ गई है।जिससे वर्ग कक्ष में बैठ कर शिक्षण ग्रहण कर रहे बच्चों को जान माल का खतरा बना रहता है।वहीं सहायक अध्यापक शमशेर आलम ने बताया कि ग्रिल गेट को छोड़कर विद्यालय सभी खिड़कियां व दरवाजे टूट गए हैं।छतो से पानी टपकने से प्रोजेक्टर मशीन , 10 कंप्यूटर से , फोटोकॉपी मशीन स्टेबलाइजर आदि कई सामग्री खराब हो सकती है।मामले को पूर्व सांसद एवं विधायक को भी आवेदन पत्र देखकर अवगत कराया गया था।फोन कर शिक्षा विभाग के के को भी कई बार अवगत कराया गया।पर कोई कार्य नहीं हुआ।

### राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन का प्रखंड कमेटी का किया गया पुनर्गठन, जानकी साव बने अध्यक्ष, डुभन साव बने महासचिव



बड़कागांव(हज़ारीबाग): राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन का प्रखंड कमेटी का विस्तार रुकमणी भवन बड़कागांव में जिला अध्यक्ष कैलाश साव की अध्यक्षता व युवा जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार के संचालन में किया गया।कार्यक्रम में बातौर मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरिनाथ साव, विशिष्ट अतिथि प्रमोद साव रांची जिला अध्यक्ष,हजारीबाग जिला अध्यक्ष कैलाश साव,जिला उपाध्यक्ष अशोक साव,युवा अध्यक्ष अरविंद कुमार व अन्य अतिथियों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया । तत्पश्चात प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन के लिए अध्यक्ष पद के पदूम साव,जानकी साव, दिनेश साव तीन व्यक्ति का नाम आया जिसमें दो लोगों ने स्वेच्छा से नाम वापस लिया और सर्वसम्मति से जानकी साव को अध्यक्ष,डुभन साव महासचिव,सचिव मुकेश कुमार साव,प्रखंड युवा अध्यक्ष मिथलेश कुमार साव, वहीं जिला मंत्री पदूम साव ,युवा जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुमार साव उर्फ दिपू साव को नियुक्त किया गया ।वहीं अतिथियों ने नवनिर्वाचित सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया वहीं संगठन को विस्तार कर मजबूती करने और मिलजुल कर समाज को सशक्त करने की बात कही।वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष सचिव व अन्य सदस्यों ने समाज को निःस्वार्थ भाव से आगे ले जाने और संगठन की मजबूती पर पहल करने का भरोसा दिया।इस मौके पर जिला संरक्षक कौलेश्वर साव,अखिल भारतीय तैलिक साहु समाज के प्रखंड अध्यक्ष जगतनंदन प्रसाद गुप्ता,पुर्व अध्यक्ष धनू प्रसाद निराला, प्रखंड उपाध्यक्ष मोहन साव,कोषाध्यक्ष निरंजन साव, बेचन साव, दिनेश साव, मिथलेश कुमार साव,विनय साव, मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव ,प्रेम साव,राजकिशोर साव,कोमलचंद साव,कजरु साव,बाबुलाल साव,व अन्य दर्जनों समाज के बुद्धिजीवी गण मौजूद थे।

### आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के बीच धान व मडुवा बीज का वितरण



बड़कागांव(हज़ारीबाग)।आदिम जनजाति के लोगों को कृषि के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शनिवार को बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत महुदी गांव के सतबहिया बिरहोर टांड में आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के बीच आत्मा हजारीबाग के द्वारा एनएफएसएम योजना के तहत मडुवा एवं धान का बीज वितरण किया गया। आदिम जनजाति के किसानों के बीच लगभग 90 किलो धान एवं 25 किलो मडुवा का बीज वितरण किया गया। यह बीज बिरहोर किसानों को निशुल्क मुहैया कराया गया।

मौके पर मुख्य रूप से कांडतरी पंचायत के प्रभारी मुखिया राजदेव महतो, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक श्याम कृष्ण देव, किसान मित्र रघुनंदन महतो के अलावा दर्जनों किसान उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें...

### माता नैना योगिनी धाम देवी मंडप के पहली वर्षगांठ पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा





कोयलांचल संवाद संवाददाता

इटखोरी(चतरा) प्रखंड क्षेत्र के टाल स्थित श्री श्री 1008 श्री माता नैना योगिनी धाम देवी मंडप के पहली वर्षगांठ पर श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी नारायण ज्ञान महायज्ञ शुक्रवार से भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। यहां आयोजित नौ दिवसीय महायज्ञ में इटखोरी पंचायत के विभिन्न गांव-मोहल्लों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं, युवतियां और पुरुष शामिल हुए। यज्ञ मंडप से गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा में महिलाएं और युवतियां सर पर कलश लिए हुए इतवार बाजार, इटखोरी चौक, धनखेरी चौक एवं प्रखंड कार्यालय होते हुए मां भद्रकाली मंदिर के पीछे से गुजरी यू आकार की उत्तरवाहिनी महाने नदी के तट पर पहुंचे। यहां प्रयागराज से आए यज्ञाचार्य लक्ष्मी नारायण पांडेय एवं उप आचार्य प्रमोद पांडेय तथा सहयोगी पुरोहितों ने विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार कर सभी देवी देवताओं की आवाह्न करते हुए मां गंगा का पूजन किया। मां गंगा के पूजन के बाद श्रद्धालु नदी के तट से कलश में जल भरकर कनूनिया माई, ब्रह्मा चौक और घुज्जीबागी होते हुए सीधे यज्ञ स्थल पर पहुंचे।

### चौपारण में नदी में नहाने के क्रम में डूबने से 17 वर्षीय किशोर की मौत



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चौपारण (हजारीबाग) शनिवार को महुदी गांव में एक अत्यंत दर्दनाक घटना में 17 वर्षीय शौर्य प्रताप सिंह, पिता स्व. सुबोध सिंह की नदी में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि शौर्य नहाने के उद्देश्य से नदी गया था, जहां गहराई का अंदाजा न लग पाने के कारण वह पानी में समा गया। परिजनों ने आनन-फानन में उसे हजारीबाग सदर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शौर्य की मां सुरेखा प्रकाश, भाई पब्लिक स्कूल में शिक्षिका हैं और तीन बच्चों में शौर्य उनका इकलौता बेटा था। उनके पति स्व. सुबोध सिंह की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। अब इस दुखद घटना ने उनके जीवन को एक और गहरे शोक में डाल दिया है। परिवार के करीबियों के अनुसार दो बेटियों की शादी हो चुकी है, एक बेटी अभी अविवाहित है। सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल एक संस्था है जिसमें में शिक्षिका हैं जो नवभारत जागृति केंद्र के अधीन संचालित है। यह संस्था समाजसेवा और ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से कार्यरत है। विद्यालय परिवार और स्थानीय ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है।

### कांग्रेस सेवा दल के यंग ब्रिगेड द्वारा जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिये शुरू किया गया जनजागृति अभियान



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : पलामू जिला कांग्रेस सेवा दल के यंग ब्रिगेड द्वारा शनिवार को जातीय भेदभाव को खत्म करने के उद्देश्य से विशेष जनजागृत अभियान शुरू किया गया। विश्रामपुर से अभियान की शुरुआत सेवा दल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह व जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से किया। विक्रमजीत सिंह ने कहा कि जात-पात जैसी संकीर्ण सोच हमें बाँटती है। हमें एक सशक्त,समतामूलक व विकसित समाज बनाना है,तो सबसे पहले हमें जाति के बंधनों से ऊपर उठना होगा। अभियान के प्रणेता अरविंद कुमार ने कहा कि हमारा एक ही नारा है कि जात-पात मिटाओ,इंसानियत बचाओ। ताकि समाज में फैल रही जातिगत भेदभाव की भावना को खत्म कर लोगों में इंसानियत की भावना को जागृत किया जा सके। हमारा उद्देश्य समानता व भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने आस-पास जातिगत भेदभाव को बढ़ावा न दें,किसी के साथ ऊँच-नीच का व्यवहार न करें और हर व्यक्ति को एक इंसान के रूप में सम्मान दें। अरविंद कुमार ने बताया कि इस अभियान को पूरे जिले में चलाया जायेगा। मौके पर समाजसेवी संजय कुमार,राजन कुमार,मुन्ना साहू,संदीप बर्मन सहित कई लोग मौजूद थे।

### डीसी ने दुलमी में योजनाओं का किया स्थल निरीक्षण

रामगढ़ः रामगढ़ डीसी फैज अक अहमद मुमताज व डीडीसी अशीष अग्रवाल ने दुलमी प्रखंड का दौरा किया. उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति की समीक्षा की. योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर लाभुकों से फीडबैक लिया. उन्होंने ग्रामीण विकास, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, जल संरक्षण व कृषि से संबंधित योजनाओं के साथ-साथ स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया. आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के पोषण, उपस्थिति, टीकाकरण व शिक्षा सामग्री की उपलब्धता की जानकारी ली.

## खेल मैदान की भूमि पर छात्रावास बनाने का विरोध, खेल प्रेमियों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

कोयलांचल संवाद संवाददाता



हंटरगंज(चतरा) : हंटरगंज के टेन प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में छात्रवास बनाया जा रहा है । खेल मैदान में छात्रवास निर्माण के विरोध में प्रखण्ड क्षेत्र के खेल प्रेमियों में जमकर आक्रोश है इसको लेकर खेल प्रेमियों ने शनिवार को दूसरी बार एसडीओ द्वारा दंडाधिकारी नियुक्त कर पुलिस प्रशासन के सहयोग से जबरन छात्रवास का निर्माण करवाने आए पुलिसकर्मी पर भी खेल प्रेमियों का आक्रोश फूटा और विरोध जताया है। खेल प्रेमियों ने बताया कि इस मैदान में 28 पंचायत के खिलाड़ी इसी मैदान पर पूर्ण रूप से आश्रित है । यह खेल मैदान प्रखण्ड क्षेत्र का एक मात्र खेल मैदान है जहां हर तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन होते रहता है । खेल प्रेमियों के साथ राजद नेता प्रभुदायल यादव एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष अरूण चौरसिया ने खेल प्रेमियों का भरपूर समर्थन मिला। इन दोनों नेताओं ने स्थानीय विधायक जर्नादन पासवान और पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता से बात कर इस मामला को अवगत करवाते हुए तीन दिनों के लिए कार्य को स्थगित करवाया है।लेकिन इस मैदान पर प्रखण्ड के खिलाड़ियों के खेलने के अधिकार का उल्लंघन मानते हुए इस पर कड़ी आपत्ति व्यक्त कर रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर स्थानीय ग्रामीणों, नेताओ और प्रखण्ड के खेल प्रेमियों ने चतरा समाहरणालय पहुंचकर संवेदक पर मनमानी करने का आरोप लगाया और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि टेन प्लस टू विद्यालय का खेल मैदान है। यहां प्रखण्ड क्षेत्र के खिलाड़ीयों के खेलने का एक मात्र मैदान है। ग्रामीणों के मुताबिक संवेदक द्वारा खेल मैदान का जबरन अतिक्रमण कर निजी लाभ के लिए इस भूमि पर छात्रवास बनाने का निर्णय लिया है, जो उनके अनुसार गैरकानूनी और अनुचित है। उन्होंने इस फैसले को खिलाड़ियों के खेलने के अधिकार में बाधा डालने वाला बताया ।गेरुआ पंचायत मुखिया दूधनाथ यादव, डुमरीकला पंचायत मुखिया साधना सिंह, खुटीकेवाल खुर्द पंचायत मुखिया वृजकिशोर सिंह, नावाडीह मुखिया बसंती पन्ना सहित स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यदि इस मैदान में छात्रवास का निर्माण किया गया, तो खेलप्रामियों के खेलने के लिए जो स्थान है, वह पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। यह स्थिति पुरे हंटरगंज प्रखण्ड के खिलाड़ियों के लिए खतरनाक साबित हो सकती है, क्योंकि उन्हें खेलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलेगी।स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उपायुक्त को छात्रवास निर्माण को रोकने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने जिम्मेदार संवेदक पर कार्रवाई करने की भी अपील की है, ताकि खिलाड़ियों के खेल मैदान को बचाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल खिलाड़ियों की भलाई है, और वे किसी भी कीमत पर यह भूमि खिलाड़ियों के खेलने के लिए छोड़ना चाहते हैं।उपायुक्त कीर्तिश्री ने मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच के आदेश दिए हैं और तीन दिनों तक कार्य को स्थगित करवाया है।हालांकि छात्रवास निर्माण कार्य को चालू करवाने आए पुलिसकर्मी को खेल प्रेमियों के आगे झुकना पड़ा और बैरंग वापस लौटे।

## झरिया में युवक की हत्या, तालाब से मिला पत्थर से बंधा शव



झरिया : झरिया थाना क्षेत्र के ईस्ट भगतडीह गुलगुलिया बस्ती में उस वक्त सनसनी फैल गई जब दो दिन से लापता युवक भूचकुन भुइयं का शव शनिवार को सिंह नगर के पास जलकुंभी तालाब से बरामद हुआ. शव पत्थर से बांध कर तालाब में फेंका गया था. सूचना मिलते ही झरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला. शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया.

पुलिस ने घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन और चप्पल बरामद किया है. परिजनों ने बताया कि भूचकुन को दो दिन पहले रात में उसके दो दोस्त घर से बुलाकर ले गए थे. जिसके बाद से वह वापस नहीं लौटा. परिजन उसकी तलाश में जुटे हुए थे. शनिवार सुबह जब सिंह नगर के पास तालाब में शव देखे जाने की खबर मिली तो स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और शव की पहचान भूचकुन के रूप में की.

शव को पत्थरों से बांधकर तालाब में फेंका गया था. भूचकुन की हत्या कर शव को छिपाने के लिए पत्थरों से बांधकर तालाब में फेंक दिया गया. परिजनों ने भूचकुन की हत्या का आरोप उसके दोस्त लैला व अन्य साथियों पर लगाया है. झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि परिजनों की लिखित शिकायत के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. घटना के बाद इलाके के लोगों में आक्रोश है. लोगों ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है.

## चाइल्ड हेल्पलाइन दुमका के द्वारा किया गया गुड टच एवं बेड टच से संबंधित जागरूक

दुमकाः जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी दुमका प्रकाश चन्द्र के निदेशानुसार शनिवार को चाइल्ड हेल्पलाइन दुमका के परियोजना समन्वयक मो० शमीम अंसारी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय गादी कोरैया में प्रोजेक्टर के माध्यम से छोटी क्लिप दिखाकर विद्यार्थियों को गुड टच एवं बेड टच से संबंधित जागरूक किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक स्पर्श दो प्रकार के होते हैं एक अच्छा स्पर्श और दूसरा बुरा स्पर्श। उन्होंने दोनों के बीच का फर्क समझाते हुए बताया कि जिस स्पर्श से सहज महसूस हो वह अच्छा स्पर्श और जिस स्पर्श से असहज महसूस हो वह बुरा स्पर्श होता है। अगर कोई व्यक्ति गलत तरीके से स्पर्श करता है और असहज महसूस हो तो उसे अपनी तक दाब कर नहीं रखनी चाहिए उसे अपने अभिभावक से साझा करनी



चाहिए या चाइल्ड हेल्पलाइन के निःशुल्क नम्बर 1098 में इसकी सूचना देकर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

मौके पर चाइल्ड हेल्पलाइन की काजल कुमारी ने नशे के गिरफ्त में आ रहे बच्चों से संबंधित कहा कि नशे के सेवन से ना ही केवल स्वयं को नुकसान होता है अपितु यह आने वाले पीढ़ी को भी प्रभावित करता है। आने वाली पीढ़ी को यह खोखला कर देता है और स्वयं के साथ साथ सामाजिक विकास भी अवरूद्ध करता है।

मौके पर ग्राम ज्योति के मुकेश कुमार दुबे ने बाल तस्करी पर कहा कि असामाजिक तत्त्वों द्वारा बड़ी सरलता से बाल तस्करी को अंजाम दिया जा रहा है। बालकों को काफी सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने बच्चों को पॉक्सो से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। उक्त कार्यशाला में विद्यालय के शिक्षकगण व विद्यार्थी, ग्राम ज्योति से पवन कुमार यादव तथा सनातन मुर्मू मौजूद थे।

## चतरा महाविद्यालय चतरा के स्थापना दिवस पर चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में क्विज एवं रिले रेस का हुआ आयोजन

कोयलांचल संवाद संवाददाता



चतरा : जिले के विख्यात उच्च शिक्षण संस्थान चतरा महाविद्यालय चतरा के 65वें स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को रिले रेस तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । रिले रेस के प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों क्रे छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । छात्र वर्ग में संदीप कुमार राणा, ओम प्रकाश यादव, सुबोध कुमार यादव तथा राजु कुमार विजेता रहे । वहीं छात्राओं के वर्ग में अनिशा कुमारी, किरण कुमारी, चंदा कुमारी तथा प्रतिमा कुमारी विजेता रहीं। इस खेल प्रतियोगिता को संपन्न कराने में प्रो. बालेश्वर राम, डॉ. कंचन सोय मुरम, डॉ ग्लोरिया ग्रेस होरो, छोटू हेमब्रम, धीरेन्द्र, शिवशंकर तथा अन्य कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । तदोपरांत बी. एड. संभाग में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके लिए विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा, सिद्धू कान्हू मुर्मू, तिलका मांझी, गंगा नारायण सिंह तथा जयपाल सिंह मुण्डा नामक अलग अलग ग्रुपों में बाँटा गया । इस क्विज प्रतियोगिता में तिलका मांझी ग्रुप, द्वितीय स्थान पर सिद्धू कान्हू मुर्मू ग्रुप तथा तीसरे स्थान पर गंगा नारायण सिंह ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता क्रे सफल संचालन में डॉ. मो. मुमताज़ अंसारी, प्रो. प्रेम बसंत बाखला, प्रो. बालेश्वर राम, हीरामन महतो, श्रेया प्रकाश, रवि मित्तल, शंकर कुमार तथा रंजन कुमार इत्यादि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस तरह के कार्यक्रमों की बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय क्रे प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार झा, बी. एड. संभाग क्रे विभागाध्यक्ष डॉ. नन्द किशोर सिंह, डॉ हेमंत मिश्रा, प्रो. चन्द्र कान्त कमल, प्रो. अमित सिंह तथा अन्य प्राध्यापकों ने प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की । मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकेत्तर कर्मी और काफी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### मासिक लोक अदालत में 208 वादों का निष्पादन के साथ 36 करोड़ से अधिक की राशि का किया गया समझौता

दुमकाःजिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय, दुमका के न्याय सदन में प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका शत्रुंजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 02 बेंचो का गठन किया गया। मासिक लोक अदालत में न्यायालय में लंबित वादों के अलावा दुमका जिला में स्थित विभिन्न विभागों के फौजदारी संबंधी मामलों का आपसी सुलह समझौता के आधार पर निपटारा किया गया।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, अतिक्रमण हटाकर ट्रैफिक सुधारने का निर्देश

धनबादः धनबाद डीसी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई. बैठक में सड़क सुरक्षा और अतिक्रमण के मुद्दे पर गहन विचार-विमर्श किया गया. डीसी ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर यातायात बाधा का मुख्य कारण अतिक्रमण है. कई दुकानदार दुकान के बाहर तक सामान फैलाकर आम रास्ते को कब्जा लेते हैं. इससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है. उन्होंने कहा कि अब इस पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी. यह सड़क सुरक्षा समिति की प्राथमिकता में है. उन्होंने बीसीसीएल को मोहन बाजार, फुसबंगला व गोधर में बंद व अनुपयोगी रोपवे को तुरंत हटाने तथा कतरास मोड़ पर बीसीसीएल की सड़क और मुख्य सड़क के मिलन स्थल पर स्पीड ब्रेकर लगाने का निर्देश दिया. साथ ही ट्रैफिक सिग्नल व सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए धनबाद नगर निगम व सड़क सुरक्षा टीम को संयुक्त सर्वे करने को कहा. वहीं खराब या बंद ट्रैफिक लाइट को हटाने, अनुपयोगी पोल व खंभों को हटाने तथा सड़कों पर अवैध पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए. बैठक में बीएसएनएल, डीएमसी, एनएच, पथ निर्माण विभाग, एनएचएआई द्वारा किए गए सुधार कार्यों के पहले और बाद की तस्वीरें भी प्रस्तुत की गईं, जिसमें बीएसएनएल द्वारा सिटी सेंटर व डीआरएम ऑफिस के पास बेकार बॉक्स हटाए गए हैं.

## किसानों को सोलर पावर पैनल सौर ऊर्जा चलंत पानी मशीन का किया गया वितरण

ओरमांझी(मोहसीन): ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र के बारीडीह गांव स्थित मध्य विद्यालय में शनिवार को समृद्धि योजना अंतर्गत सोलर पावर पैनल सौर ऊर्जा चलंत पानी मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक राजेश कच्छप शामिल हुए, जिनका स्वागत शॉल ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता देकर किया गया,इस मौके पर क्षेत्र के 10 प्रगतिशील किसानों को खेती करने के लिए सोलर पावर पैनल सौर ऊर्जा चलंत पानी मशीन का वितरण स्थानीय विधायक राजेश कच्छप के हाथों किया गया,विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि हेमंत सरकार में किसानों पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें कृषि समृद्धि योजना सेजोड़करआत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य की जा रही हैं,सोलर पैनल वाटर मशीन के माध्यम से अब किसान अपने खेतों में कृषि कर पाएंगे,बिजली पर आश्रित नहीं रहेंगे, सीधे सोलर पैनल अपने खेतों तक ले जा सकते हैं महिलाएं भी इससे जुड़कर कार्य कर सकते हैं, यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है इससे आमजनों को भी जुड़ना चाहिए,जिन किसानों को सोलर पैनल वाटर मशीन चाहिए वह विभाग में आवेदन जमा करें,मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी रामाशंकर प्रसाद,ओरमांझी प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया, विधायक प्रतिनिधि हरिमोहन महतो,सांसद प्रतिनिधि मानकी राजेंद्र शाही मुखिया पार्वती देवी उप मुखिया बनवारी साहू,पंचायत समिति सदस्य शशि मिश्र,प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अलीजन,टुंडा हुली पंचायत समिति सदस्य रीना,कुटे सरपंच अमीर हम्ज़ा अंसारी मुबारक अंसारी, बाबूलाल मोहली एवं अन्य जनप्रतिनिधि व किसान उपस्थित थे।

## चतरा उपायुक्त ने दौरा कर गिद्धौर प्रखंड का किया समग्र निरीक्षण

## कल्याणकारी योजनाओं के जमीनी हकीकत से हुई रूबरू दिए सख्त दिशा-निर्देश

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराःजिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से जिला उपायुक्त कीर्तिश्री जी लगातार प्रखंड क्षेत्रों का दौरा कर रही हैं। इसी क्रम में उन्होंने शुक्रवार को मूसलाधार वर्षा के बावजूद पत्थलगड्डा प्रखंड का दौरा किया और योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की गहन समीक्षा की। शनिवार को उनका निरीक्षण गिद्धौर प्रखंड में हुआ, जहां उन्होंने एक साथ कई संस्थानों, निर्माण स्थलों एवं विशेष जनजातीय बस्तियों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी और पारदर्शिता लाने के निर्देश दिए।

### जवाहरलाल नेहरू स्टेडियमः गुणवत्तापूर्ण निर्माण पर ज़ोर

उपायुक्त ने गिद्धौर स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम का निरीक्षण किया, जहां चारदीवारी, चेंजिंग रूम एवं शौचालय सहित अन्य अधोसंरचनात्मक कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर असंतोष जताते हुए निर्माण कार्यों में अपेक्षित सुधार तथा दर्शकों के लिए शेड निर्माण का निर्देश दिया।

### प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालयः छात्राओं से संवाद, प्रयोगशाला को सक्रिय करने का निर्देश

गिद्धौर स्थित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय (मॉडल स्कूल) के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी ने विद्यालय की छात्राओं से संवाद किया और उनके पठन-पाठन, परीक्षा तैयारी एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली।छात्राओं ने अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों को साझा किया, जिसे सुनकर उपायुक्त ने उनकी सराहना की और उन्हें आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित एवं उत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय की प्रयोगशाला (लैब) का भी अवलोकन किया और उसकी स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रयोगशाला को शीघ्र क्रियाशील बनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, शिक्षकों द्वारा विद्यालय की साढ़े तीन एकड़ भूमि जपुआ में स्थित होने की जानकारी दिए जाने पर उन्होंने अंचल अधिकारी को विस्तृत सत्यापन रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर नाराज़गी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने चिकित्सकों व कर्मियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई तथा स्पष्टीकरण तलब करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पुराने भवन को कंडम घोषित कर भवन प्रमंडल को उसे शीघ्र ध्वस्त करने का निर्देश भी दिया।

### पीएमश्री मध्य विद्यालयः सांस्कृतिक उत्साह की सराहना

निरीक्षण के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपायुक्त ने सहभागिता की और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों की सराहना की। उन्होंने शिक्षकों को विद्यालय परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने एवं विकास कार्यों में तेजी लाने को कहा।

### आंगनबाड़ी केंद्र की अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

मध्य विद्यालय परिसर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पोषाहार वितरण में लापरवाही तथा स्वच्छता की कमी पर असंतोष जताया। उन्होंने समय पर पोषाहार वितरण और स्वच्छता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयः स्वास्थ्य और संरचना पर विशेष ध्यान

निरीक्षण में उपायुक्त ने हीमोग्लोबिन जांच, आयरन की गोलियों के नियमित सेवन की सराहना की तथा स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई। साथ ही मनरेगा से परिसर सौंदर्यीकरण एवं जर्जर चहारदीवारी के प्राक्कलन को शीघ्र पूरा कर विभाग को सौंपने का निर्देश दिया।

### बिरहोर टोला – जपुआः आदिम जनजातीय समुदाय के लिए विशेष निर्देश

उपायुक्त ने बिरहोर समुदाय के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जाना और संबंधित अधिकारियों को मनरेगा अंतर्गत तालाब निर्माण, आम बागवानी योजना के क्रियान्वयन तथा निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

### प्रखंड सह अंचल कार्यालयः योजनाओं की समीक्षा एवं सिंचाई विकास पर बल

प्रखंड सह अंचल कार्यालय निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर प्रखंड में संचालित विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। उपायुक्त ने योजनाओं के निष्पादन में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। साथ ही उन्होंने गिद्धौर स्थित लोटार डैम को सिंचाई सुविधा के विस्तार की दृष्टि से विकसित करने की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए जल संसाधन विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को तकनीकी आकलन कर आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना को लेकर शिकायत, उपायुक्त ने दिए जांच के निर्देश

गांवों से आई महिलाओं ने मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना की राशि न मिलने की शिकायत की। उपायुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए जांच कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और कहा कि हर पात्र लाभार्थी को योजनाओं का लाभ समय पर मिले, यही प्रशासन की प्राथमिकता है।

कार्यालयः—वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115
Pin Code - 835207
पत्रांक ............................/ आवश्यक सूचना दिनांक ............................/

सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.05.2025 को गुप्त सूचना के आधार पर भरनो मलगो मोड़ के पास से 10 पीस पीपल बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0—अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई नर्सरी परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी—सह—वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाइ प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 10.07.2025 को प्राधिकृत पदाधिकारी—सह—वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
—सह— वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 356176 Forest, Environment and Climate Changes(25-26)D

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
SPECIAL WORKS DIVISION, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
Ranchi

CORRIGENDUM

e-Procurement Tender Reference No:- BCD/EE, Special Works Div, BCD, Ranchi-09/2025-26 Date:-11.06.25, PR No-354792 Building(25-26):D & PR No-355190 Building (25-26)_D MAKING AND INSTALLATION OF FREEDOM FIGHTER SCULPTURES OF JHARKHAND AND INDIA AT RAJBHAWAN (JHARKHAND) कार्य के लिए बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं निविदा खोलने की तिथि में कतिपय कारणों से संशोधन किया जा रहा है जिसका विवरणी निम्नवत है:—

| क्र0 सं0 | मद | तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 01.07.2025 | 07.07.2025 |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि/समय | 02.07.2025 | 08.07.2025 |

शेष सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

Nodal Officer,e-Procurement Cell,Office of the Executive Engineer,
Special Works Division Building Construction Department,
Ranchi .

PR 356161 (Building)25-26*D

## संक्षिप्त खबरें...

### देश में पहली बार मोबाइल एप से वोटिंगःबिहार की 42 नगर पालिकाओं के चुनाव के लिए मतदान खत्म

पटना. देश में पहली बार मोबाइल एप से वोटिंग हो रही है। शनिवार को बिहार के 26 जिलों की 42 नगर पालिकाओं के उपचुनाव हुए। कुल 62.41 फीसदी वोटिंग हुई। इसमें छह नगर पालिकाओं में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ई-वोटिंग हुई। ई वोटिंग, बूथ वोटिंग से काफी अधिक दर्ज हुई। 16 फीसदी अधिक ई वोटिंग हुई। ई वोटिंग का प्रतिशत 70.20 रहा। वहीं बूथ वोटिंग 54 फीसदी दर्ज की गई है। यह प्रोजेक्ट वोटिंग सेंटर्स तक पहुंचने में असमर्थ लोगों को आसानी से वोटिंग कराने के लिए किया गया है। वोटिंग के लिए दो ऐप लॉन्च किए गए। यह सुविधा लेने के लिए पहले से रजिस्ट्रेशन कराना था। चुनाव आयोग के अनुसार ई-वोटिंग के लिए 50 हजार से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक ई-वोटिंग हुई। दुबई, कतर जैसे देशों में रह रहे प्रवासी बिहारियों ने भी ऐप के जरिए वोटिंग की। मोतिहारी की विभा ने एप से पहला वोट डाला, जिससे वह देश की पहली ई-वोटर बन गई हैं।

### राजद पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने साधा निशाना, '20 महीने में और क्या बर्बाद करेंगे तेजस्वी'



पटना. केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पटना एयरपोर्ट पर पहुंचते ही तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा है कि राजद को जनता ने पहले ही 15 साल का मौका दिया था, जिसमें उन्होंने बिहार को बर्बाद कर दिया। तेजस्वी यादव द्वारा हाल ही में मांगे गए 20 महीने पर प्रतिक्रिया देते हुए चिराग ने कहा कि इनको और इनके परिवार को जितना बर्बाद करना था, कर लिया। अब 20 महीने में और क्या बर्बाद करेंगे ? चिराग पासवान ने 90 के दशक में राजद शासन की याद दिलाते हुए कहा कि बिहार आज भी उस 'जंगलराज' से पूरी तरह उबरा नहीं है, जिसे राजद शासन ने जन्म दिया था। उन्होंने कहा कि जो लोग आज बिहार छोड़कर गए हैं, उनको आज भी वो डरावना दौर याद है। नब्बे के दशक में जो किया गया, वो आज भी लोगों के जेहन में है। बिहार के विकास में सबसे बड़ी बाधा राजद रही है।

### नवादा में शराब तस्करी पर पुलिस का एक्शनः234 लीटर देसी शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

नवादा. नवादा जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की। तिलैया नदी के पास से पुलिस ने 234 लीटर देसी शराब बरामद की। साथ ही एक टेंपो और मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। थाना अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पीएसआई शैलेश कुमार और एसआई दीनानाथ राम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियान चलाया।

### पेट चीरते हुए किडनी में घुसा तीर, छात्र की मौतःपूर्णिया में कोर्ट के फैसले के बाद 2 पक्षों में फायरिंग

पूर्णिया. पूर्णिया में शनिवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। एक पक्ष ने 6 राउंड फायरिंग की और करीब 10 तीर चलाए। तीरबाजी में इंटर के एक स्टूडेंट की मौत हो गई। उसे किडनी के पास तीर लगी थी। इस घटना में 6 लोग घायल भी हुए हैं। मृतक और घायल दोनों एक पक्ष से हैं। घटना अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के अकरथापा वार्ड-7 की है। दरअसल, विवाद 5 एकड़ 44 डिसमिल जमीन का है। ये जमीन महमूद आलम की है। जिसकी पहले ही मौत हो चुकी है। उसके 2 बेटे मो. अली और मो. हनिफ के अलावा 4 बेटियां हैं।

### दो बच्चों का बाप नाबालिग से करने लगा गंदी हरकत, दांत काटकर लड़की ने बचाई इज्जत

नरकटियागंज. बिहार के पश्चिम चंपारण में एक नाबालिग को एक बहशी ने हवस का शिकार बनाने की कोशिश की। पीड़िता शिकारपुर थाना के एक गांव में एक दलित नाबालिग बेटी है। घटना शुक्रवार की है। मामले में नाबालिग लड़की की मां ने शिकारपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई है। मां के बयान पर दर्ज एफआईआर में बरवा बरौली गांव निवासी मिस्बाबुल को आरोपित किया गया है। उसकी शादी हो चुकी है और वह दो बच्चों का पिता भी है। आरोप है कि नाबालिग बगीचे में पत्ता चुनने गई थी। इसी बीच पहले से घात लगाए आरोपित ने उसे पकड़ लिया और झाड़ी में ले जाकर जबरन गंदी हरकत करने लगा। पीड़िता ने विरोध किया तो पिटाई भी की। बचाव में नाबालिग ने आरोपित को दांत काट लिया और खुद को बचाकर शोर मचाते हुए भाग निकली। घर जाकर लड़की ने परिजनों को यह बात बताई। जानकारी मिलने पर जब नाबालिग के परिजन पूछताछ करने आरोपित के घर पहुंचे तो आरोपित ने बदसलूकी की और जाति सूचक गाली गलौज करते हुए भगा दिया। उसके बाद पीड़ित परिवार थाने पर कानूनी कार्रवाई के लिए पहुंच गया। आरोपी इसी बीच अपना ठिकाना छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### वोटर वेरीफिकेशन पर घमासान में जीतनराम मांझी ने ली एंट्री, बताया- विपक्ष को क्यों लग रहा डर



पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले इलेक्शन कमीशन की ओर से कराए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण पर घमासान मचा है। तेजस्वी यादव समेत विपक्ष के प्रमुख नेताओं ने इसे गैरजरूरी करार देते हुए महागठबंधन के वोटरों को मतदान के अधिकार से वंचित करने की साजिश करार दिया। ओवैसी ने तो यहां तक कह दिया है कि इलेक्शन कमीशन के माध्यम से एनआरसी का एजेंडा लागू किया जा रहा है। इस पर नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री जीतनराम मांझी का अहम बयान आया है। उन्होंने कहा है कि वोटर वेरिफिकेशन से विपक्ष को डर इसलिए लग रहा है क्योंकि फर्जी वोटरों के नाम हट जाएंगे।

जीतनराम मांझी ने कहा है कि हम जानते हैं कि राज्य के किन-किन क्षेत्रों में फेक वोटर बने हुए हैं। इनकी संख्या कहीं 25 हजार है तो कहीं 30 हजार तक है। जब ऐसे फर्जी वोटरों के नाम हटेंगे तो डर तो उन्हीं को होगा जो गलत हैं। अगर विपक्ष के सभी वोटर सच्चे हैं तो डर क्यों? मांझी ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और उनके पिता लालू यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

### राजद-कांग्रेस बांग्लादेशियों की भाषा बोलने लगे, वोटर सर्वे पर सवाल से विजय सिन्हा भड़के



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग के मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण पर सियासी पारा गर्माया हुआ है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने अब विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और कांग्रेस पर संविधान विरोधी होने और संवैधानिक संस्था का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- राजद एवं कांग्रेस बंगाल की राह पर चल पड़े हैं। उनमें ममता बनर्जी की संगत का असर दिख रहा है। ये बांग्लादेशियों की भाषा बोलने लगे हैं। विजय सिन्हा ने शनिवार को पटना में मीडिया से बातचीत में कहा कि जब भारत का चुनाव आयोग पारदर्शिता और पवित्रता से वोटरों की पहचान करके मतदान शत प्रतिशत सुनिश्चित करना चाहता है। ऐसे में इन लोगों (आरजेडी-कांग्रेस) को बेचैनी क्यों हैं। ये लोकतंत्र के दुश्मन हैं और परिवारवाद को मजबूत करने के लिए किसी भी हद तक गिर सकते हैं।

# पुलिस में 55000 पदों पर भर्ती होगी, अफसरों को खड़ा करके बोले नीतीश- जल्दी करवाइए

पटना. बिहार पुलिस में जल्द ही 55 हजार पदों पर बहाली की जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को यह घोषणा की। 21391 नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र देते हुए अधिकारियों से पुलिस में आगामी भर्ती प्रक्रियाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। सीएम ने अपने संबोधन के दौरान मंच पर बैठे पुलिस और सरकार के आला अधिकारियों को खड़ा करवा दिया और भर्तियों में देरी होने पर नाराजगी जाहिर की।



पटना के बापू सभागार में शनिवार को नवचयनित सिपाहियों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नए सिपाहियों को नियुक्ति पत्र बांटे। अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि 21391 सिपाहियों को नियुक्ति पत्र मिल गए हैं। अब आने वाले समय में 55000 पदों पर भर्ती होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार पुलिस में जितनी महिलाएं हैं, उतनी किसी राज्य में नहीं है। 2005 में उनके सत्ता में आने से पहले बिहार में पुलिसकर्मियों की संख्या महज 42481 थी। इसे बढ़ाकर 1.10 लाख कर दिया गया। सीएम ने कहा कि दो साल पहले उन्होंने राज्य में पुलिसकर्मियों की संख्या को और बढ़ाते हुए 2.29 लाख करने का निर्णय लिया था। इसी क्रम में बड़ी संख्या में सिपाहियों को नियुक्त किया गया है। साथ ही 55 हजार और पदों पर बहाली की जाएगी। नीतीश ने अफसरों से कहा- खड़े हो जाइए नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने मंच पर अफसरों को खड़ा होने के लिए कह दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा बिहार पुलिस में शेष बचे हुए पदों पर भी जल्द से जल्द बहाली कर दीजिए। हर जगह लोगों की भर्ती होनी चाहिए। इसमें इतना देरी क्यों हो रही है। इसके बाद अधिकारियों ने कहा कि 19838 सिपाहियों की बहाली की प्रक्रिया जारी है। इसकी परीक्षा अगले महीने निर्धारित है। सीएम ने बाकी पदों पर भी तुरंत भर्ती प्रक्रिया शुरू करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

#### मेरी राजनीतिक पैदाइश ही नीतीश को सीएम बनाने के लिए हुई

बिहार बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने एक इंटरव्यू में बताया कि आखिर क्यों वो राजनीति में आए? बातचीत के दौरान सम्राट चौधरी ने राजद चीफ लालू यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होने कहा कि मेरी राजनीतिक पैदाइश ही नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने के लिए हुई। मैं तो राजनीति में आता ही नहीं। जब लालू यादव तत्कालीन मुख्यमंत्री थे। अगर उन्होने हमें जेल नहीं भेजा होता, तो मैं राजनीति में आता ही नहीं। बिहार की राजनीति के बारे में बताते हुए चौधरी ने कहा कि लालू यादव भाजपा की कृपा से मुख्यमंत्री बने, लेकिन आज बीजेपी के सबसे बड़े विरोधी चेहरा हैं। इस बात को कौन मानेगा। नई पीढ़ी को पता भी नहीं होगा कि भाजपा ने ही लालू यादव को सीएम बनाया था। अगर अपने 32 विधायकों का समर्थन नहीं दिया होता, तो लालू मुख्यमंत्री ही नहीं बने होते, कहीं भजन कीर्तन कर रहे होते एंटी नीतीश पॉलिटिक्स के सवाल के जवाब में सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार की राजनीति घूमती रहती है। कभी हम सत्ता में होते, कभी विपक्ष में होते हैं। लालू भी नीतीश के पीछे क्यों जाते हैं? बिहार को नीतीश कुमार ने बनाया है, जिसमें कोई मतभेद नहीं है। लालू यादव को भी बड़ा मौका मिला था। 15 साल खुद सीएम रहे, और फिर अपने मुखौटा को 8 साल रखा। लेकिन बिहार में कुछ नहीं किया। वो कहते हैं सामाजिक न्याय काम किया।

### राघोपुर के लिए नीतीश का खास प्लान, 6 लेन पुल के बाद अब कमिटी तैयार करेगी विकास का रोड मैप

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही में पटना से राघोपुर तक की कनेक्टिविटी वाले 6 लेन पुल का उद्घाटन किया था। और अब राघोपुर दियारा और उसके आस-पास के इलाके के विकास की संभावनाओं की तलाश के लिए राज्य सरकार ने एक कमिटी गठित की है। जो विकास की संभावनाओं के सभी पहलुओं का अध्ययन कर कार्य योजना तैयार करेगी। जिसकी जानकारी सीएम नीतीश ने ट्वीट करके दी। आपको बता दें तेजस्वी यादव राघोपुर विधानसभा से विधायक हैं। यह क्षेत्र लालू परिवार का गढ़ माना जाता रहा है। लालू यादव और राबड़ी देवी भी इसी विधानसभा से विधायक रह चुके हैं। ऐसे में नीतीश कुमार का राघोपुर के विकास के लिए खास प्लान तेजस्वी की टेंशन बढ़ा सकता है। नीतीश कुमार ने ट्विट करते हुए लिखा कि आप जानते हैं कि 23 जून 2025 को कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के पटना से राघोपुर की सम्पर्कता का लोकार्पण किया गया है। इस पुल के लोकार्पण होने से सुगम आवागमन के साथ-साथ राघोपुर दियारा इलाके में सामाजिक, आर्थिक और पर्यटकीय गतिविधियां सुदृढ़ होंगी। निवेश के नए रास्ते बनेंगे जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इससे राघोपुर दियारा तथा उसके पूर्वी एवं पश्चिमी इलाके में विकास की असीम संभावनाएं उत्पन्न हुई हैं। इस परिप्रेक्ष्य में इस क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए सड़कों के और अधिक निर्माण के साथ-साथ अन्य आधारभूत संरचनाओं का भी निर्माण करना होगा। इसे ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा एक कमिटी गठित की गई है, जो क्षेत्र का स्थल अध्ययन कर सुनियोजित विकास की संभावनाओं के सभी पहलुओं का अध्ययन कर कार्य योजना तैयार करेगी। हमारा प्रयास है कि न्याय के साथ विकास का लाभ प्रदेश के हर क्षेत्र और तबके को बिना किसी भेदभाव के समान रूप से मिले क्योंकि जनता की सेवा ही हमारा धर्म है।

## सरकारी स्कूल के टीचर पर छात्रा से छेड़खानी का आरोप, ग्रामीणों ने शिक्षक को पकड़कर धुना

मुजफ्फरपुर. मुजफ्फरपुर जिले के कांटीप्रखंड के एक स्कूल के एक शिक्षक पर छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगाते हुए अभिभावकों व ग्रामीणों ने शुक्रवार को जमकर हंगामा किया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने आरोपित शिक्षक को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद उसको कमरे में बंद कर दिया गया। वहीं, घटना की सूचना पर कांटी थानाध्यक्ष रामनाथ प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे व पूरे मामले की जानकारी ली। इसके बाद आरोपित शिक्षक व स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक को लेकर थाने आए। थानाध्यक्ष ने बताया कि छात्रा से अश्लील हरकत व बातचीत करने का आरोप शिक्षक पर लगाया गया है।

हिरासत में लेकर आरोपित शिक्षक व प्रभारी एचएम से पूछताछ की जा रही है। मामले में छात्रा के अभिभावकों को आवेदन देने को कहा गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि छात्रा ने शुक्रवार को स्कूल के शिक्षक पर अश्लील बातचीत व हरकत करने की शिकायत की। इससे पहले भी छात्रा कई बार इस तरह की शिकायत कर चुकी थी। इससे गुस्साए परिजन व ग्रामीण स्कूल पहुंचे व शिक्षक को पकड़ लिया। पिटाई के बाद आरोपित शिक्षक को कमरे में बंद कर दिया गया। इस दौरान अभिभावकों व ग्रामीणों ने पुलिस और शिक्षा विभाग से आरोपित शिक्षक पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने व स्कूल से हटाकर बर्खास्तग करने की मांग की।

इस मामले में कांटी प्रखंड शिक्षा अधिकारी रामयतन प्रसाद यादव ने बताया कि शिकायत के बाद मामले की जांच की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी को जांच रिपोर्ट आगे की कार्रवाई के लिए भेजी जाएगी। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार सिंह ने कहा कि बीईओ से रिपोर्ट मांगी गई है। इसके आधार पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, शाम में पश्चिमी डीएसपी सुचित्रा कुमारी ने छात्रा व उसके परिजन के साथ थाने पर आरोपित शिक्षक से मामले में पूछताछ की। बताया कि देर रात तक मामले में आवेदन नहीं मिला। फिलहाल, दोनों शिक्षकों को पीआर बॉन्ड पर छोड़ दिया गया है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### गोपालगंज में आइसक्रीम फैक्ट्री में गैस टंकी में विस्फोट, टेक्नीशियन की मौत से कोहराम

गोपालगंज. बिहार के गोपालगंज में एक आइसक्रीम फैक्ट्री में शनिवार को उस समय बड़ा हादसा हो गया जब गैस टंकी फट गई। इस हादसे में एक कर्मी की मौत हो गई। विस्फोट से इलाका दहल उठा। पुलिस और सेफ्टी टीम ने मौके पर पहुंचकर हालात पर काबू पाया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। मीरगंज थाना क्षेत्र के लाइन बाजार में स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री का मामला है। विस्फोट इतना भीषण था कि फैक्ट्री में कार्यरत एक टेक्नीशियन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी के रूप में की गई है। धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर मीरगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार फैक्ट्री में सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम नहीं थे। जिससे हादसा और भयावह हो सकता था। फिलहाल प्रशासन ने फैक्ट्री की गतिविधियां रोक दी है। पुलिस ने अपने स्तर पर घटना की जांच शुरू कर दिया है। सेफ्टी की टीम भी जांच में जुट गई है। ब्लास्ट से फैक्ट्री को भी नुकसान पहुंचा है जिसका आकलन किया जा रहा है।

### काराकाट में भीषण हादसा... खड़े ट्रक में घुस गई पटना जा रही बस; 11 लोग घायल



काराकाट. बिहार में एनएच-120 ए पर शनिवार शाम पांच बजे काराकाट थाना क्षेत्र में जोरावरपुर पुल के पास खड़े ट्रक में पटना जा रही बस ने जोरदार टक्कर मारी। घटना में एक दर्जन यात्री घायल हो गए। घायलों को सीएचसी गोड़ारी में भर्ती कराया गया है। दो को गंभीर हालत में सासाराम रेफर किया गया। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची व जांच की। हादसे के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई थी। बताया जाता है कि डेहरी से पटना जा रही एक बस पर 30 यात्री सवार थे। बस थाना क्षेत्र के जोरावरपुर पुल के पास खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के केबिन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में बस के सहचालक समेत लगभग 11 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों व प्रशासन के सहयोग से घायलों को गोड़ारी सीएचसी में भर्ती कराया गया। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। घायलों में महुअरी निवासी विक्रमा साह की 45 वर्षीय पत्नी पूनम देवी, तिथौ गांव के संजय कुमार की 60 वर्षीय पत्नी शारदा कुमारी, अहरांव निवासी स्व. जियुत की पत्नी देवकली कुंवर, जोन्ही निवासी शिवनारायण राम, गाजियापुर आरा भोजपुर निवासी सुमन यादव की दोनों पैर टूट गईं हैं। दिनारा निवासी लालजी सिंह की पत्नी मंजू देवी समेत दो लोगों की हालत गंभीर बतायी जाती है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सासाराम रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। प्रमुख प्रतिनिधि रामनारायण पासवान और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नो एंट्री का पालन नहीं कराये जाने से सड़क हादसे हो रहे हैं। काराकाट नो एंट्री का बोर्ड जोरावरपुर पुल के दोनों ओर लगाए गए हैं। फिर भी भारी वाहनों का प्रवेश जारी है।

### पहली बार सहरसा के रास्ते चलेगी भारत गौरव पर्यटन ट्रेनःमल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग समेत अन्य प्रसिद्ध मंदिरों का कराएगी दर्शन, प्रति व्यक्ति 23 हजार होगा किराया

समस्तीपुर. रेलवे की आईआरसीटीसी पहली बार समस्तीपुर रेलवे मंडल के सहरसा, निर्मली झंझारपुर के रास्ते भारत गौरव पर्यटन ट्रेन चलाने जा रही है। ट्रेन 14 अगस्त को रेलवे मंडल के सहरसा स्टेशन से खुलेगी। इस ट्रेन से यात्री हैदराबाद के मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग समेत कई प्रसिद्ध मंदिरों का दर्शन कर सकेंगे। ये ट्रेन भारत सरकार की 'देखो अपना देश, एक भारत श्रेष्ठ भारत' जैसी राष्ट्रीय योजनाओं के अंतर्गत चलाई जा रही है। ट्रेन चलाने के उद्देश्य भारत के विभिन्न भागों में पर्यटन को प्रोत्साहित करना एवं सांस्कृतिक एकता को मजबूती देना है।

#### 12 रात और 13 दिनों की यात्रा

आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार ने समस्तीपुर में यह जानकारी देते हुए बताया कि इस ट्रेन से यात्री 12 रात और 13 दिनों की यात्रा कर सकेंगे। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि 14 अगस्त को यह ट्रेन सहरसा से खुलेगी और निर्मली,



झंझारपुर दरभंगा होते हुए समस्तीपुर पहुंचेगी। समस्तीपुर से मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, कियूल, झाझा आसनसोल एवं पुरुलिया होते हुए तिरुपति में बालाजी एवं पद्मावती मंदिर का दर्शन कराएगी। इसके बाद रामेश्वरम में रामनाथ स्वामी ज्योतिर्लिंग, मदुरई में मीनाक्षी मंदिर, कन्याकुमारी में कन्याकुमारी मंदिर और विवेकानंद स्मारक, तिरुवनंतपुरम में पद्मनाभ स्वामी मंदिर, श्रीशैलम में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग मंदिर का दर्शन कराएगी। धार्मिक स्थल पर रुकने के लिए एसी और नॉन एसी होटल की व्यवस्था होगी।

#### मैनेजर बोले- ट्रेन में 2 तरह की सुविधा

रीजनल मैनेजर ने बताया कि इस ट्रेन में दो तरह की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इकॉनामी स्लीपर क्लास में 23 हजार 450 रुपए में नॉन एसी शाकाहारी भोजन और घूमने-फिरने के लिए नॉन एसी बस की व्यवस्था की गई है। जबकि स्टैंडर्ड क्लास के लिए 41 हजार 270 प्रति यात्री तय की गई है, जिसमें 3 एसी में यात्री यात्रा कर सकेंगे। वहीं धार्मिक स्थलों पर ऐसी होटल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ट्रेन की सभी बोगियों में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था होगी और धार्मिक स्थल पर टूरिस्ट साथ रहेंगे। इन ट्रेनों में सफर करने के लिए यात्री आईआरसीटीसी की साइट पर से टिकट की बुकिंग करा सकते हैं एक साथ 10 टिकट की बुकिंग करने पर छूट भी दी जाएगी।

### बाथरूम गई नवविवाहिता लापता, 40 दिन पहले हुई शादीःपति संग बीमार पिता को देखने बेगूसराय से लहेरियासराय आ रही थी, समस्तीपुर से हुई गायब



दरभंगा. दरभंगा के लहेरियासराय रेलवे स्टेशन से एक महिला के गायब होने का मामला सामने आया है। महिला के पति के मुताबिक, उसकी पत्नी ने टॉयलेट जाने की बात कही थी, लेकिन वापस नहीं आई। पति के मुताबिक, वो अपनी पत्नी के साथ हावड़ा-जयपनगर ट्रेन में सवार हुए थे। बेगूसराय जिला के तेघड़ा से ट्रेन चलने के बाद लहेरियासराय पहुंची। यहां उनकी पत्नी ने टॉयलेट जाने की बात कही थी। ट्रेन से गायब महिला की पहचान आंचल कुमारी के रूप में हुई है। आंचल के पति सुमित कुमार ने दरभंगा रेल थाना को आवेदन देकर बताया कि 28 जून 2025 को वह अपनी पत्नी आंचल कुमारी के साथ तेघड़ा स्टेशन से हावड़ा-जयनगर ट्रेन में सवार हुए थे। समस्तीपुर स्टेशन के पास पत्नी ने बाथरूम जाने की बात कही। इसके बाद वह लौटकर नहीं आई। सुमित ने बताया कि कुछ देर के लिए उसकी आंख लग गई थी। जब नींद खुली तो पत्नी को ढूंढा, लेकिन वह नहीं मिली। बाथरूम के पास भी गया, वहां भी वह नहीं थी। पूरी बोगी में खोजा, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। तब तक ट्रेन लहेरियासराय पहुंच चुकी थी। स्टेशन पर उतरकर भी खोजबीन की, पर पत्नी का कोई पता नहीं चला।

## जमीन विवाद में खूनी झड़प; कई राउंड फायरिंग और लाठी-तीर चले, एक की मौत, 12 घायल

अररिया. अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के बीरनगर पंचायत अन्तर्गत अकरथापा वार्ड संख्या-7 में भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। जबकि एक शख्स की मौत हो गई है। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से कई राउंड गोलियां, लाठी और तीर चलाए गए। हमले में कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई गयी है। घटना के बाद आठ घायलों को भरगामा सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जबकि चार का पूर्णिया के अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद गांव में तनाव है, पुलिस की टीम कैंप कर रही है।

इस दौरान पुलिसवालों को भी ग्रामीणों का आक्रोश झेलना पड़ा। भरगामा सीएचसी में भर्ती कराये गये घायलों में मो. गुल्फराज, हाजरा खातून, मो. अफजल, मो. तैयब,



मो. जैनुद्दीन, मो. शहाबुद्दीन और मो. जाबीर शामिल हैं। सीएचसी के डॉ. संतोष कुमार के अनुसार घायलों में मो. गुल्फराज और मो. अफजल को जांघ में गोली लगी है । प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रेफर कर दिया गया है। पूर्णिया में इलाज करा रहे घायलों का नाम का पता नहीं चल पाया है।

भरगामा थानेदार राकेश कुमार ने बताया कि चार एकड़ जमीन को लेकर मो मसूद और सफी अहमद का जेनुद्दीन से विवाद चल रहा है। शनिवार की सुबह पहले दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। फिर हिंसक झड़प हो गई। मामले की जांच जारी है, और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी

#### जमीन विवाद में सीवान में 3 सगे भाइयों पर अंधाधुंध फायरिंग, 1 की मौत, 2 पटना रेफर

बिहार के सीवान में जमीन के विवाद में खून की होली खेली गयी। पचरुखी थाने के घर थावलिया गांव में बदमाशों ने तीन तीन सगे भाइयों को गोली मार दी गई जिसमें एक भाई की मौत हो गई जबकि दो भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक पचरुखी थाना क्षेत्र के ही थालिया गांव का मोहम्मद इरशाद उर्फ राजा बताया जा रहा है। गंभीर रूप से जख्मी दो भाइयों को बेहतर इलाज के लिं पटना रेफर कर दिया गया है। बताया गया है कि तीनों भाई मो इरशाद उर्फ राजा, मोहम्मद कैफ और अजमत घर के बाहर दरवाजे पर बैठे थे। तभी बगल के ही गांव के लगभग आधा दर्जन से अधिक बदमाश आ धमाके तथा फायरिंग करने लगे। राजा के सिर में गोली लगने से मौत हो गई। हालांकि ग्रामीणों की मदद से परिजनों ने तीनों को उपचार के लिए सदा अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल लाने पर राजा को मृत घोषित कर दिया गया और दो भाइयों को भर्ती कर लिया गया। दोनों की हालत गंभीर देखते हुए बाद में पटना के लिए रेफर कर दिया गया।

एसपी मनोज कुमार तिवारी का कहना है कि जमीन संबंधी विवाद में गोलीबारी की घटना हुई है। घटना के बाद से स्थिति नियंत्रण में है। गोलीबारी की घटना को अंजाम देने वालों को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पूर्व से चल रहे विवाद को लेकर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है। एसपी ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है। पुलिस गाना गहनता से मामले की छानबीन कर रही है । जल्द ही सभी दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसपी ने खुद घटनास्थल का निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि दोपहर की नमाजके बाद वारदात को अंजाम दिया गया। गांव में एक व्यक्ति को मिट्टी देने की तैयारी चल रही थी। उसी समय गोलियों की तड़तड़ाहट से गांव दहल उठा।

# सम्पादकीय

**कोयलांचल संवाद**

रांची, रविवार, 29 जून, 2025

www.ksnewsupdates.com




# चुनाव आयोग के जरिए एनआरसी लागू?

बिहार से शुरू हुई चुनाव आयोग की नई मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया ने देश की लोकतांत्रिक नींव को हिला दिया है। इस प्रक्रिया के तहत राज्य के बाहर से आने वाले नागरिकों को यह शपथ पत्र देना होगा। उनका जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले भारत में हुआ था। साथ ही प्रमाणित करने वाले दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होंगे। चुनाव आयोग की इस कार्रवाई से मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए न केवल पुराने और दुर्लभ दस्तावेज मतदाताओं को देना होगा। आम आदमी, खासकर गरीब, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यकों को मतदाता सूची से बाहर निकालने का यह एक सुनियोजित प्रयास का आरोप विपक्षी दल लगा रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे एनआरसी से भी खतरनाक बताते हुए चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को चेतावनी दी है। उन्होंने इसे भारत के लोकतंत्र पर एक घातक हमला बताया है। उनका आरोप है चुनाव आयोग की इस कार्यवाही से गरीबों और प्रवासी मजदूरों को मतदान अधिकार से वंचित करने की यह एक साजिश है। असदुद्दीन ओवैसी ने भी इसे गुप्त एनआरसी बताते हुए विरोध दर्ज कराया है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इसे सीधा गरीबों और वंचित तबकों के मत के अधिकार को छीनने का कृत्य बताया है। चुनाव आयोग इस कार्यवाही के पीछे जो तर्क दे रही है। उसके अनुसार, मतदाता सूची की शुद्धता के लिये संविधान की मूल भावना को ही दरकिनार करने जैसा कदम माना जा रहा है। वोट डालना हर नागरिक का अधिकार है। मतदाता से ऐसे साक्ष्य की मांग करना, जो अधिकांश नागरिकों के पास नहीं है। गरीबों और मजदूरों के परिवारों की स्थिति इस तरीके की नहीं है। वह इस तरीके के दस्तावेज संभाल कर रख सकें। एक तरह से मत के अधिकार से इस प्रक्रिया से करोड़ों लोग वंचित हो सकते हैं। अगर यह कवायद सचमुच निष्पक्षता के नाम पर है तो ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार जाति जनगणना जैसे अहम सामाजिक उपायों से सरकार पीछे क्यों हट रही है। क्यों दस्तावेजों के नाम पर उन्हीं तबकों को निशाना बनाया जा रहा है। जो गरीब है, मजदूर हैं, लगातार जीवन यापन के लिए यहां से वहां भागते रहते हैं। जो बड़ी संख्या में मतदाता के रूप में दर्ज हैं। जिनके पास संसाधनों की सबसे ज्यादा कमी है। इस कार्यवाही से चुनाव आयोग की भूमिका और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसके विरोध में सभी राजनीतिक विपक्षी दलों द्वारा एकजुट होकर विरोध करना शुरू कर दिया गया है। लोकतंत्र की रक्षा के लिए यह पहला और आवश्यक कदम है। चुनाव आयोग के इस निर्णय का अभी विरोध नहीं किया गया तो ऐसी स्थिति में भविष्य में हर नागरिक के मौलिक अधिकारों पर सबसे बड़ा खतरा उत्पन्न होगा। चुनाव आयोग की यह सिर्फ एक दस्तावेजी प्रक्रिया नहीं है। चुनाव आयोग द्वारा किया गया यह संविधान की आत्मा पर प्रहार है। जिस देश में करोड़ों लोग नदी के किनारे रहते हों, हर साल बाढ़ आती हो, रोजगार के लिए उन्हें अपना घर छोड़कर सैकड़ों और हजारों किलोमीटर दूर जाना पड़ता हो, जहां घर में जन्म हो जाते हैं, जिन्होंने कभी अस्पताल का मुंह नहीं देखा हो, जो कभी स्कूल नहीं गए हैं, उन्हें कागजों की समझ नहीं है। समझ है भी तो वह संभाल कर नहीं रख पाते हैं क्योंकि उनके पास उन कागजों की कोई अहमियत नहीं है। एकाएक चुनाव आयोग जब चुनाव के नियमों में कोई परिवर्तन करता है, कोई नई व्यवस्था लागू करता है उसकी जिम्मेदारी होती है कि वह सभी राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर निर्णय करे। जिस तरह से चुनाव आयोग विपक्षी दलों के निशाने पर है, ऐसे समय में लाखों मतदाताओं को मतदाता सूची से बाहर करने का जो प्रयास चुनाव आयोग द्वारा किया जा रहा है उसकी तीव्र प्रतिक्रिया स्वाभाविक है। चुनाव आयोग को समय रहते इस पर पुनर्विचार करने की जरूरत है।

# युद्ध को ईरान और इजराइल को नुकसान के लिए अमेरिका जिम्मेवार

यूरेनियम का 400 किलोग्राम भंडार - जो 10 परमाणु हथियार बनाने के लिए पर्याप्त है, संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अमेरिकी प्रसारक एबीसी न्यूज को बताया - पिछले सप्ताह वाशिंगटन द्वारा तीन ईरानी परमाणु सुविधाओं पर छह बंकर बस्टर गिराए जाने के बाद लापता हो गया है। गायब यूरेनियम - जिसे ईरान के लिए एक शक्तिशाली सौदेबाजी चिप के रूप में देखा जाता है, जब भी वह अमेरिका के साथ नए परमाणु समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने का विकल्प चुनता है - 60 प्रतिशत तक समृद्ध है। परमाणु हथियार के रूप में उपयोग किए जाने के लिए इसे लगभग 90 प्रतिशत तक समृद्ध किया जाना चाहिएऐसी रिपोर्टें हैं कि ईरान ने हमले से कुछ दिन पहले ही भंडार के साथ-साथ कुछ उपकरणों को गुप्त स्थान पर ले जाया होगा, यह दावा इईरान अगर परमाणु हथियार हासिल कर लेता है, तो यह मध्य पूर्व और आस-पास के क्षेत्रों के लिए व्यापक रूप से अस्थिरकारी होगा। पहली चिंता यह है कि ईरान के पास परमाणु हथियार होने से इजरायल के लिए एक बड़ा, शायद अस्तित्वगत खतरा पैदा हो जाएगा - एक ऐसी चिंता जिसने इजरायल को जून 2025 में ईरान के परमाणु और सैन्य प्रतिष्ठानों पर बड़े पैमाने पर हमला करने के लिए प्रेरित किया। अन्य विदेश नीति विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ईरान इजरायल पर परमाणु हमला करता है, तो वह अपनी खुद की मौत सुनिश्चित कर लेगा, जो अमेरिका का करीबी रक्षा साझेदार है और जिसके पास खुद के परमाणु हथियार हैं, जो अघोषित हैं। विश्लेषकों का कहना है कि किसी भी तरह से, गलत अनुमान लगाने की खतरनाक संभावना होगी, जिसके परिणामस्वरूप परमाणु आदान-प्रदान हो सकता है। एक अतिरिक्त चिंता यह है कि ईरान के पास परमाणु हथियार होने से सऊदी अरब सहित अन्य क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी अपने स्वयं के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। अमेरिका के हमले से पहले की सैटेलाइट तस्वीरों में फोर्डो परमाणु संयंत्र के बाहर 16 ट्रकों की कतार दिखाई दी, जो एक पहाड़ के अंदर बना है और इसे ज़्यादातर मिसाइल हमलों के लिए अभेद्य माना जाता है, जिसके कारण इजरायल ने अमेरिका से रविवार की सुबह अपने बी-2 स्पिरिट बमवर्षक और जीबीयू-37 बंकर बस्टर बम तैनात करने के लिए कहा। जरायली अधिकारियों ने न्यूयॉर्क टाइम्स से दोहराया है। बम फोर्डो, नतांज और इस्फ़हान परमाणु सुविधाओं पर गिराए गए। हमले के बाद की तस्वीरों में तीनों को काफ़ी नुकसान हुआ, लेकिन ट्रक गायब थे। अमेरिका के बंकर बस्टर हमले से पहले और बाद में ईरान की फोर्डो परमाणु सुविधा की तस्वीरें से पता चलता है कि नुकसान हुआ है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि क्या ले जाया गया और इसे कहाँ ले जाया गया, हालाँकि अमेरिका और इज़राइल का दृढ़ विश्वास है कि इसे प्राचीन राजधानी इस्फ़हान के पास एक अन्य भूमिगत भंडारण सुविधा में ले जाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी, एक वैश्विक परमाणु निगरानी संस्था - के प्रमुख राफेल ग्रॉसी के अनुसार, ईरान पर इजराइल के पहले हमले से एक सप्ताह पहले इसका अंतिम निरीक्षण किया गया था। पिछले सप्ताह ग्रॉसी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा कि यह आवश्यक है कि IAEA जल्द से जल्द निरीक्षण फिर से शुरू करे। दुनिया को यह भी चेतावनी दी कि निरंतर सैन्य वृद्धि हेतु रक्षा बजट बढ़ाने को कहा क्योंकि इससे अपरिहार्य कार्य में देरी करती है और ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए राजनयिक समाधान की संभावनाओं को कम करती है। क्या ईरान के पास वास्तव में परमाणु हथियार हैं, या हथियार-ग्रेड परमाणु सामग्री है ये अब क्यों आ रहा ईरान ने लंबे समय से जोर देकर कहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। लेकिन दावा है कि वह परमाणु हथियार बना रहा है, यह इज़राइल द्वारा अपने हमले से पहले लहराया गया लाल झंडा था। इजरायल के हमलों के बाद ईरान ने परमाणु अप्रसार संधि से हटने की धमकी दी, जो परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रणाली का हिस्सा है। ईरान के उप विदेश मंत्री तख्त रवांची ने इस दावे को खारिज कर दिया कि कार्यक्रम को छोड़ दिया जाएगा। कोई भी हमें यह नहीं बता सकता कि हमें क्या करना चाहिए...उस पहाड़ की उपग्रह छवि जिसके भीतर फोर्डो परमाणु संयंत्र बनाया गया है। हालाँकि, इस संबंध में अमेरिकी कथन थोड़ा भ्रमित करने वाला रहा है।

# बेटियों के लिये मोह बढ़ना संतुलित समाज का आधार

> **जन्म से पहले ही पता चल जाए कि लड़की यानी बालिका पैदा होगी तो माता-पिता उसकी जान लेने से भी नहीं कतराते। कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं इसी सोच का परिणाम बनी। पिछली सदी में समाज के एक बड़े वर्ग में यह एक विभीषिका ही थी कि परिवार की धुरी होते हुए भी नारी को वह स्थान प्राप्त नहीं था जिसकी वह अधिकारिणी थी। उसका मुख्य कारण था सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिका शिक्षा के प्रति संकीर्णता। कितनी विडम्बना है कि देश में हम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा बुलन्द करते हुए एक जोरदार मुहिम चला रहे हैं उस देश में लगातार बालिकाओं की संख्या घटने का दाग लगता रहा है।**

ललित गर्ग

दुनियाभर में माता-पिता आमतौर पर अब तक बेटियों की तुलना में बेटों को ज्यादा पसंद करते आ रहे हैं, लेकिन प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में एक सूक्ष्म, महत्वपूर्ण और बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि अब लड़के की तुलना में लड़कियों को अधिक पसंद किया जाने लगा है। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि लड़कियों के प्रति पूर्वाग्रह कम है और संभवतः लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह ज्यादा है। नए साक्ष्य एवं अध्ययन इस बदलाव का संकेत देते हैं, जो संभवतः बढ़ते एकल परिवार परम्परा, तथाकथित आधुनिक-सुविधावादी जीवनशैली एवं कैरियर से जुड़ी प्राथमिकताओं के चलते लड़कों से जुड़े एक सूक्ष्म भय, उपेक्षा एवं उदासीनता को उजागर करते हैं। 'द इकोनॉमिस्ट' द्वारा ताजा प्रकाशित रिपोर्टों में, लिंग प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में कुछ ऐसे ही दिलचस्प रुझान सामने आए हैं, जिसमें लड़कों के प्रति सदियों पुराना झुकाव अब कम हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में माता-पिता अब लड़कों की तुलना में लड़कियों को भविष्य की सुरक्षा को लेकर अधिक पसंद कर रहे हैं। विकासशील देशों में, लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह कम हो रहा है, जबकि अमीर देशों में लड़कियों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, युवा पुरुषों और महिलाओं के बीच लैंगिक भूमिकाओं को लेकर विचारों में अंतर बढ़ता जा रहा है।

ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में, भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान नीचे है, और इसका लैंगिक समानता स्कोर 64.1 प्रतिशत है। वर्तमान प्रगति की दर से, पूर्ण लैंगिक समानता प्राप्त करने में 134 वर्ष लगेंगे, जो दर्शाता है कि प्रगति की समग्र दर धीमी है। इन रिपोर्टों से पता चलता है कि दुनिया भर में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति हो रही है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। भारत के लिये लैंगिक समानता की दिशा में दो पायदान की गिरावट का सबसे बड़ा कारण महिला समानता को लेकर चल रहे आन्दोलन है। भारत की बेटियां आज अंतरिक्ष से लेकर खेल के मैदान तक में बुलंदियां छू रही हैं। वे परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में उल्लेखनीय भूमिकाओं का निर्वाह कर रही हैं। सरकार द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'सुकन्या समृद्धि योजना' जैसे सराहनीय पहल के जरिए बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं।

इक्कीसवीं सदी की चौखट पर खड़ी दुनिया में बड़े व्यापक बदलाव हो रहे हैं। इंसानी रिश्तों की अहमियत को लेकर भी नई सोच पनप रही है। अब अमेरिका, दक्षिण कोरिया, भारत और चीन में, लिंग अनुपात सामान्य या यहां तक कि बेटी की पसंद के संकेत दिखाने लगा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस बदलाव की असल वजह क्या है? दरअसल, माता-पिता में यह धारणा बलवती होती जा रही है कि बेटियां उनकी ढलती उम्र में धीरे-धीरे अधिक विश्वसनीय देखभाल करने वाली साबित हो सकती हैं। उन्हें परिवार से गहरे तक जुड़े रहने की अधिक संभावना के रूप में देखा जाने लगा है। आज बेटियों को बेटों के मुकाबले बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शनकर्ता, परिवार सार-संभालकर्ता, माता-पिता के प्रति जिम्मेदारी निर्वाहकर्ता के रूप में देखा जाने लगा है। तेजी से कामकाजी दुनिया का हिस्सा बनने के कारण वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी होने से अनेक पारिवारिक जिम्मेदारियों के लिये अधिक संवेदनशील है। ऐसा माना जाने लगा है कि बेटियां बेटों के मुकाबले में ज्यादा संवेदनशील होती हैं और जीवन के अंतिम पड़ाव में मां-बाप को सुरक्षा कवच प्रदान कर सकती हैं। जिसके चलते लोग बेटों के मुकाबले बेटियों को अपनी प्राथमिकता बनाने को तरजीह देने लगे हैं। पश्चिमी देशों में गोद लेने और आईवीएफ के डेटा दिखाते हैं कि बेटियों को चुनने की दिशा में स्पष्ट झुकाव है। दरअसल, पश्चिमी देशों के एकल परिवारों में बेटे अपनी गृहस्थी बसाकर मां-बाप को उनके भाग्य पर छोड़ जाते हैं। भारत में भी यही स्थितियां देखने को मिल रही है। जबकि सदियों से भारत की समाज-व्यवस्था एवं परिवार-परम्परा पुत्र मोह की ग्रंथि से ग्रस्त रहा है। जिसके चलते शिशु लिंग अनुपात में असंतुलन बढ़ता गया है। देश में हुई 2016 की जनगणना में लड़कों की तुलना में लड़कियों की घटती संख्या के आंकड़े चौंकाते ही नहीं बल्कि दुखी भी करते हैं। जिस तरह से लड़के-लड़कियों का अनुपात असंतुलित हो रहा है, उससे ऐसी चिन्ता भी जतायी जाने लगी है कि यही स्थिति बनी रही तो लड़कियां कहां से लाएंगे? हालत यह है कि आंध्र प्रदेश में 2016 में प्रति एक हजार लड़कों के मुकाबले महज आठ सौ छह लड़कियों का जन्म दर्ज किया गया। हालांकि, अब अधिकारिक आंकड़े बता रहे हैं कि देश में शिशु लिंग अनुपात दर में सुधार हुआ है। जन्म से पहले ही पता चल जाए कि लड़की यानी बालिका पैदा होगी तो माता-पिता उसकी जान लेने से भी नहीं कतराते। कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं इसी सोच का परिणाम बनी। पिछली सदी में समाज के एक बड़े वर्ग में यह एक विभीषिका ही थी कि परिवार की धुरी होते हुए भी नारी को वह स्थान प्राप्त नहीं था जिसकी वह अधिकारिणी थी। उसका मुख्य कारण था सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिका शिक्षा के प्रति संकीर्णता। कितनी विडम्बना है कि देश में हम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा बुलन्द करते हुए एक जोरदार मुहिम चला रहे हैं उस देश में लगातार बालिकाओं की संख्या घटने का दाग लगता रहा है। यह दाग 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प पर भी लगा है और यह दाग हमारे द्वारा नारी को पूजने की परम्परा पर भी लगा है। लेकिन प्रश्न है कि हम कब बेदाग होंगे? लेकिन अब इस संकीर्ण सोच में बदलाव आना एक सुखद संकेत है। अच्छे भविष्य के लिए हम बेटियों की पढ़ाई से ही सबसे ज्यादा उम्मीदें बांधते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारे हमारे संकल्प को बताते हैं, हमारी सदिच्छा को दिखाते हैं, भविष्य को लेकर हमारी सोच को जाहिर करते हैं, लेकिन वर्तमान की हकीकत इससे उलट है, इसे बदलने में अभी भी लम्बा सफर तय करना होगा। बालिकाएं पढ़ाई में अपने झंडे भले ही गाड़ दें, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने से रोकने की क्रूरताएं कई तरह की हैं। शताब्दियों से हम साल में दो बार नवरात्र महोत्सव मनाते हुए कन्याओं को पूजते हैं। लेकिन विडम्बना देखिये कि सदियों की पूजा के बाद भी हमने कन्याओं को उनका उचित स्थान और सम्मान नहीं दे पाये हैं।

# एससीओ में रक्षामंत्री का चीन-पाक को कड़ा संदेश

> **चीन लगातार पाक के आतंकवाद पर सहयोगी दृष्टिकोण अपनाये हुए है। उसे आतंकवाद के खिलाफ सख्त होना चाहिए लेकिन वह पहले भी आतंकवाद के प्रति नरमी दिखा चुका है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वह पाक के आतंकी सरगनाओं का बचाव कर चुका है। इससे उसकी बदनामी भी हुई थी, लेकिन उस पर कोई असर नहीं पड़ा। चीन आतंक को लेकर जितना संवेदनशील होना चाहिए, पाक के कारण वह उतना नहीं हो पा रहा है। इससे उनकी अन्तर्राष्ट्रीय छवि आहत हो रही है, लेकिन वह सुधरने को तैयार नहीं है। यह स्पष्ट है कि एससीओ में चीन-पाक के बीच बढ़ते शरारत भरे तालमेल पर भारत को इस संगठन में अपनी भूमिका को लेकर सतर्क एवं सावधान होना होगा।**

ललित गर्ग

भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के पोर्ट सिटी किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए संयुक्त घोषणापत्र में हस्ताक्षर करने से मना कर न केवल पाकिस्तान और चीन को नये भारत का कड़ा संदेश दिया, बल्कि दुनिया को भी जता दिया कि भारत आतंकवाद को पोषित एवं पल्लवित करने वाले देशों के खिलाफ अपनी लड़ाई निरन्तर जारी रखेगा। घोषणापत्र में बलोचिस्तान की चर्चा की गई थी किन्तु पहलगाम के क्रूर आतंकवादी हमले जिनमें धर्म पूछकर 26 लोगों को मारे जाने का कोई विवरण नहीं था। भारत की आतंकवाद को लेकर दोहरे मापदंड के विरुद्ध इस दृढ़ता एवं साहसिकता की चर्चा विश्वव्यापी हो रही है। भारत ने विश्व को आगाह कर दिया है कि अब आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। राजनाथ सिंह के अडिगता एवं असहमति के इस कदम से एससीओ के रक्षामंत्रियों का सम्मेलन बिना संयुक्त वक्तव्य जारी किये ही समाप्त हो गया, जो पाकिस्तान एवं चीन के मुंह पर करारा तमाचा है। ऐसा होना भारत की ही जीत है और चीन-पाकिस्तान के लिये शर्मसार होने की घटना है। विशेषतः इस घटनाक्रम से चीन की बदनीयत एक बार फिर से उजागर हो गई है।

भारत विश्व स्तर पर इस कोशिश में लगा रहता है कि आतंकवाद का दबाव कम हो, दुनिया आतंकमुक्त बने, निर्दोष लोगों की क्रूर आतंकी हत्याओं पर विराम लगे, पर दुर्भाग्य से दुनिया में अनेक देश अपना राजनीतिक नफा-नुकसान देखकर ही इस पर अपना रुख तय करते हैं। वास्तव में एससीओ की बैठक में भी यही हुआ है। त्रासद विडंबना है कि एससीओ में शामिल देशों ने भारत में पडोसी देश पाक की आतंक घटनाओं पर विसंगतिपूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण रवैया अपनाया। वास्तव में, यह एक और प्रमाण है कि पाक पोषित आतंकवाद संबंधी भारतीय शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इस बीच, अमरनाथ यात्रा से ठीक एक सप्ताह पहले गुरुवार को उधमपुर जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ बताती है कि पाक की आतंकी हरकतें रुक नहीं रही है, अमरनाथ यात्रा पहले ही आतंकियों के निशाने पर रही है और इस बार भी आतंकियों के निशाने पर है, विगत तीन दशक से तनाव की स्थिति में ही अमरनाथ यात्रा हो रही है। सुरक्षा बल शांतिपूर्ण यात्रा के लिए प्रयासरत हैं लेकिन एससीओ जैसे संगठनों को पाक को सख्त हिदायत देते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत में पाक समर्थित आतंकवाद रुकना चाहिए। निश्चित ही एससीओ सम्मेलन में भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एक निडर एवं साहसिक नेता के रूप में उभरे। उन्होंने आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार करने की भारत की नई नीति की रूपरेखा सम्मेलन में रखी। उनका कहना था कि संगठन के सदस्य देशों को आतंकवाद जैसी सामूहिक सुरक्षा से उत्पन्न चुनौती के मुकाबले के लिये एकजुट होना चाहिए। उनका मानना था कि कट्टरता, उग्रवाद और आतंकवाद दुनिया में शांति, सुरक्षा और विश्वास को कम कर रहे हैं। यह भी कि आतंकवाद पर तार्किक प्रहार किए बिना सदस्य देशों में शांति व समृद्धि संभव नहीं है। उनका मानना था कि इन तत्वों को बेनकाब करने का प्रयास किया जो आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिये उसे प्रश्रय देते हैं। उनका मानना था कि एससीओ आतंकवाद पर दोहरे मापदंड अपनाने के बजाय इसको प्रश्रय देने वाले देशों की आलोचना करे, आतंकवाद को समाप्त करने की मुहिम में निष्पक्ष बने। यह भी अच्छा हुआ कि रक्षामंत्री इस पर भी अड़े रहे कि एससीओ में आतंक का समर्थन करने वाले देशों की निंदा एवं भर्त्सना होनी चाहिए। इसका अर्थ था कि पाकिस्तान को बख्शा न जाए, लेकिन चीन ने आशंका के अनुरूप ढिठाई एवं बदनियत ही दिखाई।


चीन लगातार पाक के आतंकवाद पर सहयोगी दृष्टिकोण अपनाये हुए है। उसे आतंकवाद के खिलाफ सख्त होना चाहिए लेकिन वह पहले भी आतंकवाद के प्रति नरमी दिखा चुका है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वह पाक के आतंकी सरगनाओं का बचाव कर चुका है। इससे उसकी बदनामी भी हुई थी, लेकिन उस पर कोई असर नहीं पड़ा। चीन आतंक को लेकर जितना संवेदनशील होना चाहिए, पाक के कारण वह उतना नहीं हो पा रहा है। इससे उनकी अन्तर्राष्ट्रीय छवि आहत हो रही है, लेकिन वह सुधरने को तैयार नहीं है। यह स्पष्ट है कि एससीओ में चीन-पाक के बीच बढ़ते शरारत भरे तालमेल पर भारत को इस संगठन में अपनी भूमिका को लेकर सतर्क एवं सावधान होना होगा। भारत को यह भी देखना होगा कि विस्तार ले रहे इस संगठन में अपनी महत्ता कैसे स्थापित करे। यह ठीक है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मनमाने रवैये के कारण चीन भारत से संबंध सुधारना चाहता है और कुछ मामलों में अपना रुख बदलने के लिए विवश भी हुआ है, पर इसका यह मतलब नहीं कि वह भारत के हितों की अनदेखी करे या फिर अमेरिका एवं पश्चिम के अन्य देशों की तरह आतंकवाद पर दोहरा रवैया अपनाए और आतंक के समर्थक पाक का सहयोग एवं समर्थन जारी रखे। भारतीय नजरिये से देखें, तो अमेरिका और चीन, दोनों ही भारत में आतंकवाद के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। भूलना नहीं चाहिए, पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाक सैन्य जनरल का अपने भवन में भोज के साथ स्वागत किया है। ऐसे घटनाक्रमों से भारत के लिए संदेश साफ है कि वह आतंरिक स्तर पर आतंकियों के लिये अपने संघर्ष को तीखी धार दे। भारत को अपनी आर्थिक एवं सैन्य ताकत बढ़ानी होगी, तभी आतंकवाद को कुचला जा सकता है। आतंकवाद के खिलाफ उसे अकेले की संघर्षरत रहना होगा। दरअसल, एससीओ सम्मेलन में भारत चाहता था कि अंतिम दस्तावेज में आतंकवाद को लेकर भारतीय चिंताओं को जगह दी जाए। इसीलिये सम्मेलन में रक्षामंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की तार्किकता को बताया और पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना दुनिया के सामने स्पष्ट थी और दुनिया के तमाम देशों ने इसकी निंदा भी की। इसी से दो देशों के बीच युद्ध की नौबत आ गई, एससीओ सम्मेलन में उस हमले को तवज्जो न देने की रणनीति दरअसल हकीकत के साथ मखौल एवं दोगलापन है। लेकिन सम्मेलन में रक्षामंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जी-7 शिखर सम्मेलन में कही उन बातों को ही विस्तार दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को कभी पुरस्कृत नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने यह आश्चर्य जताया था कि आतंक के अपराधियों और इसके पीड़ितों को एक तराजू में कैसे तोला जा सकता है? यह कड़ा संदेश प्रधानमंत्री ने अमेरिका को दिया था।

# जैनरिक दवा मैडिकल माफियाओं के गिद्ध दृष्टि की गिरप्त

विनोद कुमार सिंह

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने एक मई 2025 को मौखिक रूप से टिप्पणी की है कि यदि डॉक्टरों को केवल जेनेरिक दवाएं ही लिखने के लिए विधिक रूप से बाध्य किया जाए,तो फार्मा कंपनियों द्वारा महंगी ब्रांडेड दवाओं के प्रचार हेतु डॉक्टरों को दी जाने वाली कथित घूस की समस्या काफी हद तक समाप्त हो सकती है प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना जन औषधि केन्द्र के माध्यम से आम जनता को सस्ती व अच्छी दवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है,लेकिन यथार्थ की धरातल पर इस योजना का नजारा कुछ और ही है। आपको बता दे कि भारत में जेनेरिक दवा बेचने के 9500 से भी अधिक जन औषधि केन्द्र हैं। इन अधिकतर केन्द्रों में नागरिकों को जेनेरिक दवा नहीं मिल रही है। अगर कहीं जेनेरिक दवा उपलब्ध है भी तो डॉक्टरों तथा निजी दवा कंपनियों का गठजोड़ उन जेनेरिक दवा का प्रयोग के रास्ते में बड़ा बाधक बन रहा है। 60 श्रेणी की 60,000 किस्म की दवाइयां उन औषधि केन्द्रों के लिए बनाई जाती है,फिर भी ब्रांडेड औषधि के मुकाबले जेनेरिक औषधियों का उत्पादन हिस्सा मात्र डेढ़ प्रतिशत ही है। जो इस बात का पुष्टि करता है कि आज भी ब्रांडेड फार्मा कंपनियों का ही बाजार में बोलबाला है। सर्व विदित रहें फार्मा कम्पनी दवा के नाम पेटेंट करा कर ऊँची कीमत पर बेचती हैं,जबकि जेनेरिक दवा 40 से 90 प्रतिशत तक कम मूल्य पर उपलब्ध हैं। उदाहरण के तौर पर क्रोसिन व डोलो का शुद्ध साल्ट पेरासिटामोल है किन्तु पेटेंट नाम होने से साल्ट कई गुणा ऊंची कीमत पर बिकता है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने चिकित्सकों को जेनेरिक औषधियां मरीज के पर्चे पर लिखने की सलाह दी तो इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आई एम ए) ने आसमान सिर पर उठा लिया। पूरे देश में जेनेरिक औषधियों के विरुद्ध एक अभियान चलाया गया। मरीजों और उनके रिस्तेदारों को यह बताया गया कि जेनेरिक दवायें बकवास हैं,30 प्रतिशत भी असरदार नहीं। खासकर कैंसर व हार्ट रोग की जेनेरिक दवाइयां तो बिल्कुल बेअसर है। भारत सरकार की जेनेरिक दवा योजना को डॉक्टरों व दवा कंपनियों के साथ गठजोड़ कर रखा है। इसी कारण तमाम डाक्टरों ने मिलकर भारत सरकार में स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह को रद्दी की टोकरी में डाल दिया है। आश्चर्य है कि सरकारी अस्पताल के डॉक्टर्स भी पर्ची पर ब्रांडेड दवाइयों के नाम लिखते हैं जबकि उन्हें स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जेनेरिकऔषधि को प्रिस्क्राइब करने के आदेश हैं। कई निजी अस्पताल में सरकारी डॉक्टर अपना प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं,जिन्होंने अपने निजी क्लीनिक पर स्वयं मेडिकल स्टोर खोल रखा है या खुलवा रखा है,वहां जेनेरिक औषधि नहीं,केवल ब्रांडेड दवाएँ ही मिलती है। अधिकांश जन औषधि केन्द्रों पर दवाओं की उपलब्धता नहीं होती। 80 प्रतिशत ऐसा ही होता है। जिला अस्पताल के सामने एक मेडिकल स्टोर पर भी जन औषधि केन्द्र का बोर्ड लटका है। वहां भी जेनेरिक दवाइयां कम ही उपलब्ध हैं। देश के किसी भी कोने में जाएं जेनेरिक दवा की योजना को धंधेबाज पूरी तरह से हजम कर चुके हैं। नीजी अस्पतालों,क्लिनिकों तथा नर्सिंग होम का और भी बुरा हाल है।

# बदहजमी के कारण, लक्षण और इलाज




**बदहजमी समस्या वह समस्या है जब हम भोजन या अन्य पदार्थों को खाने के रूप में उपयोग करते है। उस आहर का अच्छे से ना पचपाना या हजम ना होना उसको बदहजमी समस्या रोग कहते है। पाचनक्रिया के दोरान पेट में गैस का बनना एक सामान्य प्रकिया है। परन्तु कई बार इस प्रक्रिया की तीव्रता बढ़ जाती है और पेट में तीव्र पीड़ा होती है। बाद में यह बदहजमी समस्या रोग गंभीर बीमारी का रूप ले लेती है। यह समस्या शरीर में हाइड्रोक्लोरिक का ना बनना है जो आहर को पचाता है।**

## बदहजमी समस्या के कारण

1. भोजन की अधिकता और समय पर नही खाना बदहजमी का कारण है।
2. भोजन को अच्छे से चबाकर न खाना और व्यायाम, शाररिक परिश्रम ना करना।
3. तला हुआ व मसालेदार भोजन, चाय, काफी, धुम्रपान, अल्कोहल का अधिक सेवन भी बदहजमी का कारण है।
4. समय पर ना सोना, कम नींद लेना, तनाव, क्रोध और भय भी बदहजमी के कारण है।

## बदहजमी समस्या के लक्षण

1. लगातार लम्बे समय से पेट में गैस का बनते रहना।
2. खाना, खट्टी डकारें या खटा पानी मुहं से आना।
3. तनाब में रहना और स्वभाव में चिडचिडापन आना।
4. सांस फूलना व मतली (जी मितलाना) होना।
5. समय पर भूख ना लगना, जलन होना, पेट दर्द व पेट का फूलना और सिरदर्द होना।



## बदहजमी समस्या का इलाज

आइए जानते है कुछ दवाओं के नाम जो बदहजमी रोग के लिए प्रयोग में लाई जाती है। वसे तो बाजार में बहुत सी दवा उपलब्ध है परन्तु हम कुछ महत्वपूर्ण दवा की ही जानकारी सांझा करेगें। यह विवरण केवल आप की जानकारी के लिए है। किसी भी दवा का उपयोग करने से पहले चिकित्सक की सलाह जरुर ले नही तो इनके दुष्प्रभाव हो सकते है कोई भी दवा रोगी की मानसिक और शाररिक स्थिति को ध्यान में रख कर दी जाती है। तो चिकित्सक की सलाह से दवा ले और दुष्प्रभाव से बचें।

### सिमेथिकोने

यह दवा हिचकी, पेट में दर्दनाक दबाब, पेट में सुजन और अन्य रोगों के लिए उपयोग में लाई जाती है। इस दवा को चिकित्सक की देख रेख में ही ले क्योंकी इसके परिणाम रोगी की स्थिति पर निर्भर करते है।

### गैस अक्स

इस दवा को कब्ज, खटी डकार, दर्द भूख में कमी, तनाव और अन्य रोगों के लिए प्रयोग में लाया जाता है। इस दवा के परिणाम और दुष्परिणाम की लिए चिकत्सक की सलाह से ले।

### डॉमसटाल

इस दवा को इस दवा को उलटी, मतली और मधुमेह के लिए निर्देशित किया गया है।

### म्यलानता


यह दवा फुले हुए पेट, गैस और अन्य रोगों के लिए निर्देशित की गईं।

## बदहजमी का आयुर्वेदिक व घरेलू इलाज

बदहजमी का आयुर्वेदिक व घरेलू इलाज, आप चाहे इसे बदहजमी कहिए, चाहे अपच, चाहे वात अग्नि दोष चाहें कुछ भी कहिए परन्तु ये बदहजमी रोग इंसान के स्वास्थ्य तंत्र जीवन को तो अस्त वस्त तो कर ही देता है और साथ में अनेक रोगों को आमन्त्रण भी देता है। क्योंकी आज की रफ्तार भरी जिन्दगी, आगे निकलने की प्रतिस्पर्धा में इंसान कहि ना कहि अपने आप और अपने स्वास्थ्य को भूल गया है। इसी भूल में उसे यह नही पता की वह क्या खाता पीता है, कब सोता उठता है। इसी अव्यवस्था के कारण बदहजमी जैसे रोग होते है। जो आहार हम शरीर को उर्जा देने के लिए खाते हमारा शरीर उसको पाचन तंत्र में दोष की वजह से उसे पचा नही पाता उसे बदहजमी कहते है।

## बदहजमी का आयुर्वेदिक इलाज

शहद और निम्बूः शहद और निम्बू इंसान के लिए बदहजमी का आयुर्वेदिक इलाज के लिए एक बेहतरीन ओषधि है एक गिलास गुनगुने पानी मे एक छोटा चम्मच शहद और एक निम्बू प्रतिदिन डाल कर पिएँ।
एलोवेराः दुरुस्त पाचन क्रिया के लिए एलोवेरा का ताजा रस निकलकर 20 से 25 मिलीलीटर एक गिलास पानी में मिलाए और पीजिए यह प्रक्रिया दिन में 2 से 3 बार दोहराएं इस रोग से छुटकारा मिलेगा। यह भी बदहजमी का आयुर्वेदिक इलाज है।



हिंगवषटक और त्रिफला चूर्णः इन चूर्णों को सुबह और शाम दोनों की एक एक छोटी चम्मच गुनगुने पानी में खाना खाने के 10 से 15 मिनट बाद लेनी है। इस रोग के लिए यह बहुत ही गुणकारी आयुर्वेदिक दवा है।
सर्वकल्प क्वाथंः सर्वकल्प 200 ग्राम और 500 मिलीलीटर पानी इसको एक बर्तन में ले और इसको तब तक उबालो जब तक की ये 150 ग्राम हो जाए। अब इसको साफ कपड़े में छान कर शुबह शाम खाना खाने से पहले पिएँ। इसे गले की खरास, मतली, खटी डकार और पाचनक्रिया दुरुस्त होगी।

## बदहजमी का आयुर्वेदिक इलाज

1. दो छोटा चम्मच अदरक, एक निम्बू इन दोनों का रस एक गिलास में डाले उसमें अपनी आवश्यकता अनुसार काला या सेंधा नमक डाले और पीले यह पेट की बीमारी और बदहजमी के लिए एक अच्छा उपाय है।
2. यदि आप गैस की समस्या से परेशान है तो उबला हुआ लोंग का पानी पिए इसे आपकी गैस की समस्या दूर होगी।
3. भोजन के बाद बदहजमी और गैस की समस्या दूर करने के लिए अजवायन युक्त उबले हुए पानी का उपयोग करे।
4. यदि पेट फूलने व मतली (जी मितलाना) की समस्या है तो सौफ का प्रयोग करे। सौफ के दाने चबा भी सकते है, चाय बनाकर पिसकते है या फिर काढ़ा बनाकर भी प्रयोग कर सकते है।
5. एसिड के लिए एक गिलास गुनगुना पानी और 2 छोटा चम्मच खाने का सोढा डाल कर पीले समस्या दूर हो जायगी।
6. दिन में 2 से 3 बार हर्बल चाय का प्रयोग करे पाचनक्रिया अच्छी होगी।
7. तुलसी के बारे में तो सब जानते है वो हमारे स्वास्थ्य के लिए कितनी गुणकारी होती है। उसकी चाय भी दिन में आवश्यता अनुसार प्रयोग कर सकते है जो लगभग सभी रोगों से छुटकारा दिलाने में एक गुणकारी ओषधि है।

## क्या न करें

1. एक साथ अधिक खाना न खाए थोड़ा थोड़ा कर के खाए।
2. नियमित रूप से सुबह शाम व्यायाम करे और अपनी दिनचर्या बनाए।
3. मानसिक रूप से तनाव मुक्त रहें, क्रोध ना करें।
4. एल्कोहल और धुम्रपान से दूर रहें इनका प्रयोग ना करे।
5. खाने के निवाले को कम से कम 25 से 30 बार चबाकर खाएं।
6. तले हुए और मसालेदार पदार्थो का खाने में प्रयोग ना करें।
7. खाने के तुरंत बाद सोने का प्रयास ना करे लगभग 30 मिनट तक इधर उधर टहले।



# फलों और हरी सब्जियों की कमी से मधुमेह का शिकार हो रहे बच्चे

*बच्चों में मधुमेह के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जानकारों के अनुसार फलों और हरी सब्जियों की कमी से मधुमेह (डायबिटीज) का रोग बढ़ा है। 10 या 11 साल की की उम्र में ज्यादातर बच्चें अधिक वजन वाले या मोटापे का शिकार हो रहे है जिससे उनमें डायबिटीज जैसी बीमारी के लक्षण देखने को मिल रहे हैं।*




स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि हर दिन दो तिहाई से अधिक लोग फलों और हरी सब्जियों का खाने में कम इस्तेमाल करते है, जिससे उनमें डायबिटीज टाइप 2 जैसी गंभीर बिमारी होने के खतरा हो सकता है।
विशेषज्ञों का मानना है कि व्यस्क हर दिन फलों और सब्जियों के तीन या उससे कम हिस्से का सेवन करते हैं जिससे करीब 12 मिलियन लोग, डायबिटीज टाइप 2 के शिकार हो सकते हैं।
एक सर्वे में पाया गया कि 66 प्रतिशत व्यस्क हर दिन केवल तीन या उससे कम मात्रा में फल और सब्जियां खाते हैं। जिनमें से 90 प्रतिशत लोगों को टाइप 2 डायबिटीज हैं। चैरिटी का कहना है कि अगर लोग अपने रहन सहन में बदलाव लाए तो डायबिटीज के पांच मामलों में से तीन से बचा जा सकता है। हर कोई जानता है कि उन्हें पांच दिन फल और सब्जियां खाना चाहिए लेकिन फिर भी यह सर्वेक्षण बताता है कि यह संदेश लोगों तक ठीक तरह से नहीं पहुंच रहा है।

यह जानना खतरनाक है कि अधिकांश लोग अभी भी पर्याप्त फलों और सब्जियों के सेवन से काफी दूर हैं। इतना ही नहीं, कई लोगों को इस बारे में भी नहीं पता हैं कि उन्हें कितनी मात्रा में फल और सब्जियां खाना चाहिए। डायबिटीज वाले लोगों के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल के साथ हेल्दी खाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जिससे उनको इस गंभीर बीमारी को रोकने में आसानी होगी।
लोगों को बंद डिब्बों में मिलने वाले खाद्य पदार्थों में कितनी मात्रा में चीनी पाई जाती है इसकी जानकारी नहीं है। दो तिहाई लोगों को यह नहीं पता कि एक टिन बेक्ड बीन्स में चीनी के पांच चम्मच तक शामिल हो सकते हैं। लगभग दस में से छह लोगों ने कहा कि वे ज्यादा सब्जियां खाना चाहते है, लेकिन 23 प्रतिशत का कहना है कि वे काफी महंगी होती हैजबकि 10 लोगों में से लगभग एक का कहना हैं कि इसे बनाने में बहुत समय लगता है।

# बच्चों को टाइफाइड से बचायें



*बरसात के मौसम में मच्छर आदि की संख्या बढ़ जाती है, और रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। इन्ही में एक संक्रामक रोग टाइफाइड है, यह बुखार ऐसा है जो एक निश्चित समय के लिए होता है। यह किसी संक्रमित व्यक्ति के मल के माध्यम से दूषित वायु और जल से होता है।*

टाइफाइड एक संक्रामक बीमारी है जो की लिवर से सम्बंधित है। हर साल तक़रीबन 2 लाख से ज्यादा लोग टाइफाइड की बीमारी के कारण जान गवाते है टाइफाइड की बीमारी मैं लिवर ठीक तरह से काम नही करता जिसकी वजह से बुखार के साथ ही पुरे शरीर में दर्द होने लगता है। अगर सही समय पर ध्यान ने दिया जाये तो टाइफाइड जानलेवा भी हो सकता है। समय के अंदर इसका इलाज ने किया जाये तो बच्चे की जान तक जा सकती है।

## बच्चों में टाइफाइड के लक्षण

टाइफाइड के लक्षणों को जानना बहुत जरुरी है क्यूंकि समय रहते टाइफाइड के लक्षणों को पहचान लिए जाये तो समय से टाइफाइड से पीड़ित बच्चे का सही इलाज किया जा सकता है।
-टाइफाइड से पीड़ित बच्चे में प्रतिदिन बुखार होता है, जो हर दिन कम होने की बजाय बढ़ता रहता है।
-अत्यधिक कमज़ोरी और थकान महसूस होना।
-सिर में दर्द होना।
-पेट में दर्द और भूख न लगना।
-छाती पर गुलाबी निशान होना।
-दस्त आना।
-लिवर का बढ़ जाना।
-पेट में अल्सर की संभावना।
-कभी - कभी रोगी बच्चे को चपटे चकत्ते भी पड़ जाते हैं।
-सूखी खाँसी आना।
-जीभ पर मोटी परत जम जाना।



इन लक्षणों के नजर आने के बाद देर नहीं करनी चाहिए। चिकित्सक को दिखाएं और इलाज करवाना आवश्यक हो जाता है, ताकि बच्चा शीघ्र स्वस्थ हो सके।

# बच्चों के टिफिन में न दे ये चीजें

*अगर आप भी अपने बच्चों को लंच में रोज आलू का पराठा या सैंडविच-पास्ता देकर उसके पोषण का ध्यान रख रही हैं तो आप गलत हैं। बच्चों के विकास के लिए स्कूल लंच में इन चीजों को न दें। इससे बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ने लगता है।*




**आलू पराठाः** सुबह नाश्ते में अधिकतर परिवारों में आलू का पराठा बनाकर खाया जाता है। आलू का पराठा पेट तो भर देता है लेकिन कार्बोहाइड्रेट और वसा से भरपूर होता है। जिससे बच्चों में फाइबर और प्रोटीन की कमी पैदा हो सकती है। इसके अलावा यह पचाने में भी भारी होता है, जिससे बच्चे सुस्ती महसूस कर सकते हैं।
**सैंडविचः** सैंडविच बनाने के लिए जरूरी चीजों में सफेद ब्रेड, मक्खन, आलू और चीज की जरूरत पड़ती है। जो पोषण की कमी पैदा कर सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि सफेद ब्रेड, जिसे मैदा से बनाया जाता है, में फाइबर की कमी होती है। जो बच्चों के बार-बार भूख लगने और मोटापे का कारण बन सकता है।
**मीठे स्नैक्सः** चॉकलेट, कैंडी, कुकीज, केक, मिठाइयां जैसी चीजें स्कूल लंच में पैक करके ना दें। इस तरह की चीजों में चीनी की मात्रा अधिक होने से दांतों की सड़न और एनर्जी लेवल लो हो सकता है। जिससे बच्चे को जल्दी थकान महसूस हो सकती है।
**मसालेदार खानाः** बच्चे के लंच में स्पाइसी फूड जैसे मसालेदार चटनी, तीखी सब्जियां, मिर्ची वाले स्नैक्स भी पैक ना करें। जरूरत से ज्यादा मसाले बच्चों के पेट को नुकसान पहुंचाकर उनके लिए स्कूल में असुविधा पैदा कर सकते हैं।
**मैगीः** मैगी या इंस्टेंट नूडल्स के लिए प्यार, बच्चों से लेकर बड़ों में भी देखा जा सकता है। लेकिन सुबह की पहली मील में मैगी का सेवन, सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। इसमें मौजूद प्रिजर्वेटिव, सोडियम और मैदा बच्चों के पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है।

# बच्चों की इन गलत आदतों को नजरअंदाज न करें



*बचपन इंसान की जिंदगी की नींव होती है। एक बच्चा अपने बचपन में किस तरह का व्यवहार सीखता है उसका प्रभाव उसकी पूरी जिंदगी पर पड़ता है। । कई बार अभिभावक बच्चों की कुछ छोटी-छोटी गलत आदतों को ये सोचकर नजरअंदाज कर देते हैं कि बड़ा होने पर वो सुधर जाएगा पर यही लापरवाही आगे चलकर बच्चे के व्यवहार पर को खराब कर देती है। इसलिए इन आदतों की अनदेखी न करें।*

## बड़ों से बदतमीजी करना

कई बच्चे अपने से बड़ों से बात करते समय शिष्टाचार का ध्यान नहीं रखते। वे चिल्लाकर बोलते हैं या उल्टा जवाब देते हैं। बच्चे की ये आदत बहुत ही खराब होती है। जब कोई बच्चा अपने माता-पिता, दादी-दादा या किसी और बड़े से बदतमीजी करता है, तो लोग अभिभावकों की परवरिश पर सवाल उठाने लगते हैं। सबको लगता है कि घर में ही बच्चे को ऐसे संस्कार सिखाए जा रहे हैं। ऐसे में ये जरूरी है कि बच्चे को बड़े और छोटे दोनों का लिहाज करना सिखाया जाए।

## नकल करना या मजाक उड़ाना

बच्चे अक्सर किसी की चाल, बोलने के ढंग की नकल करते हैं। जब तक यह नकल पॉजिटिव तरीके से की जाती है, तो ठीक रहती है। लेकिन बच्चे अगर किसी का मजाक उड़ाने लगें, किसी की कमजोरियों की नकल करने लगें, तो ये बदतमीजी होती है। बच्चों की इस हरकत की वजह से अभीभावकों को शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। इसलिए बच्चे अगर इस तरह की हरकत करें तो उन्हें प्यार से समझाएं कि किसी का मजाक उड़ाना गलत है और हर किसी का सम्मान करना चाहिए।

## झूठ बोलने की आदत

अगर बच्चा बार-बार झूठ बोलने लगे, तो ये बहुत ही खराब आदत है। यूं तो शुरू में ये आदत खेल-खेल में या किसी डांट से बचने के लिए होती है, लेकिन अगर बच्चे को समय रहते समझाया ना जाए तो बच्चा धीरे-धीरे इसे सही समझने लगता है। ऐसा बच्चा स्कूल, दोस्तों और रिश्तेदारों के बीच भरोसेमंद नहीं रहता। बच्चा जब झूठ बोलने लगता है तो इसका असर परिवार की इमेज पर भी पड़ता है। इसलिए बच्चे को सच बोलना सिखाना बहुत जरूरी है, चाहे इसके लिए थोड़ी सख्ती ही क्यों ना करनी पड़े।

## अपने 11 साल के स्वर्णिम कार्यकाल में मोदी सरकार ने 421 बिल पास किए

नई दिल्ली (ईएमएस)। हाल ही में मोदी सरकार ने केंद्र में अपने 11 साल पूरे किए है। इस दौरान सबसे बड़ी पंचायत संसद भी तमाम बदलावों को होकर गुजरी। मोदी सरकार का आगामी रोडमैप क्या है, इस पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बातचीत की। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि मोदी सरकार में कई महत्वपूर्ण संसदीय निर्णय हुए हैं। उदाहरण के लिए रेल और आम बजट को मिलाने और आम बजट को हर साल 1 फरवरी को पेश करने का ऐतिहासिक फैसला हुआ। इसी तरह, जम्मू-कश्मीर में समाज के सभी वर्गों के लिए समान मौके सुनिश्चित करने के लिए अनुच्छेद 370 और उसके तहत राष्ट्रपति के आदेशों के कुछ प्रावधानों को निरस्त किया गया। वहीं पीएम मोदी के भविष्यवादी दृष्टिकोण के चलते देश को सितंबर 2023 में नई संसद मिली, जब संविधान सभा से शुरू हुई 75 वर्षों की संसदीय यात्रा पर एक विशेष सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर नीति निर्माण में जन प्रतिनिधियों के रूप में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 पारित किया गया। मोदी सरकार ने अपने 11 साल के स्वर्णिम कार्यकाल में अब तक 421 बिल पास किए। वहीं अब तक कुल 1576 पुराने और निरर्थक कानूनों को निरस्त किया। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान भारतीय संसद के लचीलेपन की परीक्षा हुई। तब अनुच्छेद 85 की संवैधानिक अपेक्षाओं को और अत्यावश्यक विधायी कामों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सभी दिशा-निर्देशों का पालन कर तीन सत्रों का आयोजन हुआ। उस मुश्किल दौर में दूरी से जुड़े प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए लोकसभा और राज्यसभा के सत्र का आयोजन अलग-अलग में समय में सभी सुरक्षा मानदंडों के साथ हुआ।



## हेमकुंड साहिब की यात्रा कर लौट रहा किशोर खाई में गिरा, बचाव दल ने सुरक्षित निकाला

गोपेश्वर,(ईएमएस) अमृतसर के ग्राम मानावाल निवासी जुगराज सिंह (काका) का पुत्र सुखदेव सिंह (15) अपने मौसा के साथ हेमकुंड साहिब की यात्रा पर गया था। लौटते समय पुलना और गोविंदघाट के बीच पुरानी सड़क पर पैदल चलते हुए जुगराज लघुशंका करने मुख्य रास्ते से नीचे उतर गया। चलते चलते वह इतना थक गया कि उसके कदम लड़खड़ा गए वह अपना आपा खो बैठा और करीब 200 मीटर गहरी खाई में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही गोविंदघाट पुलिस, एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। बारिश और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद बचाव दल ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। काफी प्रयासों के बाद टीम ने जुगराज सिंह को सुरक्षित खाई से बाहर निकालकर उसे तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसकी जांच की। राहत की बात यह है कि उसे हल्की चोटें आई, वह पूरी तरह स्वस्थ है। प्राथमिक उपचार के बाद किशोर को उसके परिजनों को सौंप दिया। जुगराज के परिजनों ने उत्तराखंड पुलिस और बचाव दल के सदस्यों का आभार माना। उन्होंने कहा कि पुलिस की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से उनके बेटे की जान बचाई गई।

## मुहर्रम पर आठ फीट से ज्यादा ऊंचे ना हों ताजिए और अलम

फिरोजाबाद,(ईएमएस)। मुहर्रम का चांद दिखते ही शुक्रवार से इस्लामी नए साल की शुरुआत हो गई। मुहर्रम के त्यौहार को लेकर डीएम ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील की है कि ताजिए और अलम की लंबाई आठ फीट से ज्यादा न रखें। डीएम, एसएसपी और नगर आयुक्त ने मुस्लिम धर्म गुरुओं और पीस कमेटी के साथ बैठक की थी। बैठक में डीएम ने कहा कि मुहर्रम के मद्देनजर बिजली इत्यादि की संपूर्ण व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है। जल भराव से निपटने की तैयारी भी पूरी है। ताजिए और अलम की लंबाई आठ फीट से ज्यादा न हो। गैर पारंपरिक तरीका न अपनाया जाए। डीजे की आवाज कम से कम हो, जिससे किसी को असुविधा न हो। आदेश का उल्लंघन होने पर लाइसेंस रद्द कर कार्रवाई की जाएगी। धर्मगुरु इन निर्देशों को जनता तक पहुंचाएं। अधिकारियों ने ताजिया दफीना स्थल करबला का भी निरीक्षण किया। वहां मिट्टी पर्याप्त मात्रा में डलवाने, साफ-सफाई, बिजली लाइट, पानी के टैंकर, कुर्सी-मेज की व्यवस्था, करबला गेट पर इंटरलाकिंग की व्यवस्था कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## जम्मू में सड़क से फिसलकर खाई में गिरा ट्रक, दो की मौत

श्रीनगर,(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहा था, तभी चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और यह नचिलाना इलाके में गहरी खाई में गिर गया। मीडिया रिपोर्ट में एक अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक और खलासी दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। चालक की पहचान उधमपुर के राजू के रूप में हुई है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहा था, तभी चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और यह नचिलाना इलाके में गहरी खाई में गिर गया।

## शास्त्र और शस्त्र की शक्ति से भारत को फिर विश्व गुरु बना करते हैं: शिंदे

मुंबई,(ईएमएस)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास और विरासत दोनों में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि शास्त्र और शस्त्र की संयुक्त शक्ति से ही भारत को फिर से विश्व गुरु बनाया जा सकता है। वाराणसी के दुर्गाकुंड स्थित श्री कृपात्रीजी महाराज के आश्रम धर्मसंघ मठ में शास्त्र संग्रहालय एवं शोध केंद्र के उद्घाटन अवसर पर शिंदे ने कहा कि काशी में इस प्रकार की पहल भारत की सांस्कृतिक आत्मा को फिर से जाग्रत करने वाली है। यह संस्थान केवल एक संग्रहालय नहीं, बल्कि सनातन जीवन दृष्टि का प्रतीक है। शिंदे ने कहा ग्रंथों का डिजिटलीकरण और संरक्षण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर यूपी के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि यह संग्रहालय आम जनता, खासकर युवाओं को शास्त्रों के प्रति आकर्षित करने में मददगार साबित होगा। शास्त्र संग्रहालय एवं शोध केंद्र के अध्यक्ष भुजंग बोबड़े ने कहा कि काशी सदियों से ज्ञान, ध्यान और दर्शन का केंद्र रही है।

# जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज का जन्म शताब्दी समारोह: पीएम मोदी ने डाक टिकट, सिक्के जारी किए; कहा- उनका जीवन त्याग की मिसाल

**नई दिल्ली:** पीएम मोदी शनिवार को जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आचार्य विद्यानंद का डाक टिकट और सिक्का जारी किया। इस कार्यक्रम का आयोजन भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट की ओर से किया गया। ट्रस्ट ने पीएम को 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि से सम्मानित किया। इस मौके पर मोदी ने कहा, "मैं खुद को इस उपाधि के योग्य नहीं मानता, लेकिन हमारी संस्कृति में यह परंपरा है कि संतों से जो भी मिलता है, हम उसे प्रसाद मानकर स्वीकार करते हैं। इस वजह से मैं इस सम्मान को प्रसाद रूप में विनम्रता से स्वीकार करता हूं और इसे मां भारती को समर्पित करता हूं।"

पीएम ने कहा- आज का दिन इसलिए भी खास है क्योंकि 28 जून 1987 को आचार्य विद्यानंद मुनिराज को 'आचार्य' की उपाधि दी गई थी। यह सिर्फ एक सम्मान नहीं था, बल्कि जैन संस्कृति को विचारों, संयम और करुणा से जोड़ने वाली एक पवित्र धारा भी थी। जब हम आज उनके जन्म के 100 साल मना रहे हैं, तो वह ऐतिहासिक पल फिर याद आता है। आचार्य विद्यानंद महाराज का जन्म शताब्दी समारोह पूरे साल भर चलेगा। इस दौरान जैन समाज की ओर से देशभर में जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।






### पीएम मोदी की 2 बड़ी बातें...

- पीएम ने भावुक होते हुए कहा कि आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज एक 'युग पुरुष' थे, 'युग दृष्टा' थे। मुझे सौभाग्य मिला कि मैं उन्हें निकट से देख पाया और उनके आध्यात्मिक तेज को महसूस कर सका। आज जब हम उनकी जन्म शताब्दी मना रहे हैं, तो मुझे इस मंच से भी उनका स्नेह और निकटता महसूस हो रही है।
- पीएम ने कहा- भारत दुनिया की सबसे प्राचीन और जीवित संस्कृति है। हम हजारों वर्षों से अमर हैं, क्योंकि हमारे विचार अमर हैं, हमारी सोच अमर है, हमारा दर्शन अमर है। इस अमर दर्शन का स्रोत हमारे ऋषि, मुनि, संत और आचार्य हैं। उन्होंने ही भारत की आत्मा को दिशा दी है और सदियों तक हमारी संस्कृति को जीवित रखा है।

### कौन थे आचार्य विद्यानंद महाराज?

आचार्य विद्यानंद महाराज जैन धर्म के संत, विद्वान और समाज-सुधारक थे। उनका जन्म 22 अप्रैल 1925 को शेदबल गांव, बेलगावी (अब कर्नाटक) में हुआ था। बहुत कम उम्र में उन्होंने संन्यास ले लिया और पूरी जिंदगी संयम, साधना और सेवा में लगा दी। वे जैन धर्म के सबसे बड़े विद्वानों में माने जाते हैं। उन्होंने 8,000 से ज्यादा जैन ग्रंथों के श्लोक कंठस्थ कर रखे थे। उन्होंने जैन दर्शन, नैतिकता और प्राकृत भाषा पर 50 से अधिक किताबें लिखीं। आचार्य विद्यानंद जी ने देशभर में कई पुराने जैन मंदिरों के जीर्णोद्धार में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने जीवनभर नंगे पांव यात्रा की और कठोर तप, ब्रह्मचर्य और ध्यान का पालन किया।

### जैन ध्वज के निर्माता

आचार्य विद्यानंद जी महाराज साल 1975 में भगवान महावीर के 2,500वें निर्वाण महोत्सव के समय, उन्होंने सभी जैन संप्रदायों की सहमति से आधिकारिक जैन ध्वज और अहिंसा प्रतीक तैयार किया।

# कोलकाता गैंगरेप केस- मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि: शरीर पर काटने और खरोंच के निशान

**कोलकाता:** कोलकाता के लॉ कालेज में गैंगरेप की पीड़ित छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हो गई है। मेडिकल जांच कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में की गई थी। कस्बा पुलिस के अधिकारी के मुताबिक पीड़ित के साथ जबरदस्ती करने, शरीर पर काटने और नाखून से खरोंचने के निशान मिले हैं। उससे मारपीट की भी पुष्टि हुई है। गैंगरेप केस के तीनों आरोपियों को कोर्ट ने शुक्रवार को 1 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिा है। पुलिस ने 26 जून को 2 आरोपियों और तीसरे आरोपी को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया था।

वहीं लॉ कॉलेज के गार्ड पिनाकी बनर्जी (55) को भी शनिवार को अरेस्ट कर लिया गया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने घटना को लेकर विवादित बयान दिया। बनर्जी ने कहा- अगर कोई दोस्त अपने दोस्त के साथ बलात्कार करता है तो क्या किया जा सकता है। घटना 25 जून को हुई थी, वारदात कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर के गार्ड रूम में हुई थी। आरोपियों में मनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) शामिल हैं। मनोजीत मुख्य आरोपी है और कॉलेज का पूर्व छात्र है। जबकि जैब और प्रमित कॉलेज के छात्र हैं।




### भाजपा ने जांच कमेटी बनाई

भाजपा लगातार मामले को लेकर राज्य सरकार पर हमलावर है। इस बीच भाजपा ने चार सदस्यीय जांच समिति बनाई है। इस कमेटी में पूर्व केंद्रीय मंत्री सतपाल सिंह, मीनाक्षी लेखी के साथ सांसद विपलब कुमार देव और मनन कुमार मिश्रा को शामिल किया गया था।

### पीड़ित बोली- 3.30 घंटे तक रेप किया मारा-पीटा, सांस भी नहीं ले पा रही थी

- पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने शिकायत में कहा है कि आरोपियों ने 25 जून को शाम 7.30 बजे से रात 10.50 बजे तक उसके साथ रेप किया। बुरी तरह मारपीट भी की।
- एक समय तो वह ठीक से सांस नहीं ले पा रही थी और उसने आरोपी से उसे पास के अस्पताल में ले जाने का अनुरोध किया। लेकिन आरोपियों ने इसे अनसुना कर दिया।
- फिर उसे यूनियन रूम में ही बंद रखा। बाद में उसने एक इनहेलर मांगा, जिसे वे मेडिकल स्टोर से लाए।
- पीड़ित ने शिकायत में कहा- मनोजीत ने मुझे शादी का ऑफर दिया था, लेकिन मैंने पहले से बॉयफ्रेंड होने की बात उसे बताई थी। कहा था कि मैं उससे ही प्यार करती हूं।
- आरोपियों ने रेप का वीडियो भी बनाया। उसे हॉकी से मारने की कोशिश भी की। छोड़ते वक्त मुझे वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

मुख्य पुलिस अभियोजक सोरिन घोषाल ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार, सामूहिक बलात्कार के मामलों में शामिल समूह के सभी व्यक्तियों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, भले ही उन सभी ने बलात्कार का कृत्य न किया हो। इस मामले में, दो अन्य व्यक्तियों ने बलात्कार में मदद की।

## भारत में समाजवाद की जरुरत नहीं, न ही धर्मनिरपेक्षता हमारी संस्कृति का मूल

नई दिल्ली,(ईएमएस)। आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने संविधान की प्रस्तावना से "समाजवादी" और "धर्मनिरपेक्ष" शब्दों को हटाने पर बहस का आह्वान किया है। उन्होंने आपातकाल (1975-1977) के दौरान इन शब्दों को जोड़े जाने को बीआर अंबेडकर के मूल मसौदे से विचलन बताया था। इसके बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस बहस में कूद गए हैं। शिवराज ने कहा कि भारत में समाजवाद की कोई जरुरत नहीं है, साथ ही उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता हमारी संस्कृति का मूल नहीं है।

आपातकाल के दिनों को याद करते हुए शिवराज सिंह ने कहा उस समय मेरी उम्र सिर्फ 16 साल थी और मुझे भी डिफेंस ऑफ इंडिया रूल्स के तहत गिरफ्तार कर जेल ले जाया गया था। आज भी उन काले दिनों को याद करके रोंगटे खड़े हो जाते हैं। आपातकाल के दौरान तुर्कमान गेट पर मकान तोड़ने का उन्माद होता था तो जनता को बुलडोजर से कुचल दिया जाता था। अगर कोई विरोध करता था तो उसे गोलियों से छलनी कर दिया जाता था। यह जनता पर गोलियां नहीं, बल्कि संविधान की हत्या थी। उन्होंने कहा कि कोई अपील नहीं, कोई वकील नहीं, कोई दलील नहीं, यह संविधान की हत्या थी, सभी नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे।

उन्होंने कहा, प्रेस की स्वतंत्रता पर ताला लगाना संविधान की हत्या है, न्यायालय के अधिकारों को कम करना, उसे अप्रभावी बनाना यह संविधान की हत्या है। पूरे देश को जेल बना देना - यह संविधान की हत्या है। सभी विपक्षी दलों और यहां तक कि छात्रों को भी जेलों में डाल दिया गया। कांग्रेस संविधान की हत्यारी है। कांग्रेस पर हमला करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, कांग्रेस को संविधान की प्रति रखने का अधिकार नहीं है। वे काले दिन आज भी याद किए जाते हैं।

## दुबई-जयपुर फ्लाइट में एयर होस्टेस से छेड़छाड़:गलत तरीके से छुआ, विमान में शराब पी रहे पैसेंजर को महिला क्रू मेंबर ने रोका था

**जयपुर:** दुबई से जयपुर आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में महिला क्रू मेंबर (एयर होस्टेस ) के साथ पैसेंजर ने छेड़खानी की। उसने एयर होस्टेस को गलत तरीके से टच किया। आरोप है कि पैसेंजर पाबंदी के बावजूद फ्लाइट में शराब पी रहा था। उसे रोका गया तो हंगामा करने लगा। पूरी यात्रा के दौरान कई बार उसने एयर होस्टेस के साथ बदतमीजी की। जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट के पहुंचने के बाद क्रू मेंबर ने सीआईएसएफ जवानों को बुलाया। सीआईएसएफ ने युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। एअर इंडिया एक्सप्रेस प्रबंधन की ओर से जयपुर एयरपोर्ट थाने में एयर होस्टेस के साथ छेड़खानी की शिकायत दी गई है।

### क्रू मेंबर ने बड़ी मुश्किल से ग्लास लिया

शुक्रवार की रात 12:45 पर फ्लाइट IX-196 दुबई से जयपुर के लिए रवाना हुई थी। रात 2:40 बजे फ्लाइट जयपुर पहुंची थी। आरोप है कि 15-B सीट पर पैसेंजर (युवक) शराब पी रहा था। उससे एयर होस्टेस ने पूछा- यह क्या कर रहे हैं? युवक ने जवाब दिया- संतरे का जूस पी रहा हूं। एयर होस्टेस ने कहा कि यह जूस नहीं शराब है। इसे युवक ने 'दुबई ड्यूटी फ्री' (शॉप) से खरीदा था। स्टाफ ने फ्लाइट में शराब पीने से मना किया। पैसेंजर से ग्लास देने के लिए कहा। वह बहस करने लगा। एयर होस्टेस ने अन्य क्रू मेंबर की मदद से ग्लास ले लिया। इसके बाद पैसेंजर ने नशे में हंगामा करना शुरू कर दिया।

### पूरी उड़ान के दौरान परेशान किया

रिपोर्ट के अनुसार, थोड़ी देर बाद नशे में पैसेंजर शराब का ग्लास मांगने के लिए केबिन की ओर आ गया। आरोप है कि युवक ने एयर होस्टेस के करीब आने की कोशिश की। स्टाफ ने ग्लास देने से साफ मना कर दिया। इसके कुछ देर बाद वह अपनी सीट के पास पहुंच गया। उड़ान के दौरान जब एयर होस्टेस पैसेंजर की सीट के नजदीक पहुंची, तब उसकी पीठ पैसेंजर की तरफ थी। पैसेंजर ने गलत तरीके से टच किया। वह पूरी उड़ान के दौरान परेशान करता रहा। लैंडिंग के बाद भी उसने अपनी गलती नहीं मानी।

### शिकायत की सूचना पर माफी मांगने लगा

पीड़ित स्टाफ ने बताया कि जब आरोपी पैसेंजर को लगा कि अब ये लोग शिकायत करने की तैयारी कर रहे हैं, तब माफी मांगने लगा। फ्लाइट के जयपुर पहुंचने के बाद उसने अपना बोर्डिंग पास देने से इनकार कर दिया। बोर्डिंग पास को अपने पासपोर्ट में रख लिया और हमें परेशान करने लगा। इस दौरान सीआईएसएफ के जवानों को बुलाकर युवक को काबू किया गया। एयरपोर्ट थानाधिकारी संदीप बसेरा ने बताया कि दुबई से जयपुर आ रही फ्लाइट में दिनेश नाम के पैसेंजर ने एयर होस्टेस के साथ बदतमीजी की है। इसकी शिकायत विमान कंपनी ने थाने में दी है।

## स्कूटी टच होने पर 20 साल के युवक की चाकू से गोदकर हत्या

नई दिल्ली (ईएमएस)। नई दिल्ली के गीता कॉलोनी में स्कूटी टच होने पर एक 20 वर्षीय युवक की हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों में एक आरोपी नाबालिग है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। इसी बीच गुस्साई भीड़ नाबालिग आरोपी के घर पहुंचकर मीटर, स्विच बोर्ड को तोड़ने के साथ घर में भी तोड़फोड़ कर दी। इतना ही नहीं भीड़ ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की। इस हत्याकांड पर बीजेपी विधायक अनिल गोयल ने कहा कि ये संगठित गिरोह है। अवैध बांग्लादेशी हैं। अगर इनके खिलाफ एक्शन नहीं हुआ,तब इसतरह के अपराध रोज हो सकते है। इनकी गिरफ्तारी से गैंग टूटेगा। बता दें कि गीता कॉलोनी में 20 वर्षीय युवक यश की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार यश अपने एक दोस्त के साथ घर जा रहा था। तभी रास्ते में उसकी स्कूटी टच हो गई। जिसके बाद आरोपियों ने यश को रोक लिया। इसके बाद यश का आरोपियों से विवाद हुआ। जिसके बाद उसकी चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद यश को साथ मौजूद दोस्त हॉस्पिटल लेकर गया. लेकिन यश को बचाया नहीं जा सका। हालांकि, इस पूरे मामले में यश की मां राखी का कहना है कि मेरे बेटे की हत्या सुनियोजित तरीके से की गई। मां राखी के मुताबिक यश की दूसरे समुदाय की लड़की से दोस्ती थी।

## केरल के स्कूलों में जुम्बा क्लास, मुस्लिम संगठन का विरोध

### बोले- ये अश्लीलता; शिक्षा मंत्री ने कहा- ऐसी सोच ड्रग्स से ज्यादा जहरीली

तिरुवनंतपुरम: केरल के स्कूलों में इस साल से जुम्बा क्लास शुरू की जाएंगी। कुछ स्कूलों में ये क्लास शुरू भी हो गई है। केरल शिक्षा विभाग ने नशा विरोधी अभियान के तहत स्कूलों में फिटनेस कार्यक्रम शुरू किया है। इसी के तहत कई स्कूलों ने जुम्बा ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया है। मुस्लिम संगठनों ने जुम्बा डांस का विरोध किया है। इन संगठनों ने लड़के-लड़कियों के एक दूसरे के साथ घुलने-मिलने और कम कपड़े पहनकर साथ में डांस करने पर ऐतराज जताया है। मुस्लिम संगठनों का कहना है कि यह अश्लीलता को बढ़ावा देने जैसा है। हमें इसे स्वीकार नहीं करेंगे। विजडम इस्लामिक संगठन के महासचिव टीके अशरफ ने कहा- मेरा बेटा इस सेशन में भाग नहीं लेगा। शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने कहा कि ऐसी सोच समाज में नशीली दवाओं से भी ज्यादा घातक जहर घोल देंगी।

**मुस्लिम नेता बोले- फिटनेस के नाम पर अश्लीलता ना थोपें**

एक मुस्लिम संगठन समस्ता के नेता नसर फैजी कूदाथाई ने इस कदम को व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन और शारीरिक फिटनेस के नाम पर अश्लीलता थोपना बताया। उन्होंने कहा- जुम्बा में कम से कम कपड़े पहनकर साथ में डांस किया जाता है। अगर सरकार ने बड़े बच्चों को भी ऐसा करने का निर्देश दिया है, तो यह आपत्तिजनक है। नसर फैजी ने कहा, मौजूदा फिजिकल ट्रेनिंग को बेहतर बनाने के बजाय, हमें अश्लीलता करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यह उन छात्रों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों का भी उल्लंघन है, जिनके नैतिक मूल्य भी डांस करने की अनुमति नहीं देते हैं।



**शिक्षा मंत्री ने कहा- बच्चों को हंसने और स्वस्थ रहने दें**

केरल के शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने सरकार के फैसले का बचाव किया और फेसबुक पर एक वीडियो शेयर किया। जिसमें मुस्लिम छात्र जुम्बा सेशन में भाग लेते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# लैंडस्लाइड के चलते केदारनाथ हाईवे फिर बंद:नॉर्थ ईस्ट में 5 दिन से रेल कनेक्टिविटी टूटी; मुंबई में हाई टाइड से सड़कों को नुकसान

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ:** मौसम विभाग ने आज देश के 31 राज्यों में बारिश की चेतावनी जारी की है। यूपी-बिहार समेत देश के 27 राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट है। वहीं, उत्तराखंड, गुजरात, महाराष्ट्र (मध्य), केरल में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड के सोनप्रयाग में शुक्रवार देर रात तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई। इस वजह से केदारनाथ हाईवे बंद हो गया है। रास्ते से मलबे को हटाने का काम जारी है। पुलिस ने यात्रियों को कुछ दूर पहले सुरक्षित स्थान पर ही रोक लिया है।

राजस्थान के 29 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। शुक्रवार को जैसलमेर, जयपुर, सीकर, अलवर समेत 25 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई। वहीं, बिजली गिरने से बूंदी में एक युवक और महिला, सिरोही में बच्चे और डूंगरपुर में युवक की मौत हो गई। महाराष्ट्र में तेज बारिश जारी है। मुंबई में समुद्र में हाई टाइड उठ रहा है। इस वजह से समुद्र किनारे की सड़कों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, महाराष्ट्र के चंद्रपुर का ताड़ोबा अंधारी टाइगर रिजर्व का मेन एरिया मानसून की वजह से 1 जुलाई से तीन महीने के लिए पर्यटकों के लिए बंद किया गया है। त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर, असम (दक्षिण) में रेलवे लाइन पर कई जगहों पर तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई है। इस वजह से शुक्रवार को लगातार पांचवे दिन ट्रेन सर्विस बाधित रही।



### 29 जून के मौसम का अनुमान

दिल्ली-एनसीआर में मानसून की औपचारिक शुरुआत होने की संभावना है। हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद है, जिससे तापमान में कमी आएगी। उत्तर प्रदेश में तेज से बारिश की संभावना है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बादल फटने और लैंडस्लाइड की चेतावनी है। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश में तेज बारिश जारी रहेगी। बिहार, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात में भारी बारिश हो सकती है। कर्नाटक, केरल, गोवा, कर्नाटक, केरल में तेज बारिश होगी।

### मध्य प्रदेश: 12 जिलों में भारी बारिश

दो टर्फ के गुजरने की वजह से मध्य प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। शुक्रवार को 21 जिलों में तेज बारिश हुई। शनिवार को भी 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। रीवा, ग्वालियर और चंबल संभाग में असर सबसे ज्यादा रहेगा। यहां अगले 24 घंटे में साढ़े 4 इंच तक पानी बरस सकता है।

### राजस्थान: 29 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने शनिवार को राज्य के 29 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, शुक्रवार को जैसलमेर, जयपुर, सीकर, अलवर समेत 25 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई। बूंदी के तालेड़ा स्थित बरधा डैम पर कोटा से पिकनिक मनाने आए तीन दोस्त पानी के तेज बहाव में बह गए। दो युवक तैरकर बाहर निकल आए, एक युवक अभी भी लापता है।

# पाकिस्तान के खैबर प्रांत में सुसाइड अटैकः13 सैनिकों की मौत, 29 घायल; हमलावर विस्फोटकों से लदी गाड़ी लेकर फौजी काफिले से टकराया



इस्लामाबाद,(ईएमएस)। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक आत्मघाती हमले में 13 सैनिकों की जान गई और जबकि 10 सैनिक और 19 नागरिक घायल हो गए। हमला उत्तरी वजीरिस्तान जिले में हुआ, जहां एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरे वाहन को पाकिस्तानी सेना के काफिले में घुसा दिया। बताया जा रहा है कि इस हमले में सेना के कई वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रशासन ने तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू कर घायल सैनिकों को अस्पतालों में भर्ती कराया। विस्फोट के बाद इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान जारी है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है, हालांकि अब तक किसी भी आतंकी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। बात दें कि उत्तरी वजीरिस्तान अफगान सीमा से सटा हुआ क्षेत्र है, जहां पहले भी कई बार पाकिस्तानी सुरक्षाबलों पर हमले हो चुके हैं। बीते महीने मई में भी बन्नू छावनी पर बड़ा आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें दो आत्मघाती हमलावरों ने विस्फोटकों से लदी गाड़ियों के जरिए हमला किया था। इस घटना के बाद पाकिस्तानी सेना की सुरक्षा चुनौतियां एक बार फिर से उजागर हुई हैं। लगातार हो रहे हमलों ने सरकार और सेना दोनों के लिए गंभीर चिंता पैदा कर दी है। आतंकी संगठन TTP ने 24 जून को दक्षिणी वजीरिस्तान में पाकिस्तानी आर्मी पर हमला किया था, जिसमें 2 आर्मी अफसर मारे गए। इनमें से एक पाकिस्तानी कमांडर मोइज अब्बास भी था, जिसने भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को पकड़ा था। बालाकोट में एयर स्ट्राइक के अगले दिन 27 फरवरी को पाकिस्तानी वायुसेना ने भारतीय सीमा में दाखिल होने की कोशिश की थी। जवाब में भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन चलाया था। तब विंग कमांडर अभिनंदन ने मिग-21 बाइसन फाइटर जेट से पाकिस्तान के F-16 फाइटर जेट को मार गिराया था। हालांकि उनका विमान पाकिस्तानी सीमा में गिर गया था। पाकिस्तानी आर्मी ने अभिनंदन को कैद कर लिया था। साल 2002 में अमेरिकी सेना ने 9/11 आतंकी हमले का बदला लेने अफगानिस्तान में धावा बोलती है। अफगानिस्तान में अमेरिकी कार्रवाई के डर से कई आतंकी पाकिस्तान के कबाइली इलाके में छिप जाते हैं। इसी दौरान पाकिस्तान की सेना इस्लामाबाद की लाल मस्जिद को एक कट्टरपंथी प्रचारक और आतंकियों के कब्जे से मुक्त कराती है। हालांकि कट्टरपंथी प्रचारक को कभी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ISI का करीबी माना जाता था, लेकिन इस घटना के बाद स्वात घाटी में पाकिस्तानी आर्मी की खिलाफत होने लगी। इससे कबाइली इलाकों में कई विद्रोही गुट पनपने लगे। ऐसे में दिसंबर 2007 को बेयतुल्लाह मेहसूद की अगुवाई में 13 गुटों ने एक तहरीक यानी अभियान में शामिल होने का फैसला किया, लिहाजा संगठन का नाम तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान रखा गया। शॉर्ट में इसे TTP या फिर पाकिस्तानी तालिबान भी कहा जाता है। आतंकवाद की फैक्ट्री कहे जाने वाले पाकिस्तान में अब तक जितने भी आतंकी संगठन अस्तित्व में आए हैं, उनमें तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को सबसे खतरनाक माना जाता है।

## पाकिस्तान में बाढ़ से 17 की मौतःएक परिवार के 9 लोगों की जान गई; नदी में तस्वीरें ले रहे थे, बाढ़ आ गई



इस्लामाबाद. पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा इलाके में शुक्रवार को स्वात नदी में अचानक आई बाढ़ में 17 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग लापता है। मरने वालों में 9 लोग एक ही परिवार के थे। जिला प्रशासन के मुताबिक 17 लोगों का एक परिवार स्वात नदी के किनारे पिकनिक मनाने के लिए आया था। लोग नदी में तस्वीरें ले रहे थे, तभी अचानक बाढ़ आ गई। उनके रिश्तेदार बचाने के लिए दौड़े, लेकिन वे भी बाढ़ में फंस गए। ये लोग लगभग 45 मिनट नदी के बीच में ही फंसे रहे थे, लेकिन बहाव तेज होने के कारण नदी में डूब गए। रेस्क्यू टीम ने 9 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। चार को बचा लिया गया है। पाकिस्तान जिला प्रशासन के मुताबिक बचावकर्मी नदी किनारे पांच जगहों पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं और 80 से ज्यादा बचावकर्मी इसमें लगे हुए हैं। शुक्रवार को ही प्रांतीय आपातकालीन सेवा के प्रवक्ता शाह फहद ने बताया कि करीब 100 बचावकर्मियों ने 58 लोगों को बचा लिया है और लापता पर्यटकों की तलाश जारी है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पर्यटकों की मौत पर दुख जताया है, और अधिकारियों को नदियों और नालों के पास सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, बचाव अधिकारियों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में पूर्वी पंजाब और दक्षिणी सिंध प्रांतों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई।



म्यात यादनार सो (बाएं, सामने) को म्यांमार के यांगून में आयोजित मिस यूनिवर्स म्यांमार 2025 के फाइनल में मिस यूनिवर्स म्यांमार 2025 का खिताब दिया गया। मिस यूनिवर्स म्यांमार 2025 का फाइनल शुक्रवार रात यांगून में आयोजित किया गया था।

# नागरिकता का मामलाः अमेरिका में एक्शन रोकने की जजों की ताकत पर लगाम लगी

वॉशिंगटन(ईएमएस)। डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद पर दोबारा आने के पहले दिन ही यह कार्यकारी आदेश जारी किया था। इसके अनुसार, अब अमेरिका में जन्म लेने वाले बच्चे को तभी नागरिकता मिलेगी, जब उसके माता-पिता में से कम से कम एक के पास अमेरिकी नागरिकता या वैध निवास (ग्रीन कार्ड) हो। ट्रंप के आदेश को 14वें संशोधन के खिलाफ बताया गया, जो कहता है कि 'संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्म लेने वाले और इसके अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी व्यक्ति अमेरिका के नागरिक माने जाएंगे'। यह संशोधन 1868 में गृहयुद्ध के बाद लागू हुआ था और दासप्रथा खत्म करने के बाद नागरिकता सुनिश्चित करने के लिए लाया गया था। 22 राज्यों के डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल्स, प्रवासी अधिकार कार्यकर्ता और कई गर्भवती अप्रवासी महिलाओं ने ट्रंप के आदेश को अदालत में चुनौती दी थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने अभी इस आदेश की संवैधानिकता पर कोई अंतिम फैसला नहीं दिया है, लेकिन कोर्ट ने ट्रंप के समर्थन में यह जरूर कहा कि निचली अदालतें "नेशनवाइड इंजंक्शन" जारी करने के अधिकार से आगे जा रही हैं।
इस फैसले से अमेरिका की न्यायिक प्रणाली में एक बड़ा मोड़ आया है। यह साफ संदेश है कि निचली अदालतें अब पूरे देश पर लागू आदेश नहीं दे सकतीं, खासकर जब मामला कार्यपालिका की नीति से जुड़ा हो। ट्रंप के इमिग्रेशन, बजट में कटौती, और एजेंसियों पर नियंत्रण जैसे कई फैसलों को निचली अदालतों ने रोक दिया था। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि निचली अदालतों की शक्तियों की एक सीमा है। जस्टिस एमी कोनी बैरेट, जिन्हें ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त किया था, उन्होंने बहुमत वाले फैसले में लिखा, 'संघीय अदालतों को कार्यपालिका की निगरानी का सामान्य अधिकार नहीं दिया गया है। उन्हें केवल वही अधिकार प्राप्त हैं जो कांग्रेस ने सौंपे हैं।' यह फैसला सिर्फ ट्रंप की वर्तमान नीतियों के लिए नहीं, बल्कि भविष्य के राष्ट्रपति और सरकारों के लिए भी रास्ता साफ करता है। अमेरिका की अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने फैसले का स्वागत करते हुए एक्स पर लिखा, 'सुप्रीम कोर्ट ने आज जिला अदालतों को निर्देश दिया कि वे राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ जारी नेशनवाइड इंजंक्शन की बाढ़ को रोके। यह हमारे न्याय विभाग और सॉलिसिटर जनरल जॉन सॉयर की मेहनत के बिना संभव नहीं था।' उन्होंने यह भी जोड़ा कि न्याय विभाग ट्रंप की नीतियों और अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करता रहेगा।

# हमास के पास लड़ाकों का भारी टोटा, अब युद्ध में घुटने टेकने को मजबूर होगा

तेलअवीव(ईएमएस)। इजरायल का अब एक और दुश्मन घुटने टेकने की ओर है। यह दुश्मन है, गाजा में सक्रिय आतंकी संगठन हमास। ईरान की ओर से हमास को मदद मिलनी बंद हो गई है और दूसरी तरफ इजरायल के हमले लगातार जारी हैं। हालात ऐसे हो गए हैं कि हमास के पास कमांडरों की ही कमी हो गई है। बड़ी संख्या में हमास उग्रवादियों को इजरायल ने सुरंगों के अंदर छिपे रहने के दौरान ही मार डाला है। फिलहाल हमास को यह भरोसा नहीं है कि ईरान से मदद कब तक मिल पाएगी। हमास पर जंग रोकने का दबाव गाजा के स्थानीय लोग भी बना रहे हैं। इन लोगों का कहना है कि यदि हमास जंग रोक दे तो फिर इजरायल भी नरम पड़ेगा और लोगों तक मदद पहुंचने लगेगी। एक वजह यह भी है कि गाजा में बड़े पैमाने पर सहायता सामग्री की लूट की जा रही है। इसमें कुछ ऐसे तत्व शामिल हैं, जिन पर कंट्रोल करना मुश्किल हो रहा है। फिलहाल बगावत को रोकने के लिए हमास ने अपने कुछ लड़ाकों को बागी नेता यासिर अबू शबाब को मारने के लिए भेजा है। लेकिन अब तक शबाब हमास के लड़ाकों की पहुंच से दूर ही रहा है। कहा जा रहा है कि वह राफा में कहीं छिपा है। ऐसी स्थिति में हमास दम तोड़ता दिख रहा है। यही नहीं हमास के अंदर भी विद्रोह की स्थिति है और बड़े पैमाने पर लड़ाके छोड़ रहे हैं। दूसरी तरफ इजरायल की तरफ से सैन्य कार्रवाई जोरों पर है। हमास के करीबी तीन सूत्रों ने बताया कि लड़ाके अपने स्तर पर जंग लड़ रहे हैं। लेकिन इजरायल ने फिलिस्तीन ही तीन जनजातियों को हमारे खिलाफ खड़ा कर दिया है। इसके अलावा गाजा में सीजफायर को लेकर भी दबाव बन रहा है। हमास को भी जंग फिलहाल रोकने की जरूरत है। गाजा में मानवीय संकट भी पैदा हो गया है। ऐसी स्थिति में अंतरराष्ट्रीय स्तर से हमास पर दबाव है कि वह जंग रोक दे। हमास से जुड़े कुछ लोगों, इजरायी सुरक्षा बलों समेत 16 लोगों से बात की है। इन लोगों का कहना है कि हमास कमजोर पड़ा है। इन लोगों का कहना है कि भले ही तमाम चुनौतियों के बाद भी हमास ने कब्जा बनाने की जंग जारी रखी है, लेकिन आतंरिक कलह से जूझ रहा है। हमास की ताकत बहुत सीमित इलाके में ही बची है। मंगलवार को ही उसने एक धमाका किया था, जिसमें 7 इजरायली सैनिक मारे गए थे। लेकिन मिडल ईस्ट के तीन राजनयिकों का कहना है कि ऐसी इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़ दें तो हमास काफी कमजोर हो गया है।



इटली के रोम में कोलोसियम के पास पंखे के सामने ठंडक लेते पर्यटक। इटली के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 27 जून से शुरू होकर सप्ताहांत तक देश भर के दर्जनों प्रमुख शहरों के लिए लगातार रेड अलर्ट गर्मी की चेतावनी जारी की है।

## तानाशाह किम जोंग से दोस्ती करना चाहते हैं ट्रंप, बोले- उनसे मेरे अच्छे संबंध, अमेरिकी राष्ट्रपति का पत्र उत्तर कोरिया ने नहीं किया स्वीकार

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर उत्तर कोरिया के साथ रिश्ते सुधारने की बात कही है। एक कार्यक्रम में ट्रंप ने संकेत दिए कि किम जोंग उन के साथ उनके रिश्ते अब भी अच्छे हैं और वह संघर्ष को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने के पक्षधर हैं। बता दें मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ट्रंप ने उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन को एक पत्र लिखा है, लेकिन प्योंगयांग ने उसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। जब ट्रंप से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने साफ जवाब नहीं दिया, लेकिन कहा कि किम जोंग उन से उनके संबंध अच्छे हैं। अगर कोई संघर्ष होता है, तो वह हमारी वजह से नहीं होगा। मुझे लगता है कि हम इसे सुलझा लेंगे। बता दें ट्रंप और किम के बीच 2017 से 2019 के बीच तीन ऐतिहासिक मुलाकातें हुई थीं जिनमें से एक डिमिलिटराइज्ड ज़ोन में भी थी। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को कई पत्र भेजे थे, जिन्हें ट्रंप ने सौंदर्यपूर्ण और व्यक्तिगत बताया था। हालांकि यह कूटनीतिक प्रयास उस समय टूट गया जब अमेरिका ने उत्तर कोरिया से परमाणु कार्यक्रम छोड़ने की शर्त रख दी थी और किम जोंग उन ने इसे ठुकरा दिया था।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस ने 11 जून को बयान जारी किया कि जिसमें कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपित ट्रंप, किम जोंग उन से बातचीत का स्वागत करेंगे, लेकिन यह नहीं बताया कि कोई नया पत्र भेजा गया है या नहीं। उत्तर कोरिया की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बल्कि उत्तर कोरिया ने अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को और तेज कर दिया है। प्योंगयांग ने हाल के समय में रूस के साथ गहरे सैन्य संबंध बना लिए हैं और यूक्रेन युद्ध में रूस की मदद भी कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप फिर से किम जोंग उन के साथ कूटनीति की डोर थामने को तैयार हैं। हालांकि उत्तर कोरिया की ओर से अब तक कोई उत्साह नजर नहीं आ रहा है।

## पुतिन ने निभाई दोस्ती, तानशाह के देश में नया लग्जरी समुद्री पर्यटन केंद्र वॉन्सान कलमा बीच रिज़ॉर्ट बनाकर दिया

मॉस्को (ईएमएस)। उत्तर कोरिया और रूस की बढ़ती दोस्ती अब सिर्फ हथियारों और कूटनीति तक सीमित नहीं रह गई हैं। इसका असर अब पर्यटन और निर्माण तक पहुंच गया है। रूस की मदद से बना उत्तर कोरिया का नया लग्जरी समुद्री पर्यटन केंद्र वॉन्सान कलमा बीच रिज़ॉर्ट 1 जुलाई से आम नागरिकों के लिए खोला जाएगा। लेकिन एक खास शर्त हैं, यहां विदेशी पर्यटकों में फिलहाल केवल रूसियों को ही अनुमति होगी। 24 जून को किम जोंग उन ने खूबसूरत बीच का औपचारिक उद्घाटन किया। लेकिन इस समारोह की असली चर्चा उनके साथ मौजूद बेटी किम जू ए रही है। इन सभी संकेतों को देखकर यह अनुमान तेजा है कि किम जोंग उन अपनी बेटी को उत्तर कोरिया की भावी नेता के रूप में तैयार कर रहे हैं। दरअसल इस परियोजना पर वर्षों से काम चल रहा था लेकिन कोविड के दौरान यह रुक गया। 2024 में रूस ने इस प्रोजेक्ट को पुनर्जीवित किया। उत्तर कोरिया में तैनात रूसी राजदूत और दूतावास के अधिकारी उद्घाटन कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह रिज़ॉर्ट फिलहाल केवल रूसी पर्यटकों के लिए खुल गया है।

# ट्रंप ने कहा मैनें खामेनेई की जान बख्श दी, ईरान पर फिर करुंगा बमबारी

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान को चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने यूरेनियम संवर्धन जारी रखा, तो वह दोबारा बम गिराने से पीछे नहीं हटेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने दो टूक कहा, 'बिना किसी सवाल के, मैं फिर से ईरान पर बम गिराऊंगा। यह बयान उस वक्त आया जब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई ने अमेरिका को हराने का दावा किया था। इस पर ट्रंप ने जवाब दिया, 'यू गॉट बीट टू हेल', यानी 'तुम्हें बुरी तरह हराया गया था। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने आखिरी समय पर इजरायली फाइटर जेट्स को तेहरान पर हमला करने से रोका, वरना भयंकर तबाही होती। ट्रंप ने यह भी जोड़ा कि वे ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने पर विचार कर रहे थे, लेकिन खामेनेई के 'नफरत भरे झूठे बयान' के बाद उन्होंने यह काम तुरंत रोक दिया। ट्रंप बोले, ईरान अगर वर्ल्ड ऑर्डर में नहीं लौटा तो उसका भविष्य सिर्फ तबाही है। ट्रंप ने आगे कहा कि ईरान के सभी परमाणु ठिकानों को अमेरिका ने तबाह कर दिया और अब वे फिर से बातचीत की गुहार लगा रहे हैं। हालांकि ईरानी विदेश मंत्री ने दो टूक कह दिया कि उनकी कोई नई बातचीत की योजना नहीं है। मामला अब और गरम होता दिख रहा है। ट्रंप ने खामेनेई पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' के जरिए भी तीखा हमला बोला। ट्रंप ने कहा कि खामेनेई झूठ बोल रहे हैं कि उन्होंने इजरायल के खिलाफ युद्ध जीता। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान के तीन परमाणु ठिकाने पूरी तरह तबाह कर दिए गए और उन्होंने खुद खामेनेई की जान बख्शने का फैसला किया था।

### ईरान ने अमेरिका को चेताया कहा- खामेनेई के प्रति अच्छी भाषा का इस्तेमाल करें ट्रंप

भले ही अमेरिका कितना ही शंहशाह बनने की कोशिश कर ले, लेकिन ईरान आईना दिखाने से पीछे नहीं हटता है। एक बार ईरान ने अमेरिका को चेताते हुए साफ कहा कि सर्वोच्च नेता खामेनेई के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अच्छी भाषा का उपयोग करें। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चेताते हुए कहा कि अगर वे सच में कोई समझौता चाहते हैं, तो उन्हें ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला खामेनेई के प्रति अपनी 'अस्वीकार्य' भाषा छोड़नी होगी। ट्रंप ने इससे पहले खामेनेई को खुली चुनौती दी थी और ईरान पर झूठ बोलने का आरोप लगाया था। वहीं, अमेरिका द्वारा ईरान के प्रमुख परमाणु ठिकानों पर हाल ही में किए गए हमलों पर भी बड़ा खुलासा हुआ है। अमेरिका ने इस्फहान जैसे गहरे भूमिगत ठिकाने पर 'बंकर बस्टर' बम न गिराने का निर्णय इसलिए लिया क्योंकि वहां यह असरदार नहीं होते। इसके अलावा सैटेलाइट तस्वीरें भी इस बात की पुष्टि कर रही हैं कि फोर्दो परमाणु केंद्र में फिर से हलचल शुरू हो गई है। जिस जगह बम गिरे थे वहां जेसीबी मशीनें और मिट्टी ढोने वाले ट्रक हैं। इसी बीच रूस ने यूक्रेन के पोक्रोवस्क शहर के पास 1.10 लाख सैनिकों को तैनात कर दिया है। ये वही इलाका है जिसे पिछले एक साल से रूस अपने कब्जे में लेने की कोशिश कर रहा है। यूक्रेन की सेना के अनुसार, यह फिलहाल सबसे 'गर्म मोर्चा' बन गया है।

## मिस्र में दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 19 लोगों की मौत

काहिरा,(ईएमएस)। मिस्र के नील डेल्टा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 19 लोगों की मौत हुई। यह हादसा तब हुआ जब एक ट्रक और एक छोटी बस की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे की पुष्टि मिस्र के प्रशासन ने कर दी है। मंत्रालय के अनुसार, बस मेनौफिया प्रांत के एशमौन शहर से होकर कामगारों को उनके कार्यस्थल ले जा रही थी, तभी यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। बस में सवार अधिकतर लोग कामकाजी थे। भीषण हादसे में तीन लोग जीवित बच गए, जिन्हें और अन्य घायलों को जनरल एशमौन अस्पताल में भर्ती किया गया है। अस्पताल में सभी घायलों का उपचार जारी है। मिस्र के श्रम मंत्री मोहम्मद गेब्रान ने दुर्घटना पर दुख जताकर अधिकारियों को पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने और सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। वहीं, दुर्घटना के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है। मिस्र में खराब सड़कें और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी के कारण सड़क दुर्घटनाएं आम हैं, लेकिन इस तरह की बड़ी संख्या में जानें जाना बेहद दुखद और चिंताजनक है।

## ईरान का इज़रायल पर तंज.....आखिर कर तुरंत डैडी (अमेरिका) के पास भागा

तेहरान (ईएमएस)। ईरान और इज़रायल के बीच युद्धविराम होने के बावजूद, दोनों देशों के बीच जुबानी जंग जारी है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान की निंदा की, जिस बयान में ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने खामेनेई को भद्दी और भयानक मौत से बचा लिया। अराघची ने कहा, अगर राष्ट्रपति ट्रंप सचमुच डील करना चाहते हैं, तब उन्हें ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई के प्रति अभद्र टिप्पणियां बंद करनी होंगी। अराघची ने ट्वीट किया, ईरान के लोग महान और ताकतवर हैं। उन्होंने दुनिया को दिखा दिया कि हमारी मिसाइलों से बचने के लिए जब इज़रायल के पास कोई विकल्प नहीं बचा तब वह तुरंत डैडी (अमेरिका) के पास भाग गया।

## हूती विद्रोहियों ने इज़रायल पर फिर मिसाइल से हमला

तेल अवीव (ईएमएस)। ईरान और इज़रायल के बीच 12 दिनों तक चले भीषण हवाई हमलों के बाद 24 जून को युद्धविराम हुआ। हालांकि, इस युद्धविराम के तुरंत बाद यमन के हूती विद्रोहियों ने इज़रायल पर मिसाइल हमला किया। इज़रायली सेना ने पुष्टि की कि यमन से उनके क्षेत्र को निशाना बनाकर मिसाइलें दागी गईं, जिसके बाद दक्षिणी इज़रायल में सायरन बजने लगे और एयर डिफेंस सिस्टम को सक्रिय किया गया। हालांकि, इस हमले में किसी तरह के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है।

## टॉप न्यूक्लियर साइंटिस्ट पर गिरी जिनपिंग की गाज

बीजिंग(ईएमएस)। चीन में शुक्रवार को नेवी चीफ और एक टॉप न्यूक्लियर साइंटिस्ट को एनपीसी से निकाल बाहर कर दिया गया। हांगकांग की मीडिया के अनुसार, चीनी नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल ली हानजुन और देश के राष्ट्रीय परमाणु निगम के उप मुख्य अभियंता लियू शिपेंग को एनपीसी से निकाल दिया गया है। खबर के मुताबिक, ली सेना के उन जनरल और रक्षा उद्योग के कुछ अधिकारियों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ हाल में कार्रवाई की गई है। इसमें कहा गया है कि ली और लियू की एनपीसी सदस्यता समाप्त कर दी गई है। एनपीसी की स्थायी समिति ने शुक्रवार को अपने सत्र के समापन के दौरान शीर्ष जनरल मियाओ हुआ को केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के सदस्य के पद से हटाने के लिए भी मतदान किया।

## नेतन्याहू का दावा बोले- हमने गाजा में कोई अमानवीय कार्य नहीं किया

तेल अवीव(ईएमएस)। इजरायल की मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आईडीएफ ने गाजा में न सिर्फ घृणित रक्त-अपराध किए बल्कि मानवीय सहायता के इंतजार में खड़े लोगों पर गोली चलाने का आदेश दिया। रिपोर्ट को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री ने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि आईडीएफ के सैनिकों को निर्दोष लोगों को नुकसान न पहुंचाने के स्पष्ट आदेश दिए गए हैं और वे इसका पालन करते हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने शुक्रवार को जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि आईडीएफ (इजरायल डिफेंस फोर्सेज) ने गाजा में निहत्थे और मानवीय सहायता का इंतजार कर रहे लोगों पर गोली नहीं चलाई।

## ये भी चमत्कार हैः दुनिया का सबसे सूखा रेगिस्तान 10 साल बाद बना बर्फीला स्वर्ग

चिली,(ईएमएस)। दुनिया का सबसे सूखा, सबसे वीरान और चंद्रमा-जैसा दिखने वाला अटाकामा रेगिस्तान जब बर्फ की चादर से ढका मिला तो हर किसी की आंखें फटी की फटी रह गईं। उत्तरी चिली के इस सूखे रेगिस्तान में ऐसा नजारा एक दशक बाद देखने को मिला है, जिसे देखकर वहां के लोग ही नहीं पूरी दुनिया हैरान है। सैंटियागो यूनिवर्सिटी के जलवायु वैज्ञानिक राउल कोर्डेरो ने बताया कि अभी ये कहना जल्दबाज़ी होगी कि ये बर्फबारी क्लाइमेट चेंज से जुड़ी है। लेकिन यह जरूर है कि भविष्य में अटाकामा जैसी सूखी जगहों पर बारिश और बर्फबारी की घटनाएं ज्यादा देखने को मिल सकती हैं। अटाकामा रेगिस्तान को दुनिया के सबसे साफ और अंधेरे आसमान वाला इलाका माना जाता है। यहां वैज्ञानिक दूरबीनें लगाकर अंतरिक्ष की गहराइयों में झांकते हैं। लेकिन इस बार अंतरिक्ष की नहीं बल्कि जमीन पर गिरी बर्फ की चर्चा हो रही है। 9500 फीट की ऊंचाई पर स्थित दुनिया की सबसे ताकतवर रेडियो टेलीस्कोप साइट एएलएमए ने सोशल मीडिया पर बर्फ से ढके अटाकामा की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए और लिखा, अविश्वसनीय! दुनिया का सबसे सूखा रेगिस्तान अब बर्फ से ढका हुआ है। एएलएमए के वैज्ञानिकों ने बताया कि उनके मुख्य स्टेशन पर पिछले 10 सालों में बर्फ नहीं गिरी थी, हालांकि नजदीकी 5,000 मीटर ऊंचे चाजनानाटोर पठार पर यह सामान्य है। लेकिन इस बार रेगिस्तान की जमीन भी सफेद चादर में लिपटी हुई नजर आई। अटाकामा की पथरीली, धूल भरी जमीन जो अब तक वैज्ञानिकों को मार्स या मून की सतह जैसी लगती थी। आज बर्फ में ढकी होने के बाद किसी विंटर वंडरलैंड में बदल गई है।

## घरेलु तनाव में शख्स ने मेट्रो में लगा दी आग, 22 घायल

सियोल,(ईएमएस)। दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में एक चलती मेट्रो ट्रेन में आग लगने की भयावह घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि एक 67 वर्षीय व्यक्ति ने पारिवारिक तनाव और पत्नी से तलाक को लेकर गुस्से में आकर ट्रेन के कोच में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इस घटना में 22 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि 129 अन्य यात्रियों को मौके पर ही प्राथमिक इलाज देकर रवाना कर दिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, आरोपी की पहचान वोन नामक व्यक्ति के रूप में हुई है। वह सियोल की मेट्रो ट्रेन में सफर कर रहा था और अचानक अपने ही कपड़ों को आग लगाकर पेट्रोल छिड़क दिया, जिससे ट्रेन का एक पूरा कोच आग की लपटों में घिर गया।

## ईरान को 30 बिलियन डॉलर की मदद, भड़के ट्रंप ने कहा...कौन मीडिया का बदमाश ऐसा लिख रहा

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन मीडिया रिपोर्ट्स को सिरे से खारिज किया है, जिसमें दावा किया गया था कि ट्रंप प्रशासन ईरान को असैन्य (सिविलियन) परमाणु कार्यक्रम के लिए 30 बिलियन डॉलर (करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए) देने पर विचार कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने फेक न्यूज मीडिया का एक और बीमार दुष्प्रचार बताया। दरअसल, एक अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया था कि अमेरिका, कतर की मध्यस्थता में, ईरान के फोरदों परमाणु केंद्र को बंद करा एक नए असैन्य एटमी केंद्र की स्थापना की अनुमति देने, प्रतिबंधों में ढील देने और 50,000 करोड़ रुपये की जब्त संपत्ति (फ्रोज़न एसेट्स) जारी करने की योजना पर काम कर रहा है। साथ ही, इस मुद्दे पर अमेरिका-ईरान के बीच प्रस्तावित अप्रत्यक्ष वार्ता की भी चर्चा थी। इस रिपोर्ट के जवाब में ट्रंप ने तीखी प्रतिक्रिया देकर कहा कि फेक न्यूज मीडिया में कौन सा बदमाश कह रहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप ईरान को गैर-सैन्य परमाणु सुविधाएं बनाने के लिए 30 बिलियन डॉलर देना चाहते हैं? इस हास्यास्पद विचार के बारे में कभी नहीं सुना। यह धोखा है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों पर बमबारी की थी, जिसके बाद नुकसान को लेकर परस्पर विरोधी बयान सामने आए थे।

# लीड्स टेस्ट मैच में दो शतक लगाने पर कोच गंभीर ने नहीं की पंत की तारीफ

## -पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने सुनाया पुराना किस्सा, छिड़ गई बहस



नई दिल्ली,(ईएमएस)। इंग्लैंड के दौरे पर टीम इंडिया के विकेट कीपर ऋषभ पंत ने वो कर दिखाया जिसे करने का सपना हर कोई देखता है लेकिन यह करना सबके बस की बात नहीं। टीम इंडिया के मुख्य कोच अपने पूरे टेस्ट करियर में जो नहीं कर पाए वह पंत ने 7 साल में कर दिखाया। इंग्लैंड में खेलते हुए टेस्ट की दोनों पारी में सेंचुरी ठोक कर तारीफ बटोर रहे हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेट अजय जडेजा ने एक पुराना किस्सा सुनाया जिसने बहस छेड दी है। इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले ही मैच में ऋषभ पंत ने दोनों पारियों में शतक जड़ा। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने पहली पारी में 134 और दूसरी पारी में 118 रन बनाए। भारतीय टीम भले ही मैच हार गई लेकिन ऋषभ पंत का नाम उन भारतीय दिग्गजों की सूची में शामिल हो गया जिसने टेस्ट में एक मैच की दोनों पारी में शतक लगाया।

लीड्स टेस्ट मैच खत्म होने के बाद ऋषभ पंत ने दोनों पारी में जमाए शतक को लेकर जब कोच गौतम गंभीर से पूछा गया तो उनका रिएक्शन ज्यादातर लोगों को अजीब लगा। गंभीर ने कहा इस मुकाबले में भारतीय टीम की तरफ से तीन और शतक लगे है। वो भी काफी पॉजिटिव हैं। थैक्यू। गौतम गंभीर ने पंत अकेले की तारीफ नही की उन्होंने कहा कि मुझे ज्यादा अच्छा लगता अगर आप ये कहते कि यशस्वी का शतक आया, शुभमन गिल ने कप्तान के तौर पर डेब्यू करते हुए शतक जमाया, केएल राहुल की सेंचुरी आई और ऋषभ पंत ने दो शतक बनाए, टेस्ट मैच में 5 शतक लगे। ये हमारे लिए बहुत अच्छी शुरुआत है। बता दें गौतम गंभीर ने इंग्लैंड में 5 टेस्ट मैच खेले और कभी एक फिफ्टी नहीं बना पाए। पत ने 10 टेस्ट खेलकर इंग्लैंड में 4 शतक ठोक दिए। जडेजा ने कहा कि कुछ दिनों के लिए मैं दिल्ली रणजी टीम का कोच बनाया गया था। टीम का सलेक्शन हो रहा था, जो टीम के कप्तान थे और जो चयनकर्ता थे मैं उन सभी के साथ खेल चुका था। सलेक्टर्स का मानना था कि जो कप्तान को चाहिए वो दे देना सही है। टीम के कप्तान लड़ते रहे कि ये नहीं, चयनकर्ता लड़ते रहे कि ये होना चाहिए। और उस वक्त दोनों जो खिलाड़ी थे उन्होंने एक दूसरे को देखा नहीं था तो ऋषभ पंत का सलेक्शन नहीं हुआ। जडेजा ने कहा कि मैं कोच था तो ऋषभ पंत से कहा सलेक्शन भले ना हुआ हो लेकिन आप रणजी ट्रॉफी की प्रैक्टिस में आना। आप आगे तो टीम में आएंगे ना। इस पर मुझे पंत ने कहा, भैय्या रहने दीजिए ना जब उनको मेरी जरूरत होगी तो मुझे वह घर से बुलाएंगे।

### गंभीर को टीम को तैयार करने समय देना चाहिएः पनेसर

टेस्ट मैच में टीम इंडिया की हार के बाद इंग्लैंड के पूर्व गेंदबाज मोंटी पनेसर ने कहा गौतम गंभीर को टीम तैयार करने के लिए समय देना चाहिए। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना खेली जा रही है क्योंकि दोनों ने दौरे से पहले इस प्रारूप से संन्यास ले लिया था और टीम की कप्तानी शुभमन गिल के हाथों में हैं।

पनेसर ने मुख्य कोच का समर्थन करते हुए कहा, गौतम गंभीर को इस युवा टेस्ट टीम को तैयार करने के लिए कम से कम 12-18 महीने का समय दिया जाना चाहिए। कोहली और शर्मा जैसे खिलाड़ियों के बिना गंभीर के पास कोई विकल्प नहीं है। आप उनसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने की उम्मीद नहीं कर सकते। टी20 विश्व कप 2024 के बाद गौतम गंभीर को राहुल द्रविड़ की जगह टीम इंडिया के मुख्य कोच के रूप में पदभार संभालने को मिला। व्हाइट-बॉल की सफलता के बाद भी सबसे लंबे प्रारूप में गंभीर की सफलता चिंता का विषय बन गई है। 11 मैचों में, टीम इंडिया को 7 अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा और सिर्फ 3 जीत दर्ज की। गंभीर के कार्यकाल में भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर वाइटवॉश और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हार का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं डब्ल्यूटीसी चक्र में पहली बार टीम इंडिया फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही। बता दें कि टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 5 शतकों के बावजूद हार का सामना करना पड़ा।

# हर गेंद पर चौका-छक्का नहीं जरूरी : शेफाली वर्मा

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम में वापसी कर रहीं 21 वर्षीय शेफाली वर्मा ने स्वीकार किया है कि टीम से बाहर रहने के दौरान उन्होंने अपनी बल्लेबाजी के नजरिए में बड़ा बदलाव किया। खराब फॉर्म के चलते बाहर होने के बाद शेफाली ने टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर की पारियां देख-देखकर यह समझ कि हर गेंद को उसकी मेरिट पर खेलना कितना जरूरी है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पहले बीसीसीआई के एक वीडियो में शेफाली ने कहा, "पहले मैं हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी लेकिन फिर मुझे समझ में आया कि अच्छी गेंद का सम्मान करना जरूरी है। मैंने सचिन सर की टेस्ट पारियां देखीं और उनसे काफी प्रेरणा मिली।"शेफाली ने बताया कि सचिन को देखते हुए उन्हें अपने बचपन के दिन याद आ गए। "उस समय मैं उनका एक भी मैच मिस नहीं करती थी। इस बार मैंने उनके हर मैच को फिर से देखा और सीखा कि अच्छी गेंद को सम्मान देना ही लंबी और अच्छी पारी खेलने की कुंजी है।" शेफाली का यह आत्मचिंतन उनके खेल में भी दिखा। घरेलू क्रिकेट और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में शानदार प्रदर्शन कर उन्होंने राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह वापस पक्की की।हालांकि, यह सफर आसान नहीं रहा। शेफाली ने खुलासा किया कि पिछले साल टीम चयन से ठीक दस दिन पहले उनके पिता को दिल का दौरा पड़ा था, जिसने उनके लिए हालात और मुश्किल कर दिए। "जब भी आप टीम में वापसी करते हैं तो हालात मुश्किल होते ही हैं, लेकिन टीम के माहौल में लौटकर अच्छा लगता है। मुझे खुशी है कि मैं फिर से टीम का हिस्सा बनी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के चयन से दस दिन पहले पापा को दिल का दौरा पड़ा था। उस समय मैं बेहद परेशान थी और मुझे समझ ही नहीं आ रहा था कि हो क्या रहा है।"

# जायसवाल की नजरें एजबेस्ट टेस्ट में सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ने पर



नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच 2 जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेला जाना हैं, जहां टीम इंडिया की नजरें सीरीज में वापसी पर होंगी। इस मुकाबले में खासतौर पर सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पर सबकी निगाहें होंगी, जो भारतीय टेस्ट क्रिकेट में सुनील गावस्कर का करीब 50 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ने के बेहद करीब हैं। इंग्लैंड दौरे की शुरुआत जायसवाल के लिए शानदार रही। उन्होंने पहले टेस्ट में शतक जमाकर टीम को मजबूत शुरुआत दी थी। हालांकि शुभमन गिल, केएल राहुल और ऋषभ पंत के शतक के बावजूद भारत को हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में दूसरे टेस्ट में भारत के बल्लेबाजों से एक बार फिर बड़े स्कोर की उम्मीद होगी।

यशस्वी जायसवाल के अब तक के टेस्ट करियर पर नजर डालें तो उन्होंने 20 मैचों में 52.86 की औसत से 1903 रन बनाए हैं। वह 2000 रन के मील के पत्थर से सिर्फ 97 रन दूर हैं। अगर वह एजबेस्टन टेस्ट में यह 97 रन बना लेते हैं तो वह सबसे कम मैचों में 2000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय बन जाएंगे।

अभी यह रिकॉर्ड दिग्गज सुनील गावस्कर के नाम है, जिन्होंने 23 टेस्ट में 2000 रन पूरे किए थे। अगर यशस्वी एजबेस्टन में इस उपलब्धि से चूकते हैं तो उनके पास अगले मैच में भी गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका रहेगा।

सबसे तेज 2000 टेस्ट रन बनाने वाले अन्य भारतीयों में राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग भी शामिल हैं, जिन्होंने 25-25 टेस्ट में यह कारनामा किया था। हालांकि, पारियों के लिहाज से देखें तो राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग ने 40-40 पारियों में 2000 रन पूरे किए थे, जबकि गावस्कर को 44 पारियां लगी थीं। यशस्वी जायसवाल ने अब तक 38 पारियां खेली हैं और अगर वह दूसरे टेस्ट की पहली पारी में ही 97 रन बना लेते हैं तो वह सबसे कम पारियों में 2000 टेस्ट रन पूरे करने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बन जाएंगे। ऐसे में एजबेस्टन टेस्ट जायसवाल के लिए व्यक्तिगत और भारतीय क्रिकेट के रिकॉर्ड बुक में नया इतिहास रचने का बड़ा मौका साबित हो सकता है, साथ ही टीम इंडिया को भी उनकी बड़ी पारी से सीरीज में वापसी की मजबूत उम्मीद होगी।

# श्रीलंका से करारी हार के बाद बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो का इस्तीफा

कोलंबो (ईएमएस)। कोलंबो में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश को श्रीलंका के हाथों पारी और 78 रनों से करारी हार झेलनी पड़ी, जिससे टीम को दोहरा झटका लगा। एक तो उसने यह सीरीज 0-1 से गंवा दी, दूसरा बड़ा झटका कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो के इस्तीफे के रूप में सामने आया। मैच खत्म होते ही शान्तो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में टेस्ट कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया, जिससे बांग्लादेश क्रिकेट जगत में हलचल मच गई। गौर करने वाली बात यह है कि सीरीज के पहले टेस्ट में शान्तो ने दोनों पारियों में शतक लगाकर इतिहास रचा था और वह ऐसा करने वाले बांग्लादेश के पहले कप्तान बने थे। अचानक उनके इस फैसले ने फैन्स और टीम मैनेजमेंट को हैरानी में डाल दिया है। हालांकि शान्तो ने अपने फैसले की वजह भी साफ शब्दों में बताई। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में शान्तों ने कहा कि वह अब टेस्ट टीम की कप्तानी जारी नहीं रखना चाहते क्योंकि यह फैसला उन्होंने टीम के हित में लिया है। उन्होंने कहा, "मैं अब टेस्ट प्रारूप में कप्तान के तौर पर काम नहीं करना चाहता। यह व्यक्तिगत नहीं है। मुझे लगता है कि इससे टीम को मदद मिलेगी।" उन्होंने तीनों प्रारूपों में अलग-अलग कप्तान रखने को लेकर भी चिंता जताई और कहा, "मुझे लगता है कि तीन कप्तान होना समझदारी नहीं है। मुझे नहीं पता कि बोर्ड इस बारे में क्या सोचेगा, लेकिन मैं उनके फैसले का समर्थन करूंगा। यह मेरा निजी निर्णय है।" मैच की बात करें तो बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की लेकिन पहली पारी में टीम 247 रन ही बना पाई। इसके जवाब में श्रीलंका ने 458 रन बनाकर मजबूत बढ़त हासिल की। पथुम निस्सानका ने शानदार 158 रनों की पारी खेली जबकि चंदीमल ने 93 और कुसल मेंडिस ने 84 रन बनाए। पहली पारी में ही श्रीलंका को 211 रनों की बढ़त मिल गई थी। दूसरी पारी में बांग्लादेश के बल्लेबाज पूरी तरह नाकाम रहे और टीम 133 रन पर सिमट गई।

# डब्ल्यूटीसी में 10 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले पहले खिलाड़ी ट्रेविस हेड



नई दिल्ली (ईएमएस)। बारबाडोस में खेले गए पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। मैच में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा और दोनों टीमों की पहली पारियां 200 रन से कम पर सिमट गईं। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 180 रन बनाए, जिसमें वेस्टइंडीज के जेडन सील्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट चटकाए। हालांकि वेस्टइंडीज की टीम इसका फायदा नहीं उठा सकी और 190 रन पर ऑलआउट होकर सिर्फ 10 रन की मामूली बढ़त हासिल कर पाई। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने शानदार वापसी करते हुए 310 रन बनाए। इसमें ट्रेविस हेड, वेबस्टर और एलेक्स कैरी की अर्धशतकीय पारियां अहम रहीं। इस पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 301 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम लड़खड़ा गई और सिर्फ 141 रन पर ढेर हो गई। इस जीत में ट्रेविस हेड का योगदान निर्णायक रहा। उन्होंने दोनों पारियों में अर्धशतक लगाए और अपनी पारी से मैच का रुख बदल दिया। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इसके साथ ही उन्होंने एक बड़ी उपलब्धि भी हासिल की।

# पैट ने फिर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया

बारबाडोस (ईएमएस)। यहां ब्रिजटाउन स्थित केंसिंग्टन ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन पैट कमिंस ने कमाल कर दिया। अपने बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर कमिंस ने एक बार फिर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया।

उन्होंने एक 62 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा, जो टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे लंबे समय से कायम था। पैट कमिंस ने केसी कार्टी को तीसरे दिन के पांचवें सत्र में आउट करके यह रिकॉर्ड बनाया और फिर चौथे दिन के दूसरे सत्र में रोस्टन चेज को आउट करके इसे और आगे बढ़ाया। वेस्टइंडीज के कप्तान चेज 44 रनों की मजबूत पारी खेलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाने की कोशिश कर रहे थे, तभी कमिंस ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। केसी कार्टी को आउट करते ही पैट कमिंस ने एक ऑस्ट्रेलियाई कप्तान के रूप में टेस्ट विकेटों की संख्या में रिची बेनो के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। इसके बाद रोस्टन चेज को आउट करके उन्होंने बेनो को पीछे छोड़ दिया और कप्तान के रूप में टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सर्वकालिक सूची में दूसरे स्थान पर आ गए। इस प्रतिष्ठित सूची में कमिंस अब महान पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इमरान खान के बाद दूसरे स्थान पर हैं। तुलनात्मक रूप से रिची बेनो ने ऑस्ट्रेलिया का 35 टेस्ट में नेतृत्व किया और इमरान खान ने कप्तान के रूप में 48 लाल गेंद के टेस्ट खेले। टेस्ट कप्तान के रूप में पैट कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया को शानदार जीत दिलाई है, जहां उन्होंने 2023 में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीता और 2025 में फिर से फाइनलिस्ट के रूप में क्वालीफाई किया।

# आईसीसी ने टी-20 मैचों के पावरप्ले नियम में भी किया बड़ा बदलाव

दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुरुषों के टी-20 क्रिकेट में अहम बदलाव की घोषणा की है। अब बारिश या किसी अन्य वजह से ओवर घटने पर पावरप्ले के ओवर भी उसी अनुपात में घट जाएंगे। अभी तक 20 ओवर की पारी में शुरुआती छह ओवर पावरप्ले के होते हैं, लेकिन नए नियम के तहत मैच के ओवर कम होने पर पावरप्ले भी उसके मुताबिक तय होगा। उदाहरण के लिए, पांच ओवर के मैच में 1.3 ओवर पावरप्ले होगा, छह ओवर के लिए 1.5 ओवर, सात ओवर के लिए 2.1 ओवर, आठ ओवर के लिए 2.2 ओवर, नौ ओवर के लिए 2.4 ओवर और दस ओवर के मैच के लिए तीन ओवर का पावरप्ले होगा। इसी तरह 11 ओवर के मैच में 3.2 ओवर, 12 ओवर में 3.4 ओवर, 13 ओवर में 3.5 ओवर, 14 ओवर में 4.1 ओवर, 15 ओवर में 4.3 ओवर, 16 ओवर में 4.5 ओवर, 17 ओवर में 5.1 ओवर, 18 ओवर में 5.2 ओवर और 19 ओवर के मैच में 5.4 ओवर पावरप्ले होगा। अंपायर ओवर के बीच में पावरप्ले समाप्त होने के समय पर संकेत देंगे। यह नियम 2 जुलाई से वैश्विक स्तर पर लागू हो जाएगा। अब इसमें दिलचस्प बात यह है कि इंग्लैंड के टी-20 ब्लास्ट टूर्नामेंट में यह नियम पहले से ही इस्तेमाल हो रहा है, जहां पावरप्ले के ओवर ओवर-गणना के हिसाब से तय होते हैं और खिलाड़ियों या अधिकारियों को कोई परेशानी नहीं होती। आईसीसी ने कहा कि इसका उद्देश्य बारिश से प्रभावित मैचों को अधिक निष्पक्ष और संतुलित बनाना है, ताकि दोनों टीमों को बराबरी का मौका मिल सके और रणनीति भी पारदर्शी रहे। टी-20 में पावरप्ले के दौरान केवल दो फील्डर 30 गज के घेरे के बाहर रह सकते हैं और नए नियम से इस सख्ती को और स्पष्ट करने की बात कही गई है।

इसके अलावा आईसीसी ने टेस्ट क्रिकेट में ओवर-रेट को कंट्रोल करने के लिए स्टॉप क्लॉक का इस्तेमाल अनिवार्य किया है।



लंदन में विंबलडन एईएलटीसी में चैंपियनशिप 2025 से पहले अभ्यास सत्र के बाद नृत्य करती यूएसए की कोको गौफ और आर्यना सबालेंका।

# टेस्ट मैच में टीम की गेंदबाजी से मोहम्मद शमी असंतुष्ट

नई दिल्ली (ईएमएस)। इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स के हेडिंग्ले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में टीम की गेंदबाजी से भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी असंतुष्ट हैं। भारतीय गेंदबाजों ने सभी पारियों में 4.5 रन प्रति ओवर से अधिक रन लुटाए जिसमें केवल जसप्रीत बुमराह ही प्रभावी दिखे।

बुमराह ने पहली पारी में 5 विकेट लिए लेकिन दूसरी इनिंग में कोई विकेट नहीं ले पाए। इंग्लैंड ने 371 रन के लक्ष्य के जवाब में आखिरी दिन 350 रन बनाए और 5 विकेट से जीत दर्ज की। शमी ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, गेंदबाजी में अन्य भारतीय गेंदबाजों को बुमराह से बात करनी चाहिए और उनसे सीखना चाहिए। उन्हें उनके साथ योजना बनाने और उनका समर्थन करने के बारे में बात करनी चाहिए। अगर वे बुमराह का समर्थन करेंगे, तो हम आसानी से मैच जीत सकते हैं। अगर मैं पहले मैच की बात करूं, तो मुझे लगता है कि हमें गेंदबाजी में थोड़ा काम करने की जरूरत है। शमी ने शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा के विकेटों का खेल पर कोई प्रभाव ना पड़ने की भी बात की।

# रोमन रेंस की संभावित वापसी से डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूई में हलचल, समरस्लैम में दिख सकते हैं एक्शन में



- नई दिल्ली (ईएमएस)। डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूई के प्रशंसकों के लिए बड़ी खबर है कि रोमन रेंस, जो अप्रैल में रेसलमेनिया 41 के बाद से रिंग में नजर नहीं आए हैं, जल्द वापसी कर सकते हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि वह अगस्त में होने वाले समरस्लैम में वापसी करेंगे। उनकी वापसी को लेकर कई कहानियां और रणनीतियां बन रही हैं। माना जा रहा है कि रेंस, पूर्व यूनाइटेड स्टेट्स चैंपियन के साथ मिलकर सैथ रॉलिंस के ग्रुप के सदस्यों ब्रॉन ब्रेकर और ब्रॉन्सन रीड को मात दे सकते हैं। एलए नाइट की भी खबर इसमें जुड़ती दिख रही है। स्मैकडाउन के एक एपिसोड में ब्रॉन ब्रेकर और ब्रॉन्सन रीड ने एलए नाइट पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इसके बाद यह साफ हुआ कि एलए नाइट को इन विरोधियों से निपटने के लिए किसी मजबूत साथी की जरूरत है और इस भूमिका में रोमन रेंस आ सकते हैं। रोमन रेंस और सैथ रॉलिंस के बीच पुरानी दुश्मनी भी इस संभावित बात में अहम भूमिका निभा सकती है। दोनों रेसलमेनिया 41 में ट्रिपल थ्रेट मैच में आमने-सामने आए थे, जिसमें सीएम पंक भी शामिल थे। उस मैच में पॉल हेमैन ने, जो रोमन रेंस के सलाहकार और सीएम पंक के पुराने दोस्त माने जाते हैं, रॉलिंस का साथ देकर कहानी को और पेचीदा बना दिया था। इसके अगले ही दिन ब्रॉन ब्रेकर ने सैथ रॉलिंस के समर्थन में रोमन रेंस पर हमला किया और उन्हें बैरिकेड के पार स्पीयर मारा था। ऐसे में रोमन रेंस के पास एलए नाइट की मदद करने के कई कारण हैं और इससे एक दिलचस्प टैग-टीम बन सकती है। हालांकि यह सब फिलहाल अनुमान पर आधारित है। रोमन रेंस अब डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूई के फुल-टाइम रेसलर नहीं हैं और उन्हें हर हफ्ते रॉ या स्मैकडाउन में आने की जरूरत नहीं होती। उन्होंने पहले भी कहा है कि वह अगले दो या तीन साल में रेसलिंग से संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं।

# मेजर लीग क्रिकेट में सिएटल ऑर्कास ने रचा इतिहास

नई दिल्ली (ईएमएस)। अमेरिका में चल रही मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2025 का 18वां मुकाबला शुक्रवार रात सिएटल ऑर्कास और एमआई न्यूयॉर्क के बीच खेला गया और यह मैच रोमांच की हर हद पार कर गया। निकोलस पूरन की कप्तानी वाली एमआई न्यूयॉर्क ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 237 रन ठोक दिए। इस विशाल स्कोर की नींव खुद कप्तान निकोलस पूरन ने रखी। उन्होंने 60 गेंदों में 7 चौकों और 8 छक्कों की मदद से 108 रन बनाए। उनके साथ तजिंदर ढिल्लों ने भी धमाकेदार बल्लेबाजी की और सिर्फ 35 गेंदों में 8 चौके और 8 छक्के लगाकर 95 रन बनाए। इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिएटल ऑर्कास ने टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज करते हुए आखिरी गेंद पर 238 रन बना दिए। यह मेजर लीग क्रिकेट के अब तक के तीन सीजन में सबसे बड़ा रन चेज है।

# तय कार्यक्रम के अनुसार होने की उम्मीद हैं भारत-बांग्लादेश सीरीज

## - कोहली और रोहित दिख सकते है मैदान पर

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच अगस्त में होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज को लेकर पिछले कुछ समय से कई अटकलें लगाई जा रही थीं। शेख हसीना सरकार के हटने के बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक रिश्तों में आई तल्खी के चलते दौरे के रद्द या स्थगित होने की आशंका जताई जा रही थी। लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने साफ कर दिया है कि फिलहाल सीरीज को लेकर कोई बदलाव नहीं किया गया है और यह तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगी।

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा है कि इस दौरे को रद्द करने या स्थगित करने पर कोई चर्चा नहीं हुई है और न ही सरकार से ऐसा कोई निर्देश मिला है। अगर आगे कोई स्थिति बनती है तो उसी के अनुसार फैसला लिया जाएगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अप्रैल में ही इस दौरे का कार्यक्रम जारी कर दिया था। इसके मुताबिक तीन मैचों की वनडे सीरीज 17 अगस्त से मीरपुर में शुरू होगी और 23 अगस्त को चटगांव में खत्म होगी। इसके बाद तीन मैचों की टी20 सीरीज 26 अगस्त से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगी। यह दौरा इसलिए भी अहम है क्योंकि विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद पहली बार वनडे टीम में वापसी करने के संकेत दिए हैं।

भारत ने 2014 के बाद से बांग्लादेश में कोई वनडे सीरीज नहीं जीती है। पिछली बार भारत ने 2022 में बांग्लादेश दौरे पर तीन मैचों की सीरीज 1-2 से गंवाई थी। ऐसे में यह दौरा भारत के लिए 11 साल के सूखे को खत्म करने का मौका होगा। टी20 सीरीज भी ऐतिहासिक होगी क्योंकि भारत ने अब तक बांग्लादेश में कोई द्विपक्षीय टी20 सीरीज नहीं खेली है। यह पहली बार होगा जब मौजूदा विश्व टी20 चैंपियन भारत बांग्लादेश में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा।

# स्पिनर एडम जम्पा ने सरे के साथ किया अनुबंध

सरे (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जम्पा ने चार टी20 ब्लास्ट मैच खेलने के लिए सरे के साथ अनुबंध किया है। एडम अगले महीने 6 जुलाई को द ओवल में एसेक्स के खिलाफ सरे के डबल-हेडर मैच से पहले पहुंचेंगे। लेग स्पिनर जम्पा ने अपने करियर में 350 से अधिक टी20 विकेट लिए हैं जिसने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग , बिग बैश और द हंड्रेड सहित दुनिया भर की सभी सबसे बड़ी फ्रैंचाइजी लीगों में ले जाया है, जहां उन्होंने 2023 और 2024 में ओवल इनविंसिबल्स को लगातार खिताब दिलाने में मदद की। सैम कुरेन की सरे प्रतियोगिता में शानदार फॉर्म में है, उसने केंट के खिलाफ आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत हासिल की, जिसमें क्रिस जॉर्डन ने अंतिम गेंद पर चौका लगाकर जीत सुनिश्चित की। इसके बाद ससेक्स और मिडलसेक्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर व्यापक जीत हासिल की।

# ईशान खेल रहे काउंटी, लंदन की सड़कों पर कर रहे मस्ती

नई दिल्ली,(ईएमएस)। ईशान किशन लंदन में काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने नॉटिंघमशायर क्लब की ओर से खेलते हुए शानदार 87 रन की पारी खेली। खाली समय में ईशान लंदन की सड़कों पर घूमते नजर आए। उन्होंने लंदन से अपनी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं जिसमें वह कभी पैदल तो कभी छोटी गाड़ी पर बैठकर लंदन घूमते दिख रहे हैं। ईशान ने जो वीडियो अपलोड की है उसमें वह अपने एक साथी के साथ छोटी गाड़ी में लंदन की सड़कों पर घूम रहे हैं। इस दौरान उस गाड़ी में भोजपुरी गायक नीलकमल सिंह के एल्बम हिरोइन का चर्चित टाइटल सॉन्ग गुलाब जइसन खिलल बाड़ु, तू भंवरा से मिलल बाडु...चल रहा होता है जिसको ईशान पीछे से गुनगुना रहे हैं और जबरदस्त डांस कर रहे हैं। गाड़ी में बैठे बैठे ईशान का यह डांस वीडियो लोगों को खूब पसंद आ रहा है। ईशान के साथ पीछे एक और शख्स बैठा है वह भी एंज्वॉय कर रहा है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ईशान किशन पिछले कुछ समय से भारतीय टीम से बाहर हैं। आईपीएल के बाद उन्होंने काउंटी में खेलने का फैसला किया, क्योंकि इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में उनकी वापसी नहीं हुई। वह काउंटी में नॉटिंघमशायर की ओर से खेल रहे हैं। ईशान ने नॉटिंघमशायर के साथ सिर्फ 2 काउंटी चैंपियनशिप मैच खेलने का छोटा करार किया है।

# धवन की आत्मकथा में खुलासाः ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गर्लफ्रेंड को होटल रूम में ले जाने से मचा था हंगामा



नई दिल्ली (ईएमएस)। टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अपने बेफिक्र और मस्तमौला अंदाज के लिए जाने जाते हैं। चाहे क्रिकेट का मैदान हो या निजी जिंदगी का, धवन हमेशा खुलकर जीने में यकीन रखते हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी आत्मकथा में अपने करियर के शुरुआती दिनों का एक दिलचस्प और काफी निजी किस्सा साझा किया है, जिसने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है। धवन ने खुलासा किया कि 2006 में भारत ए टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड को चुपके से होटल के कमरे में ले गए थे, जो वह अपने साथी खिलाड़ी रोहित शर्मा के साथ शेयर कर रहे थे।

धवन ने अपनी इस किताब में लिखा कि उस लड़की से मिलते ही वह प्यार में पड़ गए थे। उन्होंने बताया, "वह बहुत खूबसूरत थी और अचानक मुझे फिर से प्यार हो गया। मैंने सोचा कि यही लड़की मेरे लिए सही है और मैं इससे शादी करूंगा।" दौरे की शुरुआत में धवन का प्रदर्शन अच्छा रहा। अभ्यास मैच में उन्होंने अर्धशतक लगाया और सब ठीक चल रहा था। लेकिन धीरे-धीरे वह अपनी गर्लफ्रेंड, जिसे उन्होंने किताब में 'एलेन' नाम दिया है, के साथ ज्यादा समय बिताने लगे। इससे उनका ध्यान भटक गया।

उन्होंने आगे लिखा कि हर मैच के बाद वह एलेन से मिलने चले जाते और जल्द ही उन्होंने उसे होटल के कमरे में बुलाना शुरू कर दिया। यह कमरा वह रोहित शर्मा के साथ शेयर कर रहे थे। धवन ने लिखा, "कभी-कभी रोहित मुझसे हिंदी में शिकायत करता था – क्या तुम मुझे सोने दोगे?" धवन ने यह भी माना कि यह सब धीरे-धीरे पूरी टीम में चर्चा का विषय बन गया। एक सीनियर चयनकर्ता ने उन्हें और एलेन को होटल की लॉबी में हाथ पकड़े चलते हुए देख लिया।

धवन ने बताया, "हम दोनों हाथ में हाथ डाले लॉबी में चल रहे थे। मुझे यह भी नहीं लगा कि हाथ छोड़ दूं क्योंकि मुझे नहीं लगता था कि हम कुछ गलत कर रहे थे। लेकिन उस एक मुलाकात की खबर पूरी टीम में जंगल की आग की तरह फैल गई।" धवन ने यह भी माना कि अगर वह उस दौरे पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करते, तो शायद सीनियर भारतीय टीम में उनकी एंट्री हो जाती, लेकिन गर्लफ्रेंड के साथ वक्त बिताने और फोकस खोने के कारण उनका खेल बिगड़ गया। इस ईमानदार कबूलनामे से उन्होंने अपनी युवा अवस्था की गलतियों को भी स्वीकार किया है और यह किस्सा उनके करियर के एक अलग ही पहलू को उजागर करता है।

# अगले हफ्ते शेयर मार्केट में बरसेगा पैसा, 36 कंपनियां निवेशकों को देंगी डिविडेंड

अगले हफ्ते शेयर बाजार में निवेशकों के लिए बड़ा मौका सामने आने वाला है, क्योंकि 30 जून से 4 जुलाई 2025 के बीच कई नामी कंपनियां अपने शेयरधारकों को शानदार डिविडेंड देने जा रही हैं। इस एक हफ्ते में कुल 36 कंपनियों ने फाइनल डिविडेंड या डिविडेंड की घोषणा की है, जो बाजार में हलचल ला सकती है। इनमें टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, भारत फोर्ज, नेस्ले इंडिया जैसी दिग्गज कंपनियां शामिल हैं। इस दौरान सबसे खास बात यह है कि कई कंपनियां 10 रुपये, 20 रुपये से लेकर 65 रुपये तक के भारी-भरकम डिविडेंड दे रही हैं। मसलन, टेक महिंद्रा अपने शेयरधारकों को 30 रुपये, M&M 25.30 रुपये और सेरा सैनिटरीवेयर 65 प्रति शेयर का डिविडेंड देने वाली है। ऐसे में निवेशकों के लिए यह हफ्ता सिर्फ रिटर्न नहीं बल्कि रणनीति का हफ्ता भी होगा। डिविडेंड पाने के लिए जरूरी है कि निवेशक कंपनियों की रिकॉर्ड डेट से पहले शेयर खरीदें, जो आमतौर पर एक्स-डेट के एक दिन पहले होती है। इस बार सभी




कंपनियों की रिकॉर्ड डेट 30 जून तय की गई है, इसलिए 29 जून तक खरीदारी जरूरी है। जिन निवेशकों की नजर लॉन्ग टर्म होल्डिंग के साथ शॉर्ट टर्म गेन पर भी होती है, उनके लिए यह मौका कमाई के दोहरे अवसर जैसा है।

## बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में दो फीसदी बढ़ोतरी रही

मुंबई (ईएमएस)। बीते कारोबारी सप्ताह के दौरान शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में दो फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर और भारत और अमेरिका के बीच जल्द ट्रेड होने की संभावना से बाजार में निवेशकों के सेंटीमेंट को मजबूती प्रदान की। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार के पांच कारोबारी दिनों में कारोबार इस प्रकार रहा- अमेरिका की ओर से ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर बमबारी के बाद मध्य पूर्व में बढ़े तनाव के बीच सोमवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 931.41 अंक गिरकर 81,476.76 पर खुला और दिन के कारोबार में 900 अंक से अधिक की गिरावट के बाद कुछ हद तक उबरकर 511.38 अंक की गिरावट के साथ 81,896.79 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 140.50 अंक गिरकर 24,971.90 अंक पर खुला और 287.55 अंक गिरकर 24,824.85 पर बंद हुआ। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के इजरायल-ईरान युद्ध विराम की घोषणा के बाद भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को जोरदार तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स 600 से ज्यादा अंक चढ़कर 82,534.61 पर खुला और 158.32 अंक उछलकर 82,055.11 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी-50 भी मजबूत शुरुआत के साथ 25,179.90 पर खुला और 72.45 अंक बढ़कर 25,044.35 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में तेजी के चलते बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में बुधवार को शुरुआती कारोबार में तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 426.79 अंक बढ़कर 82,481.90 पर खुला और 700.40 अंक उछलकर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 123.25 अंक चढ़कर 25,167.60 पर खुला और 200.40 अंक बढ़कर 25,244.75 अंक पर बंद हुआ।

# मीशो को आईपीओ लॉन्च करने की शेयरधारकों से मिली मंजूरी

## -कंपनी का लक्ष्य 4250 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाना




बेंगलुरु,(ईएमएस)। ई-कॉमर्स कंपनी मीशो को अपना शुरुआती आईपीओ लॉन्च करने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है। अब कंपनी बाजार नियामक सेबी के गोपनीय रूट के तहत अपना ड्राफ्ट आईपीओ प्रॉस्पेक्टस दाखिल करेगी। बता दें कंपनी का लक्ष्य आईपीओ के जरिए 4250 करोड़ रुपये यानी करीब 500 मिलियन डॉलर की पूंजी जुटाना है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मीशो की बोर्ड बैठक में आईपीओ प्रस्ताव के अलावा कंपनी के फाउंडर विदित आत्रे को चेयरमैन, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ नियुक्त करने की योजना को भी मंजूरी दी गई है। बताया जा रहा है कि प्रस्तावित आईपीओ में 4,250 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू और कंपनी के कुछ मौजूदा शेयरधारकों द्वारा इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल होगी। बता दें निवेशक एलिवेशन कैपिटल, पीक एक्सवी पार्टनर्स और प्रोसस मीशो के सबसे बड़े संस्थागत शेयरधारकों में से हैं, जिनमें से प्रत्येक के पास 13 से 15 फीसदी हिस्सेदारी है। जापानी निवेशक सॉफ्टबैंक के पास कम कीमत पर मूल्य खुदरा बिक्री पर केंद्रित ई-रिटेलर में करीब 10 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी के अन्य निवेशकों में वेस्टब्रिज कैपिटल, फिडेलिटी जैसे निवेशक शामिल हैं। मीशो की आखिरी फंडिंग राउंड 550 मिलियन डॉलर का था। इसके जरिए मूल्यांकन लगभग 3.9 बिलियन डॉलर का था। इस राउंड में पीक एम्सवी पार्टनर्स और वेस्टब्रिज कैपिटल जैसे मौजूदा बैकर्स के अलावा टाइगर ग्लोबल, थिंक इन्वेस्टमेंट्स और मार्स ग्रोथ कैपिटल जैसे नए निवेशकों ने हिस्सा लिया। वहीं, मीशो ने 1.1 मिलियन ऑप्शन जोड़कर अपने 2024 कर्मचारी स्टॉक ऑप्शन प्लान (ईसॉप) का विस्तार किया है।

# कनाडा के डिजिटल टैक्स पर नाराज हुए ट्रंप, टैरिफ लगाने की दी चेतावनी

## ट्रंप ने व्यापारिक बातचीत को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की घोषणा की

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कनाडा के साथ सभी व्यापारिक बातचीत को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि यह कदम कनाडा द्वारा टेक्नोलॉजी कंपनियों पर लगाए गए डिजिटल सर्विस टैक्स के जवाब में उठाया गया है। ट्रंप ने इसे अमेरिका पर सीधा और खुला हमला बताया। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि इस अनुचित टैक्स के चलते, हम कनाडा के साथ चल रही सभी व्यापारिक बातचीत को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगले सात दिनों के भीतर अमेरिका कनाडा को उन टैरिफ की जानकारी देगा, जो उसे अमेरिका के साथ व्यापार करने के लिए चुकाने होंगे। उन्होंने कहा है कि अमेरिका के टेक्नोलॉजी कंपनियों पर डिजिटल सर्विसेज टैक्स लगाने के कनाडा के फैसले के बाद अब दोनों देशों के बीच व्यापार पर कोई बातचीत नहीं होगी। ट्रंप ने यह बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट के जरिए दिया। उन्होंने कहा कि हमें अभी जानकारी मिली है कि कनाडा, जो व्यापार के लिहाज से बेहद कठिन देश है, ने हमारी टेक कंपनियों पर डिजिटल टैक्स लगाने का फैसला किया है। यह सीधा और खुला हमला है।

## देश का विदेशी ऋण बढ़कर 736.3 अरब डॉलर पहुंचा

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि भारत का विदेशी ऋण मार्च 2025 के अंत तक 10 प्रतिशत बढ़कर 736.3 अरब डॉलर हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 668.8 अरब डॉलर था। जीडीपी के प्रतिशत के रूप में बाह्य ऋण एक साल पहले के 18.5 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 के अंत तक 19.1 प्रतिशत हो गया। आरबीआई ने कहा कि समीक्षाधीन वित्त वर्ष में मुद्रा बाजारों में कुछ उतार-चढ़ाव देखा गया और रुपए तथा अन्य मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर के मूल्य में वृद्धि के कारण मूल्यांकन प्रभाव 5.3 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यदि मूल्यांकन प्रभाव को छोड़ दिया जाए, तो बाह्य ऋण में 67.5 अरब डॉलर के बजाय 72.9 अरब डॉलर की बढ़ोतरी होती। आरबीआई ने कहा कि कुल ऋण में गैर-वित्तीय निगमों ने 261.7 अरब डॉलर, सरकार ने 168.4 अरब डॉलर और केंद्रीय बैंक को छोड़कर जमा स्वीकार करने वाले निगमों ने 202.1 अरब डॉलर का ऋण लिया। मार्च 2025 के अंत में, दीर्घकालिक ऋण 601.9 अरब डॉलर था और इसमें सालाना आधार पर 60.6 अरब डॉलर की वृद्धि हुई।

## सुकन्या सहित छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दर में होगा बदलाव

नई दिल्ली (ईएमएस)। सार्वजनिक भविष्य निधि योजना, राष्ट्रीय बचत पत्र जैसी अन्य छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों की समीक्षा 30 जून सोमवार को होने वाली है। नई दरें वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए प्रभावी होंगी। इस साल अब तक सुकन्या समृद्धि योजना और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना सहित डाकघर योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि पहली जुलाई 2025 से इसमें बदलाव हो सकता है। इस संभावना की वजह है भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट में कटौती बताई जा रही है। आरबीआई ने सबसे पहले फरवरी में रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती की। फिर अप्रैल में 25 आधार अंक की कटौती की गई और जून में 50 आधार अंक की कटौती हुई। अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती हो चुकी है। रेपो रेट में कटौती के जवाब में बैंकों ने सावधि जमा पर ब्याज दर में कमी कर दी है। कुछ बैंकों ने अपनी विशेष एफडी भी बंद कर दी हैं, जो एक निश्चित अवधि के लिए सामान्य बैंक एफडी की तुलना में अधिक ब्याज दर प्रदान करती थीं। वर्तमान में पीपीएफ योजना में निवेशकों को 7.10 फीसदी की दर से ब्याज मिलता है। अनुमान जताया जा रहा है कि कई दशकों में पहली बार पीपीएफ की ब्याज दर सात फीसदी से भी नीचे जा सकती है।

# ईवी इंफ्रा ने एनपीसीएल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली (ईएमएस)। इंचार्ज ब्रांड के तहत परिचालन करने वाली सर्वोटेक ईवी इंफ्रा ने ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीएलएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एनपीसीएल में पीएमएस और सस्टेनेबिलिटी के एक प्रमख अधिकारी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एनपीसीएल आरपी-संजीव गोयनका समूह और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के बीच एक ज्वाइंट वेंचर है। समझौते के तहत दोनों संगठन आवासीय परिसरों, कार्यालय भवनों, कॉमर्शियल सेक्टर और अस्पतालों सहित स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशनों की पहचान, विकास के लिए ज्वाइंट वेंचर से काम करेंगे। एनपीसीएल संभावित स्थलों का सुझाव देकर और बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के साथ समन्वय स्थापित करके इस प्रयास का समर्थन करेगा। पहले चरण में ग्रेटर नोएडा की दो रिहायशी सोसायटियों में ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाए जा चुके हैं। स्टेलर जीवन में इंचार्ज ने 7.4 किलोवाट और 10 किलोवाट के एसी चार्जर लगाए हैं। ऐस डिविनो में,





साइट में 40 किलोवाट का डीसी चार्जर और 10 किलोवाट का एसी चार्जर है, जिसमें एक साथ तीन दोपहिया वाहनों को चार्ज करने की क्षमता है।

## टाटा हैरियर ईवी ने हासिल की 5-स्टार रेटिंग

स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स की नई इलेक्ट्रिक एसयूवी, टाटा हैरियर ईवी ने सुरक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए भारत एनकैप क्रैश टेस्ट में वयस्क और बाल यात्रियों दोनों के लिए 5-स्टार रेटिंग हासिल की है। इसने वयस्क सुरक्षा वर्ग में 32 में से पूरे 32 अंक प्राप्त किए हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इससे पहले हैरियर के डीजल वर्जन को 30.08 अंक मिले थे। हैरियर ईवी का प्रदर्शन महिंद्रा एक्सयूवी.ई 9 के सुरक्षा स्कोर के बराबर रहा है। बाल यात्रियों की सुरक्षा के मामले में भी हैरियर ईवी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 49 में से 45 अंक अर्जित किए हैं। 18 महीने और 3 साल के बच्चों के लिए किए गए आई-साइज चाइल्ड सीट डायनामिक टेस्ट में इसने 24 में से 24 और चाइल्ड सीट इंस्टॉलेशन टेस्ट में 12 में से 12 अंक हासिल किए। वाहन मूल्यांकन में इसे 13 में से 9 अंक प्राप्त हुए। क्रैश टेस्ट के लिए कंपनी ने अपने सबसे भारी वेरिएंट इंपॉवर्ड+ 75 केडब्ल्यूएच सिंगल और डुअल मोटर मॉडल्स को शामिल किया, जिनका वजन 2,336 किलोग्राम है। सेफ्टी फीचर्स की बात करें तो इसमें छह एयरबैग्स, ईएसपी, ट्रैक्शन कंट्रोल, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम और सभी चार पहियों में डिस्क ब्रेक्स दिए गए हैं। टॉप वेरिएंट में लेवल-2 अडास भी मिलता है। सिंगल-मोटर वेरिएंट की कीमत रुपए 21.49 लाख से रुपए 27.49 लाख (एक्स-शोरूम) है। डुअल-मोटर वेरिएंट की कीमत 27 जून को घोषित होगी और बुकिंग 2 जुलाई से शुरू होगी।

## दैनिक पंचांग

**29 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.37 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | सिंह | 08.53 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 11.05 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.15 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.30 ब.से |
| शुक्र | मेष में | धनु | 17.46 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.51 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.38 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.10 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | मेष | 00.41 बजे से |
| | | वृष | 02.21 बजे से |
| | | मिथुन | 04.19 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 180 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्थी 09.15 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा 06.34 बजे को समाप्त।
**योग** वज्र 17.59 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 09.15 बजे तदनन्तर बव 21.14 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 03.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 13'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872390
**जूलियन दिन** 2460855.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 03

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 | बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 | बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 | बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 | बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 | बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 | बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 | बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 | बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 | बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 | बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7331

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | 4 |
| 5 | ■ | | ■ | 6 | | | ■ | |
| 7 | | | | | ■ | 8 | 9 | |
| ■ | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | | ■ |
| 12 | 13 | | 14 | ■ | 15 | 16 | | |
| ■ | | ■ | 17 | 18 | ■ | | ■ | ■ |
| 19 | | 20 | ■ | 21 | | | | 22 |
| | ■ | 23 | | | ■ | | ■ | |
| | ■ | | ■ | ■ | 24 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**
1. सिंह, शेर-3
6. कृषि पैदावार-3
7. कमल सरोवर-5
8. बारीक-3
10. जरा, थोड़ा-2
12. वाराणसी-4
15. टूटना, तड़कना-4
17. शराब, मदिरा-2
19. बुद्धि, मति-3
21. सेवा,, चाकरी, देखभाल-5
23. कर्म, भाग्य-3
24. यज्ञ, होम-3

**ऊपर से नीचे**
2. आक्रमणकारी-5
3. समा, माहौल-3
4. आर्द्रता, नमी-3
5. चट्टान (अंग्रेजी-2)
6. अंतर, फर्क-3
9. षष्ठीपूर्ति, 60 वर्ष पूरे होना-3
11. नशा, खुमार-2
13. नरम, मुलायम-3
14. एक जैसा, समान-2
16. सार-संभाल-2,3
18. अनाथ, बेसहारा-3
19. खालिस, शुद्ध-3
20. फालिज, पक्षाघात-3
22. क्रोध, खीज, गुस्सा-2

**शब्द पहेली -7330 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बे | चा | रा | ■ | जी | व | न | ■ |
| कि | ला | ■ | ई | ■ | न | ■ | भ | ला |
| ता | ■ | क | स | र | त | ■ | ■ | य |
| ब | द | ला | ■ | थ | ■ | ह | ल | क |
| ■ | ■ | का | ष्ठ | ■ | म | नु | ■ | ■ |
| म | क्का | र | ■ | रा | ■ | मा | म | ला |
| ही | ■ | ■ | अ | न | ब | न | ■ | न |
| ना | ग | ■ | द | ■ | हा | ■ | भा | त |
| ■ | म | ल | ना | ■ | व | च | न | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 6872

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 24 | 18 | 21 | ■ | 20 | 23 | 7 | 12 | ■ |
| 15 | | 5 | | ■ | | 7 | | 4 | 16 |
| 15 | 2 | | 7 | ■ | 3 | | 2 | | 17 |
| 14 | | 2 | | ■ | | 9 | | 3 | 22 |
| 29 | 8 | | 6 | | 3 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 3 | | 7 | | 8 | 30 |
| 20 | 5 | | 9 | | ■ | | 5 | | 20 |
| 24 | | 8 | | 5 | ■ | 1 | | 7 | 16 |
| 25 | 3 | | 6 | | ■ | | 2 | | 10 |
| ■ | 13 | 21 | 21 | 24 | ■ | 18 | 23 | 28 | ■ |

**अंकजाल 6871 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 26 | 14 | 12 | ■ | 32 | 29 | 15 | 19 | ■ |
| 19 | 9 | 3 | 7 | ■ | 5 | 5 | 4 | 9 | 23 |
| 14 | 2 | 7 | 5 | ■ | 8 | 7 | 5 | 3 | 23 |
| 10 | 8 | 2 | ■ | 3 | 4 | 2 | 6 | 7 | 22 |
| 38 | 7 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 6 | 7 | 3 | 6 | 4 | 5 | 31 |
| 20 | 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | ■ | 8 | 8 | 16 |
| 23 | 5 | 8 | 6 | 4 | ■ | 6 | 8 | 7 | 21 |
| 21 | 3 | 5 | 6 | 7 | ■ | 3 | 2 | 7 | 12 |
| ■ | 10 | 18 | 29 | 31 | ■ | 9 | 22 | 27 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 5816

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | | 5 | | 1 | 6 |
| | 30 | 2 | 36 | | 32 | |
| 5 | | | 1 | 7 | | 4 |
| 6 | 38 | 4 | 34 | 1 | 26 | 5 |
| 4 | | 5 | 7 | | | 1 |
| | 31 | | 32 | 4 | 30 | |
| 2 | 3 | | 4 | | 6 | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5815 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 3 | 32 | 6 | 36 | 2 | 30 | 1 |
| 4 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 5 | 26 | 1 | 34 | 4 | 38 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 30 | 4 | 32 | 3 | 31 | 7 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का इतिहास

1974 पूर्वी बोगोटा, कोलंबिया में भूस्खलन से ढाई सौ लोग मारे गए.

1990 लिथुआनिया की संसद ने आजादी की घोषणा पर एक सौ दिन के लिए रोक लगा दी.

1992 अल्जीरिया की सत्तारूढ़ परिषद के प्रमुख मोहम्मद बोदफिया की हत्या हुई थी.

1993 पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाब शरीफ ने पंजाब प्रांत में आपात स्थिति की घोषणा की.

1999 कश्मीर में 17 मुसलमानों की उग्रवादियों ने हत्या की.

2002 लालकृष्ण आडवाणी उप प्रधान मंत्री बनाये गये.

2004 चौधरी शुजात हुसैन पाकिस्तान के नये प्रधानमंत्री बने.

2006 एन. गोपालस्वामी ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पद संभाला.

2007 ईरान-पाकिस्तान-इंडिया गैस पाइपलाइन पर समझौता.

## गणित पहेली - 5176

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | | 42 | | 3 | | 8 | = | 77 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 35 | | 15 | | 3 | | 50 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 25 | | 35 | | 1 | | 25 | = | 35 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 23 | | 3 | | 9 | | 4 | = | 15 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 7 | | 25 | | 10 | | 29 | = | 47 / 13 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

**गणित पहेली - 5175**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | + | 56 | - | 2 | - | 35 | = | 58 |
| - | ■ | - | ■ | + | ■ | - | ■ | - |
| 33 | - | 12 | + | 3 | - | 14 | = | 10 |
| + | ■ | - | ■ | x | ■ | - | ■ | + |
| 2 | x | 3 | - | 6 | + | 10 | = | 10 |
| + | ■ | + | ■ | - | ■ | x | ■ | - |
| 24 | ÷ | 2 | + | 12 | ÷ | 2 | = | 12 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 32 | + | 43 | - | 18 | - | 22 | = | 46 / 35 |

## शब्दजाल - 6863

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | रो | ज | गा | र | ह | ट | झ | क | चि |
| छ | च | र | ह | का | लै | ता | दि | शा | को | क |
| ट | र | ह | झि | का | म | गा | र | ला | ल | ना |
| प | म | दा | च | ल | क | ड़ | हा | अं | गा | र |
| टा | रा | द | ष | हा | मि | री | चि | स | र | ट |
| ह | ह | प | द | प | ह | ला | उ | ड़ | न | आ |
| श्रं | ट | बु | अं | गा | म | ट | ह | द | ह | गा |
| गा | जी | वा | ला | र | र | सौ | न | ट | गा | र |
| र | थो | तें | व | ह | ज | दा | ने | दा | र | र |
| र | ल | भं | गा | र | ट | ऐ | बें | न | रु | थो |
| त | ड़ | पा | ह | ट | ख | बे | गा | र | ह | ट |

शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'गार' शब्द लगा हो. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

रोजगार, कामगार, उदगार, भंगार, बेगार, पगार, मददगार, श्रंगार, आगार, अंगार

**शब्दजाल - 6862 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | क | रा | म | रा | ज | र | प | म |
| न | द | क | म | व | डो | ने | ग | ति | मा | हा |
| अ | रा | र | ला | ण | ग | अं | द | ह | प | रा |
| जी | ज | ल | का | रा | न | स | ध | ह | लि | ज |
| त | अ | अ | र | ज | जा | मे | ह | का | न | दे |
| अ | ना | का | र | व | प | धि | त | ह | र | वि |
| ए | स्व | रा | ज | व | अ | ला | रा | मा | न | रा |
| त | न | भा | र | प | र्व | त | रा | ज | वि | ज |
| रा | न | बा | अ | लं | का | र | ह | न | जू | दे |
| ज | का | ति | मा | न | सिं | ब्रा | रु | का | प | श |
| बां | र | मे | घ | रा | ज | स | त्ता | प | र | र |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय मंत्री ने शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की ली जानकारी



**रांचीः** दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के बाद केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। केंद्रीय ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि दिल्ली स्थित गंगाराम अस्पताल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भेंट कर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। ईश्वर से प्रार्थना है कि 'गुरुजी' शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ हों।

### चुनाव आयोग की नई प्रक्रिया से भाजपाई वोटर बढ़ेंगे, घटेंगे ईसाई-मुस्लिमों की वोटर : सुप्रियो



**रांचीः** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि देश में संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने की सोची-समझी साजिश चल रही है। बिहार से शुरू हुई नई वोटर सत्यापन प्रक्रिया का मकसद साफ है किसी हाल में भाजपा समर्थकों की संख्या बढ़ाना और दलित, आदिवासी, ईसाई व मुस्लिम समुदाय के वोटरों को सूची से बाहर करना। भट्टाचार्य शनिवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि, आगामी अगस्त 2025 से झारखंड में भी इसी तरह की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है, जिसमें नागरिकों से ऐसे दस्तावेज मांगे जाएंगे। जो ग्रामीण और गरीब तबके के पास नहीं हैं। कहा कि यूआईडी या ईपीआईसी कार्ड मान्य नहीं होंगे। 2003 के बाद के मतदाताओं को अपने निर्वाचन मंडल और माता-पिता की जन्मस्थली तक साबित करनी होगी। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था समाज को मतदान से वंचित करने, और राष्ट्रपति शासन की ज़मीन तैयार करने की कोशिश है। उन्होंने आरएसएस नेता दत्तात्रेय होसबोले के बयानों की आलोचना करते हुए कहा कि समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता को हटाने की बात संविधान की आत्मा पर प्रहार है।

### उपायुक्त ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों व बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जागरूकता रथ को किया रवाना



**जमशेदपुरः** जिले में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, प्रवासी श्रमिकों एवं बाल श्रम से जुड़े मुद्दों पर आमजन में जागरूकता लाने हेतु उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा समाहरणालय से श्रमिक जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे — ई-श्रम पंजीकरण, निर्माण श्रमिक निबंधन, श्रमिक सेवा योजना, प्रवासी श्रमिक सहायता योजना, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं आदि की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। साथ ही, उन्होंने बाल श्रम के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए कहा कि बाल श्रम एक सामाजिक अपराध है, जिसे समाप्त करने के लिए जन-जागरूकता आवश्यक है। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जागरूकता रथ विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में जाकर श्रमिकों को उनके अधिकारों, पंजीकरण प्रक्रिया तथा योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करे। रथ के माध्यम से ऑडियो-विजुअल सामग्री, पंपलेट आदि का वितरण कर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर डीटीओ, नियोजन पदाधिकारी तथा अन्य उपस्थित रहे।

### चाईबासाः झामुमो ने की संगठन को मजबूत करने के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति




**पश्चिम सिंहभूमः** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पश्चिमी सिंहभूम जिला समिति ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिले के विभिन्न प्रखंडों और नगर क्षेत्रों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। यह फैसला चाईबासा परिसदन भवन के सभागार में आयोजित जिला समिति की विशेष बैठक में लिया गया। इससे संबंधित जानकारी शनिवार को जारी की गई है। बैठक में जिले के प्रखंडों और नगर क्षेत्रों में सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इसमें पाया गया कि योजनाओं का लाभ सही समय पर और पारदर्शिता के साथ जरूरतमंदों तक पहुंचे, इसके लिए पार्टी संगठन की भूमिका को और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता है। इसी क्रम में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति का निर्णय लिया गया, जो अपने क्षेत्र में योजनाओं की निगरानी करेंगे और पात्र लाभार्थियों तक उनका लाभ पहुंचाने में सहयोग करेंगे। साथ ही वे संगठन के अन्य पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यों को गति देंगे।

# अंतराष्ट्रीय दौरे में शामिल फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का विशेष प्रतिनिधिमंडल पहुंचा वियतनाम

## झारखंड और हनोई में हुए समझौते से बढ़ेंगे व्यापार के अवसर : गटटानी

**रांचीः** अंतराष्ट्रीय दौरे में शामिल फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का विशेष प्रतिनिधिमंडल शनिवार को वियतनाम के हनोई में इंडियन चेम्बर ऑफ कॉमर्स इन वियतनाम, हनोई (इंचैम हनोई) के आमंत्रण पर पहुंचा। बैठक का मुख्य उद्देश्य दोनों संगठनों के बीच व्यापारिक सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और औद्योगिक निवेश की संभावनाओं को सुदृढ़ करना था।

उल्लेखनीय है कि इंचैम हनोई वियतनाम में भारतीय व्यापारिक समुदाय का प्रतिनिधित्व करनेवाला प्रमुख संगठन है। इसका उद्देश्य भारत और वियतनाम के बीच व्यापार, निवेश और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देना है। यह संस्था भारतीय दूतावास के सहयोग से व्यापारिक गतिविधियां, नेटवर्किंग इवेंट्स और द्विपक्षीय कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने में अहम भूमिका निभा रही है।

चेंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में इंचैम हनोई के साथ हुई वार्ता में झारखंड चेंबर के महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, विकास विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, शैलेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, रंजीत गाड़ोदिया और सदस्य मनोज मिश्रा शामिल थे।




### दीर्घकालिक सहयोग की नींव

**इस अवसर पर झारखंड चेंबर और इंचैम हनोई के बीच एक औपचारिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया जिसका उद्देश्य झारखंड और वियतनाम के व्यापारिक समुदाय के बीच दीर्घकालिक सहयोग की नींव रखना है। चेंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि झारखंड चेंबर और इंचैम हनोई के बीच हुआ यह समझौता न केवल द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देगा, बल्कि दोनों देशों के लघु, मध्यम और स्टार्टअप उद्यमों को वैश्विक अवसरों तक पहुंच प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आनेवाले वर्षों में वियतनाम के साथ झारखंड के व्यापारिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे। इससे राज्य के उद्यमियों को नए अवसर मिलेंगे।**

एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर इंचैम हनोई की ओर से चेयरमैन नवेंदु कुमार, वाइस चेयरमैन चैतन्य रेड्डी, जनरल सेक्रेटरी प्रभज्योत शर्मा और अन्य सदस्य मौजूद थे। उन्होंने झारखंड चेंबर के साथ इस साझेदारी को दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाई देनेवाला कदम बताया।

**भारत और वियतनाम में संबंधों का यह नया अध्याय शुरूः** चेंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि यह पहल झारखंड को अंतरराष्ट्रीय व्यापार मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह समझौता दोनों संगठनों को व्यापारिक मेल, निवेश सम्मेलनों, प्रतिनिधिमंडल यात्रा, तकनीकी सहयोग, स्टार्टअप एक्सचेंज और सांस्कृतिक साझेदारी जैसे विविध क्षेत्रों में साथ मिलकर कार्य करने की दिशा में प्रतिबद्ध करता है।

इंचैम हनोई के चेयरमैन नवेंदु कुमार ने झारखंड के साथ सहयोग को लेकर गहरी रुचि और उत्साह प्रकट करते हुए कहा कि भारत और वियतनाम के बीच संबंधों का यह नया अध्याय व्यापार और सांस्कृतिक समृद्धि की नई मिसाल बनेगा। सह सचिव विकास विजयवर्गीय और नवजोत अलग ने संयुक्त रूप से कहा कि यह समझौता झारखंड के उद्यमियों के लिए वैश्विक मंचों पर प्रतिस्पर्धा करने का एक सुनहरा अवसर है। यह पहल झारखंड चेंबर की दूरदर्शिता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में समर्पण को दर्शाता है। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

## झारखंड की जेलों का होगा कायाकल्प, एक क्लिक से मिलेगा कैदियों का डाटा

**रांचीः** झारखंड में कुल 32 जेल हैं. इनमें सात केंद्रीय कारा, 16 जिला जेल, 07 सब-जेल, 01 ओपन जेल और 01 बोर्स्टल स्कूल शामिल हैं. इन जेलों को मॉडर्न करने की कवायद शुरू हो गई है। गृह विभाग ने प्रिजनर मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर और ऑडियो-वीडियो कम्यूनिकेशन सिस्टम के लिए 26.41 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है. जेल आईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल ने ईटीवी भारत को बताया कि राज्य के जेलों को मॉडर्न टेक्नोलॉजी से लैस किया जा रहा है. इससे व्यवस्था को सुचारु तरीके से संचालित करने में मदद मिलेगी. कैबिनेट से इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद गृह विभाग ने प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है. अब बहुत जल्द कियोस्क बेस्ड सिक्योर ऑडियो-वीडियो कम्यूनिकेशन सिस्टम और



प्रिजनर मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर लगाने के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**क्या होता है प्रिजनर मैनेजमेंट सॉफ्टवेयरः** प्रिजनर मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर यानी PMS को जेल प्रबंधन सूचना प्रणाली यानी PMIS भी कहा जाता है. इस सॉफ्टवेयर के जरिए कैदियों के प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियां संचालित होती हैं. यह जेलों की दक्षता, पारदर्शिता और सुरक्षा बढ़ाने में मदद करता है. इसके जरिए कैदियों का पंजीकरण, बायोमेट्रिक से कैदियों की पहचान, कैदियों की सुरक्षा और निगरानी, कैदियों का चिकित्सा रिकॉर्ड, कैदियों की कोर्ट में उपस्थिति, कैदियों की रिहाई और स्थानांतरण, कैदियों की संख्या का डिटेल एक बटन दबाते ही मिल जाता है. इस सॉफ्टवेयर की बदौलत दूसरी संस्थाओं के साथ कैदियों को लेकर प्रभावी समन्वय बनाने में मदद मिलती है.

**क्या है कियोस्क बेस्ड सिक्योर ऑडियो-वीडियो सिस्टमः** जेलों की सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से कियोस्क बेस्ड सिक्योर ऑडियो-वीडियो कम्यूनिकेशन सिस्टम बेहद खास होता है. बोलचाल की भाषा में कियोस्क का मतलब होता है खुला हुआ ढांचा या बूथ. इससे कैदी से मुलाकात करने वाले कियोस्क से जुड़े ऑडियो-वीडियो सिस्टम से बात कर सकते हैं. आमतौर पर हॉलीवुड की फिल्मों में इस सिस्टम के जरिए कैदी की परिजन से बात करते हुए का सीन देखने को मिलता है. इससे प्राइवेसी भी भंग नहीं होगी. साथ ही कैदियों को जेल से ही कोर्ट में ऑनलाइन पेश किया जा सकेगा. सबसे ज्यादा सेंट्रल जेल, हजारीबाग में पांच PMS और पांच ऑडियो-वीडियो कियोस्क लगाए जाएंगे. इसके अलावा सेंट्रल जेल गिरिडीह में तीन पीएमएस और चार एवी कियोस्क, सेंट्रल जेल, मेदिनीनगर में चार पीएमएस और पांच एवी कियोस्क, सेंट्रल जेल, देवघर में दो पीएमएस और तीन एवी कियोस्क लगाए जाएंगे. इसी तरह अन्य जेलों में कैदियों की क्षमता और जरुरत के हिसाब से सिस्टम और सॉफ्टवेयर लगाए जाएंगे।

### शिबू सोरेन से मिलने गंगाराम अस्पताल पहुंचे संजय सेठ



**रांची/ नई दिल्लीः** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने शनिवार को नई दिल्ली में सर गंगाराम अस्पताल जाकर राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुलाकात के बाद सेठ ने बताया कि दिशोम गुरु के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। बहुत जल्द ही वो झारखंड को आशीर्वाद देने हम सबके बीच होंगे।

### स्वर्गीय के के सिंह के जयंती पर मेगा रक्तदान शिविर आयोजित, 170 यूनिट रक्त हुआ संग्रह

**जमशेदपुरः** समाज के लिए जिन्होने किया है या समाज को जिन्होने दिया है, उनका ही नाम समाज उनके जाने के बाद भी लेता है। आज स्व. के. के. सिंह की जयंती पर उनको हम याद कर रहे हैं तो यह भी याद कर रहे हैं कि उन्होने किस तरह से अपने आस पास के सामाजिक जीवन के उत्थान के लिए कार्य किया। उक्त विचार झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने जमशेदपुर स्थित रेड क्रॉस भवन में स्व. के. के. सिंह की जयंती पर आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किया। श्री दास ने कहा कि निजी जीवन की भव्यता को समाज कभी याद नहीं करता चाहे वह व्यक्ति कितना भी धनाड्य क्यों न हो। उन्होने कहा



कि स्व. के. के. सिंह का समाजिक जीवन एक खुली किताब है, जो भी उनके विषय में बात करते हैं उनकी उदारता और विनम्रता की ही बात करते हैं। इस अवसर पर जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने उपस्थित होकर रक्तदाताओं को पुष्पगुच्छ प्रदान हौसला बढ़ाया । इस दौरान उन्होने कहा कि रक्तदान के माध्यम से हम दूसरो का जीवन बचा सकते हैं , यह एक अनमोल दान है, जिसकी कीमत उसी को पता होती है, जिस परिवार को रक्त की जरुरत पड़ती है।

### ट्रेन की चपेट में आने से होमगार्ड महिला जवान के दोनों पैर कटे, हालत गंभीर

**पलामूः** ट्रेन की चपेट में आकर होमगार्ड महिला जवान का दोनों पैर काटने के बाद उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। होमगार्ड महिला जवान की पहचान पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दुअरा गांव निवासी वीरेंद्र यादव की पुत्री अनुराधा कुमारी (20) के रूप में की गई है। घटना के बारे में घायल महिला होमगार्ड जवान के पिता वीरेंद्र यादव ने शनिवार को बताया कि अनुराधा कुमारी गिरिडीह में ड्यूटी करती थी। होमगार्ड ऑफिस से अनुराधा कुमारी का कमान देवघर के लिए कटा था। देवघर ड्यूटी करने के लिए अनुराधा अपने घर से ट्रेन पर सवार होकर मेदिनीनगर होमगार्ड ऑफिस अपना कमान लेने जा रही थी। इसी बीच कोसीआरा रेलवे स्टेशन के पास किसी काम के लिए अनुराधा ट्रेन से उतरी थी। तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गई, जिसके कारण उसके दोनों पैर कट गए। स्थानीय लोगों की भीड़ ने इस घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर घायल अनुराधा कुमारी को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।




## बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ कराएगा 1000 भक्तों की कांवर यात्रा

### बस, धर्मशाला, स्वास्थ्य सुविधा, भोजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम निःशुल्क रहेगी

**जमशेदपुरः** सावन महीने में बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ की ओर से इस वर्ष भी निःशुल्क कांवर यात्रा का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को साकची स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने बताया कि 25 जुलाई को 1000 शिवभक्तों का जत्था कांवर यात्रा के लिए जमशेदपुर से सुल्तानगंज के लिए रवाना होगा। पंजीयन प्रक्रिया एक जुलाई से शुरू होगी और यह पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। 18 वर्ष से अधिक और 60 वर्ष से कम उम्र के लोग ही यात्रा के लिए पंजीयन कर सकेंगे। सभी पंजीकृत यात्रियों को फोटो और मोबाइल



नंबर सहित पहचान पत्र जारी किया जाएगा, जिससे हर जगह प्रवेश सुनिश्चित होगा। यात्रा के दौरान बस, धर्मशाला, स्वास्थ्य सुविधा, भोजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था पूरी तरह निशुल्क रहेगी। कांवरिए 25 जुलाई को बस, ट्रेन और छोटी गाड़ियों से सुल्तानगंज पहुंचेंगे, जहां उत्तरवाहिनी गंगा से जल भरकर पैदल देवघर के लिए रवाना होंगे। बाबा बैद्यनाथ को जल अर्पण करने के बाद जत्था बस से बाबा बासुकीनाथ धाम जाएगा और वहां जल अर्पण कर लौटेगा। यात्रा की अवधि कुल आठ दिन की होगी। पंजीयन के लिए मानगो में किशोर बर्मन (8540986994), सोनारी में कृष्णा सिंह (7870910175) और आशुतोष सिंह (9334644378), कदमा में अरविंद महतो (8210320937) से संपर्क किया जा सकता है।

विकास सिंह ने बताया कि कांवरियों की पहचान के लिए विशेष ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है, ताकि यात्रा के दौरान कोई भी कांवरिया अपने जत्थे से बिछड़े नहीं। यात्रा में सोनारी, कदमा, बिष्टुपुर, साकची और मानगो के भक्त शामिल होंगे। ठहराव स्थलों को आरक्षित कर लिया गया है और हर ठहराव पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसके लिए मध्यप्रदेश के रीवा से कलाकार बुलाए गए हैं, जो असरगंज स्थित बिहार सरकार के पर्यटन विभाग के धांधी बिलारी भवन में बाबा बैद्यनाथ की कथा की जीवंत झांकी प्रस्तुत करेंगे। संवाददाता सम्मेलन में विकास सिंह, रामअवदेश चौबे, अरविंद महतो, आशुतोष सिंह व अन्य उपस्थित थे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मेदार।